

नामांकन दाखिल करते समय सतर्क रहें तृणमूल प्रत्याशी अफसर कर सकते हैं खारिजः ममता - 10




मार्च में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ जीएसटी संग्रह - 10



क्रीमिया में रूसी सेना का विमान क्रैश, 29 की मौत - 11



केकेआर के स्पिनरों को सनराइजर्स के खिलाफ दिखाना होगा दम- 12


आज का मौसम

37.0°
अधिकतम तापमान

26.0°
न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.59

सूर्यास्त 06.26


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 07:41 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 2 अप्रैल 2026, वर्ष 36, अंक 54, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये





# नेपाल जा रहे एलपीजी टैंकर में रिसाव, हाईवे पर लगा लंबा जाम

## शहर कोतवाली क्षेत्र के असैनी मोड़ के पास अचानक रिसने लगी गैस, मचा हड़कंप

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** बुधवार शाम करीब छह बजे नेशनल हाईवे पर नेपाल जा रहे एलपीजी गैस टैंकर में अचानक रिसाव शुरू हो गया। रिसाव रोकने का कोई उपाय न होने से चालक खलासी दूर खड़े हुए। वहीं पहुंची पुलिस ने दोनों ओर का आवागमन रोक दिया। इसके कारण कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया था। लखनऊ से पहुंची टीम देर रात तक रिसाव रोकने के प्रयास में जुटी हुई थी। इस घटना से कई किलोमीटर लंबे जाम ने पुलिस के पसीने छुड़ा दिए। भारी वाहनों को रोक दिया गया है जबकि छोटे वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, मथुरा से चला एलपीजी टैंकर नेपाल के लिए जा रहा था। बुधवार को अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत असैनी मोड़ के पास बुधवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब इस टैंकर में अचानक गैस रिसाव शुरू हो गया। यह रिसाव सेफ्टी वाल्व का डिप गेज उड़ने से हुआ। चलते टैंकर से गैस लीक होने के की जानकारी होते ही चालक गुरुप्रीत ने टैंकर रोक दिया और खलासी के साथ दूर चला गया। उसने बताया कि टैंकर में करीब 18 टन एलपीजी है। यह खबर फैलते ही जिला पूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी, शहर कोतवाल सुधीर सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। सतर्कता बरतते हुए दोनों ओर का यातायात रोक दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टैंकर के ऊपर लगे ढक्कन से गैस निकलती देख आसपास मौजूद लोगों में आशंका घर कर गई। टैंकर से सभी को काफी दूर कर दिया गया। देखते ही देखते हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही पहुंची दमकल की टीम ने रिसाव स्थल पर पानी डालना शुरू कर दिया। आसपास के इलाके को खाली करा लिया गया है और लखनऊ से विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई।



गैस टैंकर पर पानी डालते अग्निशमन कर्मचारी। ● अमृत विचार

# सिलेंडर लदे ट्रक के नीचे लेटकर जताया विरोध

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** 15 दिन से गैस सिलेंडर मिलने का इंतजार कर रहे एक उपभोक्ता के सब्र का बांध आखिर टूट ही गया। एजेंसी पहुंचा पीड़ित सिलेंडर लदे ट्रक के नीचे लेट गया। उसने एजेंसी पर न सिर्फ आरोप लगाए बल्कि सीएम पोर्टल पर भी शिकायत की।

दरियाबाद थाना क्षेत्र में बुधवार को रसोई गैस वितरण व्यवस्था को लेकर एक उपभोक्ता ने विरोध जताया। कुशफर निवासी अशोक सिंह पहले गैस एजेंसी के बाहर खड़े सिलेंडर लदे ट्रक के नीचे लेट गया। इससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया, वहीं राहगीरों की भीड़ जुट गई। पीड़ित अशोक के अनुसार उन्होंने 15 मार्च को गैस सिलेंडर बुक कराया था और 16 मार्च को डीएसी कोड भी मिल गया था, इसके बावजूद उन्हें कई दिनों तक मिर्जापुर स्थित वितरण केंद्र के चक्कर लगाने पड़े। आरोप है कि मंगलवार को भी उन्हें लंबी लाइन में खड़ा रखा गया,


सिलेंडर लदे ट्रक के नीचे लेटकर विरोध दर्ज कराता उपभोक्ता। ● अमृत विचार

जबकि एजेंसी कर्मचारी पीछे के रास्ते से अन्य लोगों को सिलेंडर उपलब्ध कराते दिखे। यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर उनसे गैस सिलेंडर देने के बदले 2000 रुपये की मांग की गई। बताया कि इस संबंध में उन्होंने 31 मार्च को आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। घटना के दौरान कुछ समय के लिए वितरण कार्य प्रभावित हुआ। मौके पर मौजूद लोगों ने भी गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

## सरकारी स्कूल ज्ञान के बेहतर केंद्र: अंगद सिंह



रैली को हरी झंडी दिखाते एमएलसी व अन्य अतिथि। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोठीडीह में कक्षा 8 के विद्यार्थियों की विदाई एवं कक्षा 6 के नवप्रवेशी छात्रों के स्वागत के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद सिंह ने स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालय अब ज्ञान और तकनीक के मजबूत केंद्र बन चुके हैं, जहां योग्य और प्रशिक्षित शिक्षक विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि एडी बेसिक संतोष कुमार देव पांडेय ने शिक्षकों की कार्यशैली की सराहना की, जबकि बीएसए नवीन कुमार पाठक ने कहा कि हर बच्चे को शिक्षित कर अच्छा नागरिक बनाना सरकार का उद्देश्य है। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी देवा सुनील गौड़, बंकी चंद्रशेखर यादव, निंदूरा सुषमा सेंगर, मसौली जैनेन्द्र कुमार गुप्ता, प्रधानाध्यापिका रवि बाला सिंह, सहायक इंजीनियर विश्वजीत राय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## स्कूल का हुआ भव्य शुभारंभ


शुभारंभ करते संस्थापक एवं सेवानिवृत्त पशुधन अधिकारी। ● अमृत विचार

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** पिपरी महार स्थित चन्द्रोदय इंटरनेशनल स्कूल के शुभारंभ अवसर पर बुधवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक डॉ. उदयवीर मिश्रा एवं सेवानिवृत्त पशुधन अधिकारी श्याम मणि त्रिपाठी ने किया। इस दौरान शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम व हनुमान के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। विद्यालय परिसर में श्रीराम दरबार सजाया गया, जहां विद्यार्थियों ने भजन प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षिकाओं के समूह ने सुंदरकांड की चौपाइयों का संगीतमय वाचन कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अंत में हनुमान जी की आरती के बाद भंडारे का आयोजन हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। कार्यक्रम में अनुपम मिश्रा, उत्तम पाण्डेय, अनिकेत अवस्थी, मुकुल मिश्रा, मृदुल मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन कॉलोनी में मिला आईटीआई छात्र का शव

**रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में आईटीआई के छात्र का शव संदिग्ध परिस्थितियों में निर्माणाधीन कॉलोनी में फांसी के फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम रामपुर महा सिंह निवासी रामकुमार का 18 वर्षीय पुत्र सूरज बाराबंकी के जहांगीराबाद में आईटीआई की पढ़ाई कर रहा था और अपने एक रिश्तेदार के यहां रह रहा था। विद्यालय में छुट्टियां होने के कारण वह कुछ दिन पहले ही अपने गांव आया था।

बताया गया कि बुधवार शाम उसकी मां गांव के पास स्थित निर्माणाधीन कॉलोनी के पास गौवंशों को चारा देने गई थीं। इसी दौरान उन्होंने देखा कि दरवाजे में रस्सी के सहारे सूरज का शव लटका हुआ है। यह दृश्य देखते ही वह बदहवास हो गयीं। घटना की सूचना मिलते ही परिवार वाले और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और युवक को फंदे से नीचे उतार लिया। आनन-फानन में परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# ट्रेन से कटकर अवैध वेंडर की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बुधवार सुबह बाघ एक्सप्रेस पर समोसा बेचने चढ़ा अवैध वेंडर उतरते समय पैर फिसलने से ट्रेन के नीचे आ गया औरर उसकी मौत हो गई। सूचना पर आरपीएफ व जीआरपी मौके पर पहुंची पर मृतक के वेंडर होने से इंकार कर दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र में दक्षिण टोला बंकी निवासी इम्तियाज (35) ट्रेन पर वेंडर का काम करता था, हालांकि वह अधिकृत नहीं था। बुधवार की सुबह करीब आठ बजे बाघ एक्सप्रेस प्लेटफार्म चार पर आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चलती ट्रेन पर इम्तियाज चढ़ गया। ट्रेन चलने को हुई और स्पीड पकड़ ली। इसी बीच वेंडर इम्तियाज सामान समेत उतरने लगा पर उसका पैर फिसला और वह ट्रेन के पहियों के नीचे आ गया। आरपीएफ से उपनिरीक्षक रवि मिश्र व जीआरपी मौके पर पहुंची। इस बीच मृतक का सामान वहां से गायब हो गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उधर घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे।

# हादसों में एक की मौत, पांच घायल

**रफ्तार की मार**

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** बुधवार को हुए सड़क हादसों में पत्थर से टकराने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य हादसों में पांच लोग घायल हो गए।

हैदरगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार, हादसा कोतवाली क्षेत्र के पोखरा कस्बे के पास बुधवार शाम हुआ। दतौली गांव निवासी 24 वर्षीय प्रदीप कुमार बाइक से शिवगढ़ से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह अम्बरगंज मोड़ के पास पहुंचे, उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पड़े पत्थर से टकरा गई। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।


हादसे में क्षतिग्रस्त बस।

वहीं, गुरुवार सुबह लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर धरसानिया मोड़ के पास सड़क हादसा हो गया। लखनऊ से गोंडा जा रही एक यात्री बस की मौरंग से लदे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई, यही नहीं पीछे चल रही एक कार भी बस में जा घुसी। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया।

इस दुर्घटना में बस में सवार चार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया, जहां उनका इलाज जारी है। रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार जिला बलरामपुर निवासी जवाहर वर्मा पुत्र राम आधार बेंगलुरु से अपने घर लौट रहा था। वह रोडवेज बस से गांव जा रहा था। जैसे ही बस थाना क्षेत्र के ग्राम दलसरांय के पास बाराबंकी-गोण्डा हाईवे स्थित एक ढाबे के करीब पहुंची, अचानक जवाहर चलती बस से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हैरानी की बात यह रही कि बस काफी दूर तक आगे निकल गई। बाद में बस में सवार अन्य यात्रियों ने घटना की जानकारी चालक को दी, तब जाकर बस रोकी गई। उधर, मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को एंबुलेंस की मदद से तुरंत सीएचसी रामनगर पहुंचाया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

## घमंड बनता है पतन का कारण

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** नेवला चौराहा स्थित निहारिका पब्लिक स्कूल परिसर में चल रही सात दिवसीय श्रीराम कथा के सातवें दिन बुधवार को कथाव्यास महेन्द्र मृदुल ने परमार्थ और विनम्रता का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति द्वारा किए गए परमार्थ के कार्य युगों-युगों तक याद किए जाते हैं। समुद्र पर सेतु निर्माण के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने गिलहरी के छोटे से योगदान को भगवान श्रीराम की कृपा प्राप्ति का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि आज भी गिलहरी की पीठ पर भगवान श्रीराम की उंगलियों के निशान अंकित हैं। कथाव्यास ने घमंड को पतन का कारण बताते हुए कहा कि रावण के अभिमान ने उसकी स्वर्ण लंका को विनाश की ओर पहुंचा दिया। साथ ही उन्होंने भगवान राम के 14 वर्ष वनवास के बाद माता जानकी के साथ अयोध्या लौटने, भरत-राम मिलाप और राज्याभिषेक के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। कथा श्रवण करने वालों में राघवेंद्र वर्मा, आशुवेंद्र, मास्टर ओमप्रकाश वर्मा, रमेश प्रसाद (कौशांबी), प्रवीण कुमार, अमर सिंह, आशीष कुमार वर्मा, उत्तम वर्मा और वीरपाल सिंह सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।


कथा सुनाते कथाव्यास महेन्द्र मृदुल।

# पानी आपूर्ति ठप होने पर भाकियू का धरना

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के तहत जहांगीराबाद के गनौरा क्षेत्र में पानी सप्लाई न होने को लेकर भारतीय किसान यूनियन (हरपाल गुट) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया। विक्रांत सैनी ने बताया कि 22 मार्च को गनौरा में बनी पानी की टंकी में लगे सोलर पैनल का केबल चोरी हो गया था। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दो दिन में पानी सप्लाई बहाल नहीं हुई तो 3 अप्रैल को जल शक्ति मंत्री के आवास का घेराव किया जाएगा। धरना स्थल पर पहुंचे जल निगम के अधिशासी अभियंता अमित कुमार ने सप्लाई शुरू कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद धरना समाप्त हुआ। किसानों ने आलू का समर्थन मूल्य 1200 रुपये प्रति कुंतल घोषित करने की मांग को लेकर डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा। धरने में जिला महासचिव अरविंद यादव, नरेंद्र यादव, सहित अन्य मौजूद रहे।

# जनसमस्याओं का करें त्वरित समाधान : शर्मा


बैठक करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। ● अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने बुधवार दोपहर सिरौलीगौसपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रधानों के साथ बैठक की। बैठक लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में हुई, जिसमें मंत्री ने उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनी और उनके समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज और खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता भी मौजूद रहे। मंत्री ने अधिकारियों को कार्यकर्ताओं और ग्राम प्रधानों की समस्याओं को नोट करने और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष दरियाबाद के पवन कुमार वर्मा, लवकुश वर्मा, सिरौलीगौसपुर के पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे, प्रधान संघ अध्यक्ष विकेश वर्मा, ग्राम प्रधान अनिल वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, शैलेंद्र विक्रम शुक्ला, दयाशंकर शुक्ल, कुशमेश कुमार तथा भाजपा नेता पुष्पेंद्र शुक्ला, अंशु, प्रदीप द्विवेदी सहित दर्जनों कार्यकर्ता व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# अगवा कर युवक पर चढ़ाया ऑटो

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** आठ हजार रुपये की उधारी के विवाद में एक युवक का अपहरण किया गया। आरोप है कि पहले घर ले जाकर पीटा गया फिर उस पर आटो चढ़ाया गया। मरणासन्न हालत में उसे सीएचसी से लखनऊ रेफर किया गया। घायल निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है।

बसारा होलीतलिया की जरीना बानो ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसके पति गयास ने सुशील सिंह से करीब 8 हजार रुपये उधार लिए थे। तंगी के चलते वह समय पर वापस नहीं कर सके। 25 मार्च की रात 9 बजे गयास घर लौट रहे थे, तभी सुशील सिंह, कल्लू सिंह और जितेंद्र सिंह ने उन्हें जबरन ऑटो में बैठा लिया। आरोपियों ने पहले उन्हें अपने घर के पास ले जाकर बुरी तरह पीटा और फिर इसरौली चौराहे के पास ले जाकर जान से मारने की नीयत से ऑटो चढ़ा दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों ने घायल सीएचसी देवा पहुंचाया।

# गंदगी और जंग लगे स्ट्रेचर से मरीजों की सुरक्षा खतरे में

**लापरवाही**

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेही घाट में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चिंताजनक बनती जा रही है। अस्पताल में मरीजों के लिए उपयोग होने वाले स्ट्रेचर पर जगह-जगह खून के धब्बे और जंग लगे होने की स्थिति सामने आई। जिससे न केवल संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है बल्कि मरीजों की सुरक्षा भी दांव पर है।

स्थानीय लोगों और मरीजों के परिजनों का कहना है कि अस्पताल में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। नियमित सफाई और सैनिटाइजेशन की कमी के कारण अस्पताल परिसर में जगह-जगह गंदगी फैली हुई है। मरीजों को अस्वच्छ वातावरण का भी सामना करना पड़ रहा है। मरीजों के परिजनों के मुताबिक जिस


सीएचसी में मौजूद गंदा स्ट्रेचर।

स्ट्रेचर पर मरीज लाए और ले जाए जाते हैं, वही संक्रमण फैलाने का स्रोत बन चुके हैं। स्थानीय लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों से अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था सुधारने और जंग लगे उपकरणों को तुरंत बदलने की मांग की है। वहीं इस मामले में बाराबंकी के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि वह सीएचसी अधीक्षक से मामले की जानकारी लेंगे। यदि कोई लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एकाग्रता और लक्ष्य प्राप्ति का दिया संदेश


हवन-पूजन करते प्रधानाचार्य व अन्य। ● अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारंभ वंदना सभा और हवन-पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति का मूल मंत्र ज्ञानेन्द्रियों का केंद्रीकरण है। उन्होंने कहा कि जब हम अपनी समस्त चेतनाओं को एकाग्र कर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो जीवन के श्रेष्ठ और उत्कृष्ट लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। वंदना सभा को उन्होंने मन और मस्तिष्क के विकारों को दूर कर एकाग्रता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताया। प्रधानाचार्य ने बताया कि हवन के दौरान मां गायत्री और महामृत्युंजय मंत्रों के उच्चारण से विवेक को सन्मार्ग पर चलाने और जीवन के उद्देश्य को पूर्ण करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम की शुरुआत मां वीणापाणि की वंदना से हुई, जिसके बाद आचार्यों और छात्र-छात्राओं ने हवन-पूजन में भाग लिया। इस दौरान आचार्य वीरेन्द्र शर्मा सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# हादसे के बाद युवक से मारपीट और लूटपाट

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक सड़क हादसे के बाद युवक के साथ मारपीट और लूट की सनसनीखेज घटना सामने आई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम रेन्दुआ पल्हरी निवासी नरेन्द्र प्रताप सिंह अपने मित्र सुहेल के साथ कार से ओम मोटर्स की ओर भुगतान करने जा रहे थे। इसी दौरान अवध मॉल के सामने अचानक सामने से आई एक बाइक को बचाने के प्रयास में उन्होंने कार दाहिनी ओर मोड़ दी। तभी उधर से आ रही अनियंत्रित बाइक व स्कूटी से उनकी कार की टक्कर हो गई। हादसे में कार व अन्य वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। आरोप है कि भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने नरेन्द्र को कार से खींचकर बाहर निकाला और मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने उन्हें घसीटकर एक पेड़ के पास ले जाकर डंडों, लात-घूंसों से पीटा।

इसी दौरान दो आरोपियों ने पीड़ित की सोने की चेन और लगभग 56 हजार रुपये नकद लूट लिये। मारपीट के दौरान हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपी फरार हो गए।

पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए वायरल वीडियो व फुटेज के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों कौशलेन्द्र सिंह, सिद्धार्थ सोनी और विशाल समेत अन्य अज्ञात साथी के खिलाफ पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# युवक पर हमला, करणी सेना पर आरोप

**बाराबंकी: अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में एक युवक की पिटाई कर दी गई, मारपीट का आरोप करणी सेना के कार्यकर्ताओं पर लगा है। मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम बस्ती निवासी तुलसीराम ने एसपी से की गई शिकायत में बताया कि 28 मार्च को राजन सिंह उनकी दुकान पर आया और गालियां देते हुए कहा कि तुम्हारे नेता चंद्रशेखर रावण का पुतला जला दिया, अब तुम लोगों को भी जला देंगे। विरोध पर आरोपी ने कॉलर पकड़कर लात-घूंसों से मारपीट की।पीड़ित के अनुसार ग्रामीणों ने बीच-बचाव कराया, लेकिन कुछ देर बाद आरोपी अपने भाई राहुल सिंह और साथियों के साथ लाठी-डंडों व धारदार हथियार लेकर उसके घर पहुंच गया। आरोप यह कि मौके पर पहुंची पुलिस ने ठोस कार्रवाई नहीं की। यहां तक कि जब पीड़ित परिवार पुलिस चौकी पहुंचा, तो आरोपियों ने वहां भी गालियां दीं।


मूर्खिस्तान की गठित नई सरकार। ● अमृत विचार

## मूर्खिस्तान की 42वीं सरकार का किया गया गठन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** 42 वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मूर्खिस्तान में भव्य शोभायात्रा और बकवास सम्मेलन के बीच 42वीं सरकार का गठन किया गया। लखपेड़ाबाग लॉन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति अशोक सैनी ने मंत्रियों को 'पद दुरुपयोग' की शपथ दिलाई। संचालन रत्नेश कुमार ने किया और उन्होंने नई सरकार के गठन का प्रस्ताव पेश किया। नई सरकार में अशोक सैनी राष्ट्रपति, डॉ. फिदा हुसैन प्रधानमंत्री, केके द्विवेदी और कपिल यादव उप प्रधानमंत्री चुने गए। विभिन्न 'विनाशकारी' विभागों का भी गठन किया गया, जिनमें अन्याय बढ़ाओ मंत्री अधिवक्ता अखिलेश, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रवि आहूजा, कर्मचारी विनाश मंत्री बाबूलाल, गृहमंत्री शिवकरन सिंह, कामचोर बेकारी बढ़ाओ मंत्री रमेशचंद्र, शिक्षा विनाश मंत्री डॉ. अंबरीश 'अंबर', युवा बिगाड़ मंत्री साहब नारायण और कृषि एवं उद्यान विनाश मंत्री अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू' शामिल रहे। महिला कल्याण विभाग का जिम्मा सनत कुमार अनाड़ी को सौंपा गया। सूचना एवं प्रसारण विभाग रत्नेश कुमार, सहकारिता विनाश मंत्री धीरेन्द्र वर्मा, सड़क विनाश मंत्री नवीन सिंह राठौर, बाल विनाश एवं परिवार घटाओ मंत्री दीनानाथ तथा एंटीरोमियो बढ़ाओ मंत्री दीपक दिवाकर बनाए गए। इसी क्रम में साहित्य मिटाओ मंत्री ओपी वर्मा, जल जीवन घटाओ मंत्री दिनेशचंद्र रावत, माफिया बढ़ाओ मंत्री धीरज गुलसिया, ग्राम्य विनाश मंत्री वीरेन्द्र कुमार, वन विनाश मंत्री शुभम सैनी, कानून विनाश मंत्री एडवोकेट बृजेश दीक्षित, जल प्रदूषण बढ़ाओ मंत्री बलराम और पंचायतीराज मंत्री रामानंद ने भी शपथ ली।

# शराब की दुकान के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** सरकारी प्राथमिक विद्यालय के सामने घनी आबादी वाले क्षेत्र में प्रस्तावित शराब की मॉडल शॉप के विरोध में लोगों और महिलाओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि यह क्षेत्र रिहायशी है। प्रस्तावित दुकान के सामने विद्यालय स्थित है तथा करीब 200 मीटर दूरी पर मंदिर भी है, जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं। नागरिकों ने आशंका जताई कि शराब की दुकान खुलने से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा, शोर-शराबा, झगड़े और महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा पर खतरा बढ़ सकता है, जिससे कानून व्यवस्था भी प्रभावित होगी। इस दौरान शशि सोनी, दुर्गेश सिंह, दिलीप, सरोज, सुनीता, शैल सिंह, रंजना सोनी, बिनी सोनी, राजकुमार सोनी, संजीत गोयल सहित करीब 30 लोग मौजूद रहे।

## मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय कटका में समग्र प्रगति पत्र वितरण और मेधावी छात्रों के सम्मान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष लालता प्रसाद और प्रधानाध्यापक उदय भान यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ किया। कक्षा 1 से 5 तक के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 5 में अंश रावत, पारुल और उम्मे हानी, कक्षा 4 में रुचि, श्रेया पटेल और सबनाज फातिमा, कक्षा 3 में रागिनी, आशीष यादव और कायनात, कक्षा 2 में शाहनवाज, सृष्टि और सलमा तथा कक्षा 1 में अनुप्रिया पटेल, एजाद और सोम को सम्मानित किया गया। सभी सफल विद्यार्थियों को लालता प्रसाद और उदय भान यादव ने सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में दिलीप तिवारी, प्रीति, मुबाशिरा खातून आदि मौजूद रहे।

## उर्वरक निगरानी समिति का गठन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए जनपद, तहसील, विकास खंड और पंचायत स्तर पर उर्वरक निगरानी समितियां गठित की हैं। इन समितियों में कृषि अधिकारी, सहकारिता अधिकारी, गन्ना अधिकारी, तहसीलदार और क्षेत्रीय कर्मचारी शामिल किये गए हैं। जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने बताया कि समितियों का कार्य निजी व सहकारी उर्वरक विक्रेताओं का निरीक्षण करना, निर्धारित मूल्य पर बिक्री सुनिश्चित करना, स्टॉक व बिक्री रजिस्टर और पॉश मशीन के अनुसार उर्वरक का सत्यापन करना तथा किसानों से फीडबैक लेना होगा। किसी भी अनियमितता पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कानूनी कार्रवाई होगी।



■ नामांकन दाखिल करते समय सतर्क रहें तृणमूल प्रत्याशी अफसर कर सकते हैं खारिज: ममता - 10




■ मार्च में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ जीएसटी संग्रह - 10



■ क्रीमिया में रूसी सेना का विमान क्रैश, 29 की मौत - 11



■ केकेआर के स्पिनरों को सनराइजर्स के खिलाफ दिखाना होगा दम- 12

आज का मौसम
37.0° अधिकतम तापमान
26.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.59
सूर्यास्त 06.26

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 07:41 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 2 अप्रैल 2026, वर्ष 36, अंक 54, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

## झटका : दोगुनी हुईं एटीएफ की कीमतें, घरेलू एयरलाइंस के लिए 8.5% वृद्धि

- पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच कच्चा तेल 100 डॉलर के पार चले जाने के बाद विमान ईंधन की कीमतों में किया गया बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक स्तर पर तेल कीमतों में आए उछाल के कारण एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी विमान ईंधन की कीमत बुधवार को बढ़ाकर रिकॉर्ड 2.07 लाख रुपये प्रति किलोलीटर से अधिक कर दी गई। हालांकि, घरेलू विमानन कंपनियों को अन्य संचालकों की तुलना में करीब आधी कीमत चुकानी होगी।

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने उनके लिए इसे 8.5 प्रतिशत तक सीमित रखा है। इसके साथ वाणिज्यिक एलपीजी और प्रीमियम व ब्रांडेड पेट्रोल-डीजल की दरों में भी वृद्धि की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के अनुसार, घरेलू एयरलाइन कंपनियों के लिए एटीएफ की कीमत में 8,289.04 रुपये प्रति किलोलीटर या 8.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। उन्हें विमान ईंधन 104,927.18 रुपये प्रति किलोलीटर की कीमत पर मिलेगा। पिछले महीने यह 96,638.14 रुपये प्रति किलोलीटर थी। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतें एक महीने में 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो जाने के बावजूद केवल 25 प्रतिशत की आंशिक एवं चरणबद्ध बढ़ोतरी का भार ही विमानन कंपनियों पर डाला जा रहा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दोनों आंकड़ों के बीच अंतर को यह कहते हुए स्पष्ट किया कि एक आंकड़ा सभी उपकर व करों सहित अंतिम दर को दर्शाता है, जबकि 25 प्रतिशत का आंकड़ा एटीएफ के आधार मूल्य पर की गई बढ़ोतरी को बताता है। उन्होंने कहा कि एटीएफ कीमतों में संशोधन के मामले में संतुलित दृष्टिकोण अपनाया गया है, ताकि इसका प्रभाव न्यूनतम रहे।

### एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल, ऑक्टेन पेट्रोल भी महंगा

- व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर का 195.50 रुपये बढ़ाया गया है मूल्य

व्यावसायिक एलपीजी की कीमत में मंगलवार को 195.50 रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि की घोषणा की गई थी। अब देश में बिकने वाले चुनिंदा प्रीमियम या ब्रांडेड पेट्रोल और डीजल के दाम भी बढ़ाए गए हैं। मूल्यवृद्धि के बाद देश में एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल की कीमत 1.50 रुपये बढ़कर 92.99 रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं 100 ऑक्टेन पेट्रोल (एक्सपी100) की कीमत 11 रुपये प्रति लीटर बढ़कर 160 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। इस प्रकार के ईंधन का इस्तेमाल दो से पांच प्रतिशत तक है। सामान्य या बिना ब्रांड वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित हैं। साथ ही घरेलू खाना पकाने वाली गैस एलपीजी की दरें भी यथावत हैं।

### पहली बार एटीएफ दो लाख के पार

यह पहला मौका है जब एटीएफ की कीमत दो लाख रुपये किलोलीटर के स्तर को पार कर गई है। इससे पहले 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद कीमतें बढ़कर करीब 1.1 लाख रुपये प्रति किलोलीटर के स्तर पर पहुंची थीं। एटीएफ कीमतों में एक मार्च को 5.7% /यानी 5,244.75 रुपये किलोलीटर की बढ़ोतरी की गई थी।

### पहले ही बढ़ी ईंधन खपत से जूझ रही एयरलाइन कंपनियों पर बढ़ेगा दबाव

**नई दिल्ली।** ईंधन की कीमतों में यह उछाल एयरलाइन कंपनियों पर अतिरिक्त दबाव डालेगा क्योंकि परिचालन लागत में ईंधन की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत रहती है। साथ ही पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण कई हवाई मार्ग बंद होने से विमानों को लंबे रास्तों से उड़ान भरनी पड़ रही है जिससे ईंधन की खपत भी बढ़ रही है। इस कारण अब हवाई यात्रा महंगी होने की आशंका है। गौरतलब है कि नॉन शेड्यूल्ड, एडहॉक और चार्टर जैसी उड़ानों के लिए एटीएफ की कीमत 1,10,703.08 रुपये किलोलीटर से 114.5 प्रतिशत बढ़ाकर 2,07,341.22 रुपये किलोलीटर की गई है।

## इंडिगो ने 275 से 10,000 रुपये तक ईंधन शुल्क की घोषणा की

- एटीएफ महंगा होते ही घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए बढ़ाईं दरें

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने विमान ईंधन की कीमतों में वृद्धि के बाद दो अप्रैल से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 275 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक का संशोधित ईंधन शुल्क लगाने की घोषणा की है। ईंधन शुल्क में इस बढ़ोतरी से विभिन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का हवाई किराया बढ़ना तय है।

पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन की कीमतों में आए उछाल के मद्देनजर एयरलाइन 14 मार्च से ही घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के टिकटों पर 425 रुपये से 2,300 रुपये तक का ईंधन शुल्क वसूल रही है। अब घरेलू उड़ानों के लिए दूरी के आधार पर ईंधन शुल्क 275 रुपये से 950 रुपये के बीच होगा। इंडिगो ने एक बयान में कहा, इंडिगो ने अलग-अलग यात्रा दूरियों के हिसाब से घरेलू ईंधन शुल्क को फिर से निर्धारित किया है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में दूरी के आधार पर ईंधन शुल्क 900 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक होगा।

### ब्रीफ न्यूज

### गांदरबल में हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के गांदरबल जिले में मंगलवार रातभर जारी रही मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। सुरक्षा बलों ने गांदरबल जिले के अरहामा इलाके में संदिग्ध गतिविधि की सूचना के आधार पर मंगलवार रात घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक बयान में बताया कि सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस ने गांदरबल के अरहामा में संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। सतर्क जवानों ने कुछ लोगों की संदिग्ध गतिविधि देखी, जब उन लोगों को रुकने को कहा गया तो उन्होंने जवानों पर गोलीबारी कर दी जिसके बाद सैन्य बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

### पश्चिम बंगाल में हिंसा के बाद बीडीओ निलंबित

**कृष्णानगर।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में एक प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को निलंबित कर दिया है। चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एक शिक्षक पर हमले के बाद उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी शुरू करने का निर्देश दिया है। यह हमला 27 मार्च को हंसखाली ब्लॉक के देबनाथ बॉयज़ इंस्टीट्यूशन में पीठासीन और मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण के दौरान हुआ। चुनाव ड्यूटी पर तैनात शिक्षक सैकत चट्टोपाध्याय को कार्यक्रम स्थल पर सरकारी प्रचार वीडियो दिखाने पर आपत्ति दर्ज करने के बाद सिर में चोटें आईं।

# दो-तीन सप्ताह में खत्म हो सकता है युद्ध होर्मुज संकट से मेरा लेना-देना नहीं: ट्रंप

## ईरान के राष्ट्रपति की ओर से युद्धविराम का अनुरोध करने का किया दावा, तेहरान ने बताया झूठ

- बोले- होर्मुज संकट से युद्ध में साथ न देने वाले देश अब खुद निपटें

दुबई, एजेंसी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को संकेत दिया कि अमेरिकी सेना ईरान के खिलाफ युद्ध दो-तीन सप्ताह में खत्म कर देगी। इस दौरान होर्मुज संकट से पल्ला झाड़ते हुए ट्रंप ने कहा कि उसे सुरक्षित रखना अमेरिका की जिम्मेदारी नहीं है। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान के राष्ट्रपति युद्ध विराम चाहते हैं, लेकिन ईरान ने उनके इस दावे को खारिज कर दिया।

ट्रंप ने बुधवार को भी कुछ हद तक विरोधाभासी बयान दिए। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने अनुमान जताया कि युद्ध दो से तीन सप्ताह में खत्म कर दिया जाएगा। ईरान के खिलाफ युद्ध में सहयोग न करने वाले मित्र देशों पर होर्मुज जलडमरूमध्य को खुलवाने की जिम्मेदारी छोड़ते हुए उन्होंने कहा, यह हमारा काम नहीं है। यह फ्रांस का काम होगा। यह उनका काम होगा, जो इस जलडमरूमध्य का इस्तेमाल कर रहे हैं। ट्रंप ने यह टिप्पणी ऐसे वक्त में की, जब होर्मुज के बंद होने से अमेरिका में पेट्रोल की कीमत चार अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन से अधिक हो गई। साथ ही गैस की भी औसत कीमत चार अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन के पार चली गई।

बुधवार को ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने दावा किया कि उनके अमेरिकी जनता को संबोधित करने से पहले ईरान के राष्ट्रपति युद्धविराम चाहते हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि युद्धविराम तभी होगा जब होर्मुज जलडमरूमध्य खुला, सुरक्षित और बाधारहित होगा। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघेई ने ट्रंप के इस दावे को झूठा और निराधार करार दिया है।

### होर्मुज खुलवाने के लिए ब्रिटेन ने की पहल अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 35 देश लेंगे हिस्सा

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने बुधवार को कहा कि उनका देश इस सप्ताह होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के तौर-तरीकों पर चर्चा करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय राजनयिक सम्मेलन की मेजबानी करेगा। स्टार्मर ने कहा कि 35 देशों ने एक बयान पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें इस महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्ग की समुद्री सुरक्षा बहाल करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई गई है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री यवेट कूपर इस मुद्दे पर एक सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी और सैन्य योजनाकार ईरान युद्ध समाप्त होने के बाद सुरक्षा के लिए योजनाओं पर भी काम कर रहे हैं। स्टार्मर ने कहा कि स्थिरता बहाली के लिए सैन्य शक्ति और कूटनीतिक गतिविधियों का एक संयुक्त मोर्चा आवश्यक है।

### चीन-पाकिस्तान ने पांच सूत्री फार्मूला पेश किया

**बीजिंग/इस्लामाबाद।** एक दिवसीय बीजिंग दौरे पर आए पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार के साथ चीन के विदेश मंत्री वांग यी की वार्ता के बाद मंगलवार को पांच सूत्री शांति प्रस्ताव पेश किया गया। इसमें शत्रुता तुरंत समाप्त करने, जल्द शांति वार्ता शुरू करने, गैर-सैन्य लक्ष्यों की सुरक्षा और नौवहन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर की सर्वोच्चता बनाए रखने जैसे प्रावधान शामिल हैं।

### पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेतों से 1,187 अंक उछला सेंसेक्स



**मुंबई।** पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार में मजबूती आई। बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 1,186.77 अंक बढ़कर 73,134.32 अंक पर बंद हुआ। एक समय इसमें 2,017.03 अंक की तेजी दर्ज की गई। एनएसई निफ्टी 348 अंक यानी 1.56 प्रतिशत चढ़कर 22,679.40 अंक पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी बाजार को मजबूती मिली।

## अदालतों में मुकदमों के बोझ के लिए सरकार जिम्मेदार

- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार पर ठोंका 25,000 रुपये का जुर्माना
- हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में की थी अपील

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई और बार-बार मुकदमा दायर करने को लेकर उस पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगा दिया। शीर्ष कोर्ट ने सरकार को अदालतों में बढ़ते मुकदमों के बोझ के लिए एक बड़ा जिम्मेदार कारक बताते हुए कहा कि इस तरह की अनावश्यक अपीलें न्यायपालिका पर बोझ बढ़ाती हैं।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ केंद्र की अपील को खारिज कर दिया, जिसमें एक सीआईएसएफ कांस्टेबल को राहत दी गई थी। मामला एक सीआईएसएफ कांस्टेबल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई से जुड़ा था, जिसे अनधिकृत अनुपस्थिति और व्यक्तिगत विवाद के आरोपों में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने पाया कि कांस्टेबल की अनुपस्थिति स्वीकृत चिकित्सा अवकाश के दौरान थी और अन्य आरोप कदाचार की श्रेणी में नहीं आते, जिसके बाद उसकी सजा रद्द कर दी गई थी। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति नागरत्ना ने तंज कसते हुए कहा, एक तरफ हम मुकदमों में देरी पर चिंता जताते हैं, लेकिन दूसरी तरफ सरकार खुद सबसे बड़ी वादी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट आने के बजाय संयम बरतना चाहिए था।

### बंगाल: मतदाता सूची के दावों का निपटारा 7 तक

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची संशोधन और तार्किक विसंगति के कारण हटाए गए नामों के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि लगभग 60 लाख दावों और आपत्तियों में से 47 लाख का निपटारा 31 मार्च की शाम तक कर लिया गया है, और शेष 13 लाख मामलों का फैसला सात अप्रैल तक कर दिया जाएगा।

## सीएपीएफ विधेयक विरोध के बीच राज्यसभा में पारित

- विपक्ष ने लगाया सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने का आरोप बहिर्गमन किया

नई दिल्ली, एजेंसी



राज्यसभा ने बुधवार को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के अधिकारियों की सेवा शर्तों एवं पदोन्नति से जुड़े सीएपीएफ विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस बीच कांग्रेस समेत विपक्ष ने यह आरोप लगाते हुए बहिर्गमन किया कि यह विधेयक सशस्त्र बलों के मनोबल को गिराएगा और इसे सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने के लिए लाया गया है। सरकार ने भरोसा दिलाया कि कानून बनने के बाद बलों का बेहतर प्रबंधन होगा और कार्यकुशलता बढ़ेगी।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक इसलिए लाया गया है ताकि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में काडर का बेहतर प्रबंधन कर इसकी कार्यकुशलता को बढ़ाया जा सके। मंत्री के जवाब के बाद उच्च सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। सीएपीएफ के अधिकारी काफी समय से प्रस्तावित विधेयक का विरोध कर रहे थे। सबसे ज्यादा आपत्ति सशस्त्र बलों में आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को लेकर थी। उनका कहना था कि इससे कैडर अधिकारियों के पदोन्नति के अवसर खत्म हो जाएंगे।

### अमरावती होगी आंध्र की स्थायी राजधानी

लोकसभा ने अमरावती को आंध्र प्रदेश की एकमात्र और स्थायी राजधानी के रूप में मान्यता देने संबंधी विधेयक को बुधवार को मंजूरी दे दी। राज्य के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार करने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भाजपा, तेदेपा और कांग्रेस ने विधेयक का समर्थन किया, लेकिन आंध्र के मुख्य विपक्षी दल वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सदस्यों ने विरोध में सदन से बहिर्गमन किया।

### ट्रांसजेंडर विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी

ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को शारीरिक क्षति पहुंचाने पर क्रमिक दंड का प्रावधान करने वाले संशोधन विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। कानून मंत्रालय के अनुसार, संशोधित कानून केंद्र की ओर से निर्धारित तिथि से लागू होगा। विपक्षी सांसदों ने विधेयक की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें समलैंगिक पुरुषों और महिलाओं को इसके दायरे से बाहर रखा गया है।

## अनिल अंबानी और आरकॉम पर धोखाधड़ी का एक और केस दर्ज

- एलआईसी को 3,750 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप

**नई दिल्ली।** एलआईसी की ओर से उसे 3,750 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने की शिकायत पर सीबीआई ने उद्योगपति अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी के आरोप में नया मामला दर्ज किया है।

यह आरकॉम और अनिल अंबानी के खिलाफ दर्ज हुआ चौथा मामला है। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि एलआईसी को 2009 से 2012 के बीच 4,500 करोड़ रुपये के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) में निवेश करने के लिए कंपनी ने भ्रामक जानकारी देकर प्रेरित किया। प्रबंधन ने कंपनी की वित्तीय स्थिति, सुरक्षा और निवेश के बदले उपलब्ध संपत्तियों की सुरक्षा के बारे में गलत जानकारी दी।

## डिजिटल भुगतान के लिए अब दो सत्यापन

- धोखाधड़ी रोकने के लिए रिजर्व बैंक ने लागू की व्यवस्था

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के तहत ऑनलाइन भुगतान में धोखाधड़ी पर रोक लगाने के लिए यूपीआई समेत सभी डिजिटल मंचों से होने वाले लेनदेन के लिए दो-स्तरीय प्रमाणीकरण को बुधवार से अनिवार्य कर दिया गया है।

अब केवल यूपीआई पिन डालने से भुगतान नहीं होगा बल्कि ओटीपी, अंगुली के निशान या चेहरे का सत्यापन जैसे कदम भी जरूरी होंगे। इस तरह यूपीआई पिन लीक होने पर भी अनधिकृत भुगतान को रोका जा सकेगा। अधिकांश मामलों में एसएमएस से आने वाले ओटीपी का अतिरिक्त सुरक्षा के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। केंद्रीय बैंक ने कहा था कि बैंक और गैर-बैंकिंग संस्थाओं समेत सभी भुगतान प्रणाली प्रदाताओं और प्रतिभागियों को एक अप्रैल तक निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना है।

### स्क्रीनशॉट, स्क्रीन रिकॉर्डिंग भी नहीं

नए प्रावधानों के तहत बैंकिंग एप में स्क्रीनशॉट लेने और स्क्रीन रिकॉर्डिंग की सुविधा भी सुरक्षा कारणों से प्रतिबंधित कर दी गई है। यह कदम उपयोगकर्ता को किसी भी तरह की धोखाधड़ी से बचाने के मकसद से उठाया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अतिरिक्त सत्यापन व्यवस्था से डिजिटल लेनदेन में कुछ सेकंड की देरी हो सकती है, लेकिन इससे डिजिटल भुगतान प्रणाली में सुरक्षा और भरोसा बढ़ने की उम्मीद है।

## श्रीनगर में रिश्वत लेते हुए दो ईपीएफओ अधिकारी गिरफ्तार

- स्कूल संचालक से मांगी थी डेढ़ लाख की रिश्वत

**श्रीनगर।** सीबीआई ने श्रीनगर में रिश्वतखोरी के एक मामले में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के दो अधिकारियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक क्षेत्रीय आयुक्त भी शामिल हैं।

अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार अधिकारियों में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त विनय कुमार और वरिष्ठ सुरक्षा सहायक अमीन सोफी शामिल हैं। सीबीआई के अनुसार, मंगलवार को एक मामला दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप था कि आयुक्त ने एक स्कूल संचालक से 1.50 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। मामला स्कूल के एक कर्मचारी की शिकायत का था। एजेंसी ने उसी दिन वरिष्ठ सुरक्षा सहायक को अधिकारी की ओर से शिकायतकर्ता से 50,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

## पुडुचेरी : वोटरों को कैश बांट रहे आठ गिरफ्तार

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को नकदी बांटने के आरोप में ड्रोन निगरानी के जरिए तीन अलग-अलग मामलों में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

चुनाव विभाग ने पहली बार नकदी वितरण पर नजर रखने के लिए ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल किया है। अधिकारियों के अनुसार, मन्नाडीपेट क्षेत्र के तिरुक्कनूर गांव में कुछ लोगों द्वारा घर-घर जाकर नकदी बांटने की गतिविधि ड्रोन से पकड़ी गई। सूचना पर उड़नदस्ता दल मौके पर पहुंचा और तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा मन्नाडीपेट में दो और लॉस्पेट क्षेत्र में तीन लोगों को पकड़ा गया।

**प्रदूषण मुक्त** | मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ में 250 इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को दिखाई हरी झंडी

# जनता ने राजनीतिक कचरा हटाया तो स्वच्छ हुआ उत्तर प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ नगर निगम के कूड़ा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए 250 इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को हरी झंडी दिखाई, साथ ही विपक्ष पर तीखा हमला भी बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने जब राजनीतिक कचरे को हटाया, तभी बदलाव की नींव पड़ी और इसी कारण आज उत्तर प्रदेश स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है।

कालीदास मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में अंधेरा, असुरक्षा और गंदगी का माहौल था। तत्कालीन सत्ताधारियों को अंधेरा पसंद था, हमारी सरकार ने 24 घंटे बिजली, एलईडी स्ट्रीट लाइट और आधुनिक शहरी व्यवस्था देकर हालात बदले। योगी ने जोड़ा कि हम सूर्य के उपासक हैं और लक्ष्मणपुरी में सभ्यता व विकास को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीते नौ वर्ष में लखनऊ स्वच्छता रैंकिंग में देश के शीर्ष तीन शहरों में शामिल हुआ है और अब नेट जीरो लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग और हरित ऊर्जा आधारित पहलें इस परिवर्तन की आधारशिला हैं।




लखनऊ में इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को हरी झंडी दिखाते मुख्यमंत्री योगी।

### ईवी निर्माण का उभरता केंद्र बन रहा है लखनऊ

शहरी विकास के साथ औद्योगिक निवेश का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि लखनऊ ईवी मैन्युफैक्चरिंग का उभरता केंद्र बन रहा है। अशोक लेलैंड की इलेक्ट्रिक बस यूनिट के बाद अब टाटा मोटर्स की लखनऊ इकाई में भी 15 अप्रैल से इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माण शुरू होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सात शहरों में मेट्रो सेवा और 18 नगर निकायों में सेफ सिटी व सोलर सिटी जैसी योजनाएं लागू की गई हैं। अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया गया है, जबकि लखनऊ में भी सोलर पैनल आधारित ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां स्वच्छता होती है, वहीं समृद्धि आती है। नए वाहनों से कूड़ा संग्रहण व्यवस्था और मजबूत होगी और लखनऊ को क्लीन व ग्रीन सिटी बनाने में मदद मिलेगी।

न्यूज ब्रीफ

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू, वार्डों में एंटी लार्वा का छिड़काव

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर 1 से 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत बुधवार से हो गई। इसके पहले दिन नगर पालिका कर्मियों ने वार्ड-1 सर्वोदय नगर में वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे व ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर सफाई कर्मियों ने नालों व नालियों की सफाई की। वहीं, मच्छरों का प्रजनन रोकने के लिए एंटी लार्वा का छिड़काव कियाया। इसके अलावा मोहल्ले में लोगों को सफाई रखने व संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक भी किया। अन्य वार्डों में भी एंटी लार्वा छिड़काव कराया गया। पालिका प्रशासन ने निर्देश दिए कि पूरे माह नियमित सफाई व छिड़काव कर गंदगी में पनपने वाली बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित की जाए। ताकि लोगों को सुरक्षा मिल सके।

### साइबर ठगी के पीड़ित को 1.07 लाख रुपये वापस मिले

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** कोतवाली प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि अवधपुरी निवासी राममिलन रावत ने 2 मार्च 2026 को ऑनलाइन साइबर पोर्टल पर यूपीआई से हुई 1,07,201 रुपये की ठगी की छह अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराई थीं। इसे गंभीरता से लेते हुए गंगाघाट कोतवाली की साइबर टीम ने त्वरित कार्रवाई की। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने बुधवार को पूरी धनराशि आवेदक के खाते में वापस कराई।

# डीएम ने संचारी रोग व स्कूल चलो अभियान रैली को दिखाई झंडी

## जिलाधिकारी ने बच्चों व अधिकारियों के साथ पैदल चलकर दिया स्कूल चलो का संदेश

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



अधिकारियों के साथ पैदल चलकर स्कूल चलो का संदेश देते डीएम। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिला अस्पताल परिसर से बुधवार को डीएम गौरांग राठी ने तीन महत्वपूर्ण अभियानों का एक साथ शुभारंभ कर जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाई। वहीं, खुद बच्चों व अधिकारियों के साथ पैदल चलकर स्कूल चलो का संदेश दिया।

डीएम ने बताया कि 1 से 30 अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग अभियान के तहत जागरूकता वैन जिले के हर ग्रामीण व शहरी क्षेत्र जाकर लोगों को रोगों के प्रति सचेत करेगी। वहीं 10 अप्रैल से शुरू होने वाले दस्तक अभियान में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर दस्तक देंगी। उन्होने निर्देश दिये कि अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। विभागीय नोडल अधिकारी रोज इसकी समीक्षा करें ताकि कोई घर छूटने न पाए। स्कूल चलो अभियान (सत्र 2026) का आगाज करते हुए डीएम ने बीएसए को निर्देश दिये कि जिले में 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करें। शिक्षकों की टीम घर-घर जाकर सर्वे करे और स्कूल न जाने वाले बच्चों को चिह्नित कर उनका नामांकन कराए। मिड-डे मील, फ्री यूनिफॉर्म व किताबों जैसी सुविधाओं की जानकारी देकर अभिभावकों को प्रेरित करें। अभियान में डीएम के नेतृत्व में सीडीओ कृतिराज, सीएमओ डा. सत्य प्रकाश व बीएसए शैलेश पांडेय ने बच्चों व शिक्षकों के साथ जिला अस्पताल मार्ग पर पैदल मार्च किया। इसमें एसीएमओ डॉ. एचएन सिंह सहित अन्य अधिकारी व बच्चे मौजूद रहे।

### शिक्षकों की कड़ी मेहनत से स्कूल को मिला निपुण विद्यालय का दर्जा



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक पुत्र।

**शुक्लागंज उन्नाव :** बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय नेतुवा कंपोजिट में न्याय पंचायत स्तरीय संचारी रोग नियंत्रण अभियान व स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें विद्यालय में पुस्तक वितरण कार्यक्रम भी हुआ। कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता के पुत्र प्रखर गुप्ता भी मौजूद रहे। इसमें निपुण छात्रों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षाधिकारी जगदीश श्रीवास्तव ने विद्यालय के शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से विद्यालय को निपुण विद्यालय का दर्जा मिला है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि 6 से 14 वर्ष तक का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे तथा 3 से 5 वर्ष के बच्चों का प्रवेश बाल वाटिका एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में अवश्य कराएं। साथ ही इस वर्ष पिछले वर्षों की अपेक्षा अधिक नामांकन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि अरुण रावत, नोडल शिक्षिका लक्ष्मी तिवारी, वंदना चौहान, सुनीता सैनी, स्वाति गुप्ता, आकांक्षा चौधरी, तनुजा मिश्रा, रेखा अवस्थी, नम्रता मिश्रा, दीप्ति मिश्रा, राखी सिंह, माधुरी वर्मा, एस रोमन, अहमद शाह, मंजू यादव, उर्मिला यादव, प्रतिभा श्रीवास्तव, परमजीत सिंह, आनंद यादव, अजफर रहमान, फौजिया अख्तर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# विद्युत विभाग का सर्वर हुआ धड़ाम

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



पावर हाउस में मौजूद उपभोक्ता। ● अमृत विचार

● **बिलिंग काउंटर पर घंटों बेहाल रहे उपभोक्ता**

**अमृत विचारः** शहर के कब्बाखेड़ा पावर हाउस पर उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को बिलिंग काउंटर का सर्वर ठप होने से दिन भर बिल जमा करने की प्रक्रिया बाधित रही। भीषण गर्मी में लोग घंटों लाइन में लगकर सर्वर आने का इंतजार करते रहे। लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा।

सर्वर की खराबी का सबसे अधिक असर स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं पर पड़ा। बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली कटने से परेशान उपभोक्ता जब बिल जमा करने पहुंचे तो वहां सर्वर न होने की बात कहकर उन्हें घंटों खड़ा रखा गया। बिजली गुल रहने से कई मोहल्लों में पानी का संकट भी खड़ा हो गया। दोपहर 12 बजे से ही लोकनगर, कल्याणी, पूरन नगर, सिविल लाइन व बंधूहार क्षेत्रों के दर्जनों उपभोक्ता काउंटर पर जुटने लगे थे। वहां मौजूद गगन कुमार, सर्वेश, सुंदर, विवेक व आनंद ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनकी परेशानी और बढ़ गई है। एक तो बिना बताए बिजली कट जाती है ऊपर से विभाग का सर्वर साथ नहीं देता। समस्या के समय उपभोक्ताओं को सही जानकारी देने वाला भी कोई नहीं था।

# कोर्ट ने उम्रकैद की सजा पर दी राहत, वृद्धा की जमानत मंजूर

● **आदेश किसी अन्य सह-आरोपी के लिए आधार नहीं माना जाएगा**

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार :** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में उत्तर प्रदेश की 60 वर्षीय महिला अनिता चतुर्वेदी को आजीवन कारावास की सजा से अंतरिम राहत प्रदान की है। न्यायमूर्ति पंकज मित्तल और न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भट्टी की पीठ ने बुधवार को सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता की सजा पर रोक लगा दी। दरअसल, नरेन्द्र अवस्थी हत्या के मामले में 12 जनवरी 2024 को गंगाप्रसाद, महेश, दीप नारायण शुक्ला, अनीता चतुर्वेदी और अमित द्विवेदी को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावस क्री सजा सुनाई थी। वही अनिता चतुर्वेदी की अपील इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में 2024 से लंबित है, लेकिन हाईकोर्ट ने सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था, जिसके खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता की उम्र (60 वर्ष) और उनकी भूमिका को सीमित बताते हुए इस बात पर ध्यान दिया कि वह पहले ही करीब ढाई साल से अधिक समय से हिरासत में रह चुकी हैं। पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हाईकोर्ट में लंबित अपील के निस्तारण तक उनकी सजा स्थगित रहेगी और वह जमानत पर रिहा होंगी। जमानत की शर्तें ट्रायल कोर्ट तय करेगा। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि यह आदेश किसी अन्य सह-आरोपी के लिए मिसाल या समानता का दावा करने के लिए आधार नहीं माना जाएगा।

### नए सत्र में छात्रों का किया गया स्वागत



तिलक लगा व गुलाब देकर बच्चों का स्वागत करते शिक्षक।

**उन्नाव, अमृत विचार :** नए सत्र की शुरुआत होते ही बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालय बच्चों की खिलखिलाहट से गुलजार हो गए। सत्र के पहले दिन स्कूल पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। बच्चों के आगमन पर शिक्षिकाओं ने तिलक लगाकर व शिक्षकों ने गुलाब देकर स्वागत किया और उपहार भी दिए। विकासखंड सफीपुर के कम्पोजिट स्कूल रनियामऊ के शिक्षक अमित तिवारी ने बताया कि 15 अप्रैल तक स्कूल चलो अभियान के माध्यम से नामांकन में वृद्धि की जाएगी व विद्यालय में नामांकन मेला आयोजित कर अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। बीईओ अनीता साह ने बताया कि 2 अप्रैल को सफ़ीपुर के कालिंदी गुप्ता इंटर कॉलेज से स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत बाइक रैली का आयोजन होगा। इसमें शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक शामिल होंगे। प्राथमिक विद्यालय हमजापुर में भी विश्वनाथ तिवारी ने शिक्षक चौपाल से ग्रामीणों को जागरूक कर बच्चों को रोज स्कूल भेजने का आह्वान किया।

### छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों ने निकाली रैली



रैली निकालते शिक्षक व छात्र। ● अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार :** विकासखंड सिकन्दरपुर कर्ण के उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरी त्रिभानपुर में स्कूल चलो अभियान के तहत अभिभावकों को हर बच्चे का स्कूल में नामांकन व नियमित उपस्थिति विषय पर जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। इसमें शिक्षक प्रदीप भदौरिया व प्रभारी प्रधानाध्यापक महेंद्र मौर्य ने अभिभावकों से छात्र छात्राओं को नियमित विद्यालय भेजने के लिए कहा। छात्र-छात्राओं ने रैली में नारा देते हुए कहा कि "कोई न छूटे अबकी बार, शिक्षा है सबका अधिकार, मम्मी पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल चलकर नाम लिखाओ। इस दौरान शिक्षिका ममता कुमारी ठाकुर ने छात्र नामांकन व उनकी नियमित उपस्थिति पर जोर दिया।

# दो बाइकों की टक्कर में युवक की हुई मौत, तीन लोग घायल

**उन्नाव, अमृत विचार :** बिहार थानाक्षेत्र के गंगा एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर दो बाईकों की टक्कर में 4 लोग घायल हो गए। जिन्हें गंभीर हालत में पीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया। जहां एक युवक की मौत हो गई।

बिहार थानाक्षेत्र के कुतुबपुर निवासी सुमित (18) उर्फ मल्लू पुत्र पंचम गांव के साथी सुमित उर्फ पूती (18) पुत्र आशाराम के साथ भदिहा गांव मुंडन संस्कार में शामिल होने गया था। तभी थानाक्षेत्र गंगा एक्सप्रेस-वे के गौरा गांव स्थित अंडर पास के स्लिप रोड पर उसकी बाइक सामने से आई दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में दूसरी बाइक सवार रायबरेली जिला के खीरों थानाक्षेत्र के सूरज बख्शखेड़ा गांव निवासी अरुण (17) पुत्र राम किशोर व सुशील कुमार (18) पुत्र सूर्यपाल गंभीर घायल हो गए। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सुमेरपुर पीएचसी पहुंचाया। जहां से सभी को डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया। लेकिन अरुण व सुशील को परिजन निजी अस्पताल ले गए। सुमित उर्फ मल्लू व सुमित उर्फ पूती को जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान सुमित उर्फ पूती पुत्र आशाराम की मौत हो गई। ईएमओ ने शव मोर्चरी में रखवाकर पुलिस को सूचना दी है।

### बाइकों की भिड़ंत में 3 घायल

**उन्नाव :** आसीवन थानाक्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग स्थित कटरा गांव की मोड़ पर उदशाह गांव निवासी सचिन सिंह (27) की बाइक जारुल्लानगर के मजरा कटरा निवासी सर्वेश (32) की बाइक से टकरा गई। इसमें सचिन सहित सर्वेश व उसकी बाइक में बैठा रिश्तेदार रंजीत (30) घायल हो गए। पुलिस ने एम्बुलेंस से घायलों को सीएचसी मियागंज पहुंचाया। जहां से डॉक्टर ने सभी को जिला अस्पताल भेज दिया।।

# 12वें दिन समाप्त हुआ कापियों का मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



मूल्यांकन की संख्या का हिसाब मिलाते परीक्षक व डिप्टी हेड।

● **तीन केंद्रों में 370 परीक्षकों ने जांची 2604 कापियां, अब रिजल्ट का इंतजार**

**अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की कापियों के मूल्यांकन के 12वें दिन तीन केंद्रों में 370 परीक्षकों ने 2604 कापियों का मूल्यांकन किया। इससे अब किसी केंद्र पर कापियां जाचने के लिए नहीं बची हैं।

बुधवार को डॉ. जीनाथजी दयाल बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के 13 डिप्टी हेड व 21 परीक्षकों ने 423 कापियों का मूल्यांकन किया। जीआईसी में हाईस्कूल के 24 डिप्टी हेड व 132 परीक्षकों ने 2005 कापियों का मूल्यांकन किया। अटल बिहारी इंटर कॉलेज में इंटर के 27 डिप्टी हेड व 146 परीक्षकों ने 176 कापियों का मूल्यांकन किया। वहीं, जीजीआईसी में सभी कापियों का मूल्यांकन मंगलवार को ही समाप्त हो गया था। इस प्रकार अब चारों मूल्यांकन केंद्रों में सभी कापियों का मूल्यांकन पूरा हो गया है।

### विज्ञान व गणित के 30 शिक्षकों को दिये गये नियुक्त पत्र

**उन्नाव :** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में 29334 विज्ञान व गणित विषय के सहायक अध्यापक के पदों पर भर्ती के लिए बुधवार को काउंसिलिंग की गई। इसमें जनपदीय समिति के समक्ष 30 अभ्यर्थियों ने मनचाहा विद्यालय प्राप्त किया। इससे उनके चेहरे खिल उठे। काउंसिलिंग में 3 महिला व 27 पुरुष अभ्यर्थी थे। इसके बाद बीएसए शैलेश पांडे ने अभ्यर्थियों को तुरंत नियुक्ति पत्र दिये। जनपदीय चयन समिति में डायट प्राचार्या अमिता सिंह, जीजीआईसी प्रिंसिपल दीप शिखा मिश्रा, प्रधानाचार्य कमलेश कुमार व बीएसए आदि थे।

### नवोत्सव एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह



सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षकों संग अतिथि एवं आयोजक।

**उन्नाव, अमृत विचार :** विकासखंड बीघापुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय पिथईखेड़ा में नवोत्सव व सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह हुआ। मुख्य अतिथि खंड शिक्षाधिकारी बीघापुर शुचि गुप्ता ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में नामांकन कराने की अपील की। इसमें समाजसेवी शिव कुमार ने बच्चों को स्कूल बैग बांटे। थाना प्रभारी बारा धर्मेंद्र नाथ मिश्रा व खंड शिक्षाधिकारी ने नामांकन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान इस वर्ष विकासखंड बीघापुर से सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। संचालन व संयोजन शिक्षक जितेंद्र सिंह चंदेल ने किया। इसमें इंचार्ज शिक्षक धीरज सिंह, संदीप शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष धीरज प्रताप सिंह, रामनरेश तिवारी, गणेश शंकर गुप्ता, संजीव मिश्र, विनोद कुमार, शिवराम सिंह सहित ग्रामीण व अभिभावक मौजूद रहे।

# एनुअल एथलेटिक्स मीट में 500 छात्रों ने लिया हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



सीयू यूपी एथलेटिक्स मीट में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं।

**अमृत विचारः** नवाबगंज स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी में 30 व 31 मार्च को आयोजित एनुअल एथलेटिक्स मीट 2025-26 में युवाओं का जोश व खेल प्रतिभा देखने को मिली। इस दो दिवसीय आयोजन में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर ट्रैक व फील्ड इवेंट्स में शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अर्जुन अवॉर्डी रचना गोविल ने किया। उनके साथ गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में हॉकी खिलाड़ी प्रेम कुमार मौजूद रहे।

दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर स्प्रिंट, 100 मीटर हर्डल्स व 400 मीटर रिले जैसी ट्रैक स्पर्धाएं आयोजित हुईं। वहीं शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, लॉन्ग जंप व हाई जंप जैसे फील्ड इवेंट्स ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। पूरे आयोजन में खिलाड़ियों में जबरदस्त ऊर्जा व प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। समापन अवसर पर विजेताओं को सम्मानित किया गया। वाइस चांसलर प्रो. डॉ. टीपी सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उन्हें अनुशासन व आत्मविश्वास सिखाते हैं।

### जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 4 को

**शुक्लागंज, उन्नाव :** 24वीं यूपी स्टेट जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियन शिप 2026 का आयोजन 4 अप्रैल को सुबह 8 बजे से राजमार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में होगा। इसमें अंडर-20 आयु वर्ग के वह बालक व बालिका प्रतिभाग कर सकेंगे जिनका जन्म 26 अप्रैल 2006 के बाद व 27 अप्रैल 2010 से पहले हुआ हो। प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर, 5000 मीटर दौड़, बाधा दौड़, स्टीपलचेज, पोल वॉल्ट, ऊंची कूद, लंबी कूद, तिहरी कूद, गोला, चक्का, भाला व हैमर थ्रो सहित डेकाथलॉन व पैदल चाल जैसी स्पर्धाएं होंगी।

# आंधी में पीपल का पेड़ गिरने से आधा दर्जन लोग घायल

शुक्लागंज उन्नाव

● **फसल को भी हुआ भारी नुकसान मौसम ने बढ़ाई किसानों की चिंता**

**अमृत विचारः** अचानक बदले मौसम ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में असर दिखाया। तेज आंधी, बारिश व बिजली कड़कने से पुराने यातायात पुल चौराहे के सामने वर्षों पुराना पीपल का पेड़ मंगलवार रात करीब 11 बजे गिर गया। इसकी चपेट में आकर आधा दर्जन लोग घायल हो गए।

पेड़ गिरने से राजीव नगर खंती निवासी कृष्ण कुमारी, मोहिनी राजपूत, रवि राजपूत, राजू, सुमित व आरती दब गए। शोर सुन आसपास के लोग पहुंचे और तीनों को बाहर निकाला। घायलों को मामूली चोटें आईं। जिन्हें तत्काल पास के चिकित्सक के यहां ले जाया गया। लोगों ने बताया कि घटना रात में होने से बड़ा हादसा टल गया। दिन में इस पेड़ के नीचे अक्सर लोग बैठते हैं ऐसे में स्थिति गंभीर हो सकती थी। उधर, बेमौसम बारिश व तेज आंधी से सिकंदरपुर कर्ण और सरोसी क्षेत्र के किसानों को भी नुकसान हुआ है। खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल भीगने से खराब होने का खतरा बढ़ गया है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

### गंगा प्रसाद कॉलेज में परीक्षा परिणाम घोषित



गंगा प्रसाद महते में मेधावियों को किया गया सम्मानित।

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गंगा नगर स्थित गंगा प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गृह परीक्षा परिणाम घोषित कर विद्यार्थियों को प्रगति पत्र बांटे गए। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता की उपस्थिति में मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्रधानाचार्य डॉ. बृजेंद्र मिश्र ने अतिथियों का परिचय कराया। जबकि विद्यालय प्रबंधक राकेश कुमार ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। इस दौरान कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रगतिपत्र व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व लगातार 1 से 7 वर्ष तक पूर्ण उपस्थिति दर्ज करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। परीक्षा में कुल 1419 छात्र शामिल हुए। जिनमें 1385 छात्र उत्तीर्ण रहे। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के सदस्य ओमप्रकाश सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

आयोजन

## जनपदीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पगड़ी पहनाकर किया गया सम्मानित

# जूनियर शिक्षक संघ के सेवानिवृत्त पदाधिकारी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



सेवानिवृत्त पदाधिकारी को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष, मंत्री व संरक्षक आदि।

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा 31 मार्च को सेवानिवृत हुए पदाधिकारियों का सम्मान समारोह गदनखेड़ा स्थित एक रेस्टोरेंट में हुआ। इसमें जनपदीय कार्यकारिणी में मंत्री चंद्र प्रकाश , सिकंदरपुर कर्ण के मंत्री व मंडलीय संयुक्त मंत्री रामबाबू सिंह व विकासखंड बिछिया के मंत्री अमर सिंह यादव को पदाधिकारियों ने मालायें व पगड़ी पहनाई और उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन जीने की कामना की।

कार्यक्रम में संरक्षक राघवेंद्र सिंह, अध्यक्ष अनुपम मिश्र, महामंत्री रामजन्म सिंह, कोषाध्यक्ष सरल कुमार, मंडलीय मंत्री अनिल शुक्ल, उपाध्यक्ष वरुण सिंह, अनूप शुक्ल, विवेक सिंह, अनिल दिवाकर, उमेश मिश्र, सुरेश कुमार, अरविंद शुक्ला, अरविंद पटेल, गोविंद मिश्रा, अजय पाटिल, प्रदीप सोनकर, कमलेश यादव, विनोद कुमार, दिनेश श्रीवास्तव, पंकज दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त पूर्व सैनिक शिक्षक सम्मानित

**उन्नाव :** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास बोर्ड कार्यालय में बुधवार को एक्स सर्विसमैन शिक्षक संगठन के तत्वावधान में उन शिक्षकों का सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया जो शिक्षक की सेवा से पूर्व सेना में रहकर सैनिक के रूप में कार्य कर चुके है और वह 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए हैं। विकासखंड नवाबगंज से सेवानिवृत होने वाले शिक्षक सार्जेंट सुनील वर्मा व विकासखंड बीघापुर से सेवानिवृत होने वाले शिक्षक राकेश सिंह परिहार को भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि बीएसए शैलेश पांडे, विशिष्ट अतिथि जिला सैनिक कल्याण अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर मधु मिश्रा, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा व खंड शिक्षाधिकारी नवाबगंज सूची गुप्ता उपस्थित रहीं। संचालन आरके यादव ने किया। अध्यक्ष आनंद किशोर सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक संवर्ग के जिलाध्यक्ष भरत चित्रांशी आदि ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

### नये शिक्षा सत्र का शुभारंभ छात्रों को मिलीं किताबें

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचारः** परिषदीय विद्यालयों में 1 अप्रैल से नया शिक्षासत्र शुरू हो गया। इसके तहत बुधवार को सिकंदरपुर कर्ण व सरोसी ब्लॉक के अधिकांश विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन सामग्री व पाठ्यपुस्तकें बांटी गईं। सरैयां स्थित प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को शासन से प्राप्त किताबें व शैक्षणिक सामग्री दी गई। किताबें पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इसमें शिक्षकों ने छात्रों को नियमित विद्यालय आने व मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत शिक्षकों ने घर-घर जाकर अभिभावकों व ग्रामीणों को जागरूक किया।

### वसूली से परेशान ऑटो चालकों ने दिया ज्ञापन



ज्ञापन देने जाते ऑटो चालक। ● अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार :** पड़ाव अड्डे के नाम पर ऑटो रिक्शा चालकों से अधिक वसूली किए जाने के आरोप लगे हैं। नवाबगंज में ऑटो चालकों से 30 रुपये वसूले जा रहे हैं। इससे नाराज ऑटो चालकों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया है। बता दें कि जिले भर में ऑटो, ई-रिक्शा, टेंपो व निजी बसों से पड़ाव अड्डे के नाम पर वसूली होती है। इसलिए नगर पालिका व पंचायतें टेंडर के माध्यम से अधिक बोली लगाने वाले को अधिकृत करती हैं। बुधवार को बड़ी संख्या में सीएनजी ऑटो चालक डीएम कार्यालय पहुंचे। उनका आरोप था कि नगर पंचायत नवाबगंज क्षेत्र में उनसे 20 की जगह 30 रुपये वसूले जा रहे है। सभी ने विरोध जताते हुए डीएम को संबोधित ज्ञापन देकर अधिक शुल्क पर रोक लगाने की मांग की। उनका कहना था कि जिले में ऑटो चालकों से 20 रुपए लिए जाते हैं। लेकिन अचानक 10 रुपए बढ़ना मनमानी है। इसमें रोक लगाई जाए। ज्ञापन देने वालों में गोपाल, नीरज शुक्ला, बबलू व अजय आदि मौजूद रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

### बाइकों की टक्कर में मां की मौत, बेटा घायल

**उन्नाव, अमृत विचार।** मौरावां थानांतर्गत रसूलपुर चौराहा पर दो बाइकों की टक्कर में वृद्धा की मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा उसका बेटा घायल हो गया। असोहा थानाक्षेत्र के चंदन खेड़ा गांव निवासी चंद्रकली (70) पत्नी स्व. गंगा प्रसाद यादव अपने छोटे बेटे सुरेश के साथ मौरावां के 100 बेड अस्पताल इलाज के लिए गई थी। वहां लौटते समय मौरावां थानाक्षेत्र के मोहनलाल गंज मार्ग स्थित रसूलपुर चौराहे पर पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। उछलकर सड़क पर सिर के बल गिरने से चंद्रकला गंभीर घायल हो गई। वहीं सुरेश भी चोटिल हो गया। दोनों को 100 बेड अस्पताल लाया गया। जहां से डॉक्टर ने महिला को जिला अस्पताल भेज दिया। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सुरेश को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। एसओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि सूचना मिली है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अधेड़ की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा राहतगंज बाजार निवासी फहीम पुत्र लाला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका चाचा नसीम पुत्र करीमउल्ला नशे का लती था। बुधवार को वह कस्बा के गुड्डा चौराहे के पास नशे में गिरकर घायल हो गया। सूचना पर उसे सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने शव मोर्चरी भेजा। फहीम ने बताया कि नसीम की पत्नी उसे छोड़ कर चली गई थी। उसके एक 12 साल का बेटा है। कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने पर मौत का सही कारण स्पष्ट होगा।

# लखनऊ-नई दिल्ली और वाराणसी-दिल्ली रूट पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** यात्रियों की बढ़ती भीड़ और गर्मी के मौसम को देखते हुए रेलवे ने लखनऊ-नई दिल्ली और वाराणसी-दिल्ली मार्ग पर विशेष ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार ट्रेन संख्या 04203/04204 (लखनऊ-नई दिल्ली-लखनऊ) तथा 04209/04210 (वाराणसी-दिल्ली-वाराणसी) को निर्धारित तिथियों में चलाया जाएगा, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। लखनऊ से नई दिल्ली के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 04203 का संचालन 20 अप्रैल 2026 से 13 जुलाई 2026 तक प्रत्येक सोमवार किया जाएगा। वापसी में 04204 नई दिल्ली से लखनऊ के लिए इसी अवधि में सोमवार को ही चलेगी। इस ट्रेन में वातानुकूलित, स्लीपर और जनरल कोच की व्यवस्था रहेगी। समय सारणी के अनुसार यह ट्रेन लखनऊ से सुबह 08:05 बजे रवाना होकर बालामऊ 9 बजकर 03 मिनट पर पहुंचेगी, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, अमरोहा, हापुड़ और गाजियाबाद होते हुए शाम 06:30 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। वहीं वापसी में नई दिल्ली से शाम 06:35 बजे चलकर प्रमुख बालामऊ जंक्शन स्टेशन पर रात 3 बजकर 58 मिनट पर रुकते हुए लखनऊ पहुंचेगी। हालांकि इस ट्रेन का ठहराव हरदोई रेलवे स्टेशन पर नहीं दिया गया है।

### वाराणसी-दिल्ली के बीच भी चलेगी एक स्पेशल ट्रेन, हरदोई में ठहराव

इसी तरह वाराणसी-दिल्ली रूट पर ट्रेन संख्या 04209/04210 का संचालन भी अलग-अलग दिनों में किया जाएगा। 04209 वाराणसी से दिल्ली के लिए 15 अप्रैल से 20 मई और 27 मई से 15 जुलाई 2026 तक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को चलेगी। जबकि 04210 दिल्ली से वाराणसी के लिए 16 अप्रैल से 21 मई और 28 मई से 16 जुलाई तक मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित होगी।

इस ट्रेन का ठहराव रायबरेली, लखनऊ, हरदोई, रामपुर, मुरादाबाद, हापुड़ और गाजियाबाद जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रहेगा। हरदोई रेलवे स्टेशन पर 04209 सुबह 5:03 पर पहुंचेगी जबकि डाउन में 04210 हरदोई रेलवे स्टेशन पर रात को 1:52 पर पहुंचेगी।रेलवे अधिकारियों का कहना है कि गर्मियों में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इन स्पेशल ट्रेनों की योजना बनाई गई है। इससे नियमित ट्रेनों में भीड़ कम होगी और यात्रियों को कंफर्म टिकट मिलने में आसानी होगी। यात्रियों से अपील की गई है कि यात्रा से पहले समय सारणी की जानकारी अवश्य जांच लें, ताकि असुविधा न हो।

## मुरादाबाद-लखनऊ रेलखंड पर इंटरलॉकिंग का असर, आधा दर्जन ट्रेनें प्रभावित

**हरदोई, अमृत विचार।** मुरादाबाद-लखनऊ रेलखंड पर मंगलवार शाम अचानक हुए इंटरलॉकिंग कार्य ने यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी। बिना पूर्व सूचना के शाम करीब 7 बजे से रात 8:30 बजे तक चले इस कार्य के कारण कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। मंडल रेल अधिकारियों के निर्देश पर कौढ़ा रेलवे स्टेशन के रेल समपार संख्या 287-88 पर यह तकनीकी काम किया गया, लेकिन इसकी जानकारी यात्रियों को पहले से नहीं दी गई थी, जिससे स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इंटरलॉकिंग के चलते अप और डाउन दोनों दिशाओं में चलने वाली ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर रोकना पड़ा। हरदोई, कौढ़ा और आसपास के अन्य स्टेशनों पर कई गाड़ियां खड़ी रहीं। कुछ ट्रेनों को कॉशन मेमो के साथ धीमी गति से आगे बढ़ाया गया, जिससे उनकी समयसारिणी पूरी तरह गड़बड़ा गई।

### इन ट्रेनों के संचालन पर पड़ा असर

हरदोई। रेलवे स्टेशन पर सद्भावना एक्सप्रेस, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस और दून एक्सप्रेस काफी देर तक रुकी रहीं, जिससे यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा। इसके अलावा जनसाधारण एक्सप्रेस, बरेली-प्रयागराज एक्सप्रेस, बेगमपुरा एक्सप्रेस समेत आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें प्रभावित हुईं ।यात्रियों का कहना था कि यदि रेल प्रशासन पहले से सूचना दे देता तो वे अपनी यात्रा की योजना बदल सकते थे। कई लोगों को जरूरी काम से जाना था, लेकिन ट्रेनों के अचानक रुक जाने से उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। रेलवे अधिकारियों का



कहना है कि इंटरलॉकिंग कार्य सुरक्षा की दृष्टि से जरूरी था, ताकि सिग्नल प्रणाली को बेहतर बनाया जा सके। हालांकि यात्रियों ने मांग की है कि भविष्य में इस तरह के कार्यों की जानकारी समय से दी जाए, ताकि अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके।

# स्वास्थ्य के साथ साफ-सफाई भी जरूरी

## नपा अध्यक्ष मधुर मिश्रा ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का किया शुभारंभ

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** जिले में बुधवार से प्रारंभ हो रहे संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और "दस्तक अभियान का 100 शैय्या चिकित्सालय नयागांव मुबारकपुर में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मधुर मिश्रा ने फीता काटकर शुभारम्भ किया।

नगर पालिका अध्यक्ष मधुर मिश्रा ने कहा कि संचारी रोगों से बचाव के लिए स्वास्थ्य के साथ-साथ साफ-सफाई अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नगर पालिका के कर्मचारियों और आम नागरिकों से अपील की कि वे अपने आस-पास पानी जमा न होने दें और जल



दस्तक अभियान का शुभारंभ करते नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुखसागर मिश्र। अमृत विचार

जनित बीमारियों (डेंगू, मलेरिया) के मच्छरों को पनपने से रोकें। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भवनाथ पांडेय ने बताया कि 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले इस महाभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ नगर पालिका, शिक्षा, और पंचायती राज विभाग सहित अन्य सहयोगी विभाग मिलकर कार्य करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी जीतेन्द्र कुमार, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हेमंत राजपूत तथा सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बिलग्राम संवाददाता के अनुसार कस्बे में डेंगू, मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों पर काबू पाने के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान आज से शुरू हुआ। बिलग्राम सीएचसी इन्चार्ज डॉ राजेन्द्र कुमार ने फीता काटकर इस अभियान का शुभारंभ किया। डॉ राजेन्द्र कुमार ने बताया कि एक महीने तक चलने वाले इस अभियान के दौरान संचारी रोगों के रोकथाम पर सबसे ज्यादा फोकस रहेगा। इसके लिए सीएचसी में अलग से बेड भी रिजर्व किये गए हैं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत गोबरहा विकास खंड रामनगर बाराबंकी**

पत्रांक: मेमो दिनांक: 01.04.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गोबरहा में मनरेगा योजना के अंतर्गत सी सी रोड से इरफान के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य कराया जाना प्रस्तावित है जिसमें सीमेंट, बालू, ईंट गिट्टी मौरंग,प्रथम श्रेणी ईंट इंटरलॉकिंग ईंट इत्यादि सामग्री क्रय की जानी है इसके लिए निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक फर्म धारक/ठेकेदार/ भट्ठा स्वामी निविदा प्रकाशन के 10 दिनों के अंदर अपनी अपनी निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय में डाल सकते हैं अंतिम दिन 2 बजे के बाद निविदा टेंडर ओपन कमेटी के द्वारा खोली जाएगी। सबसे न्यूनतम दर वाली निविदाएं ही स्वीकार्य की जायेंगी।

**उस्मान**
**ग्राम प्रधान गोबरहा**
**विकास खंड रामनगर बाराबंकी**

**अभय शुक्ला**
**ग्राम पंचायत सचिव गोबरहा**
**विकासखंड रामनगर बाराबंकी**



**अमृत विचार**

**क्लासीफाइड**

**विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें**


# आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे



**परियर उन्नाव, अमृत विचार।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के परियर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय सैदापुर में बुधवार नवीन शैक्षिक सत्र का आगाज हुआ। इसमें स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकालकर शिक्षा की अलख जगाई गई। सत्र के प्रथम दिन विद्यालय परिसर में नवीन प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का शिक्षकों ने तिलक लगाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने संयुक्त रूप से गांव की गलियों में जागरूकता रैली निकाली। रैली का मुख्य उद्देश्य 6 से 14 वर्ष के बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना, ड्रॉपआउट बच्चों को वापस स्कूल लाना व ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। इसमें प्रधानाध्यापक रामनारायण, शिक्षक नीलम बाजपेई, कोकिला देवी, सुरेन्द्र तिवारी, नूपुर गौतम व शिक्षामित्र जगजीवन आदि मौजूद रहे।

### दादा के पास पल रहे बच्चे की मौत, हत्या का आरोप

**हरदोई/साण्डी।** पति की मौत के बाद उसकी पत्नी अपने बच्चे को ससुराल में छोड़कर मायके चली गई थी। बच्चे को उसके दादा पाल रहे थे। बीमारी के चलते उसे लखनऊ में भर्ती कराया गया था, जहां बुधवार को मौत हो गई। शव गांव पहुंचा तो मामा ने उसकी हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस बुला ली। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव कब्जे में लेते हुए जांच शुरू कर दी है। साण्डी थाने के बघराई निवासी उत्तम पुत्र शिवप्रताप ने पिछले साल 18 फरवरी को फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। तब उसके एक दो महीने का दुधमुंहा बच्चा था। पत्नी अर्चना उसे दादा शिवप्रताप के पास छोड़कर मायके बिरमीपुर कोतवाली बिलग्राम चली गई थी। शिवप्रताप ने बताया कि 15 महीने का पोता बीमार पड़ गया, जिसे चार दिन पहले लखनऊ में भर्ती कराया था। जहां बुधवार की सुबह उसकी आईसीयू में मौत हो गई। बच्चे का शव गांव उठा लाए शिवप्रताप ने इस बारे में अर्चना को सूचना दी।

### शिक्षा से ही संभव है उन्नति : अर्जुन दिवाकर

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव नसिरापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को पुस्तक वितरण समारोह आयोजित हुआ। इसमें ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुन लाल दिवाकर ने छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित कीं। कहा कि मानव जीवन की सामाजिक व आर्थिक उन्नति का एकमात्र मार्ग शिक्षा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बुधेड़ा विकास खंड रामनगर, बाराबंकी**

पत्रांक: मेमो दिनांक: 01.04.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बुधेड़ा में मनरेगा योजना के अंतर्गत प्रदीप के घर से व मानिकचंद्र के घर से विद्या प्रसाद के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य कराया जाना प्रस्तावित है जिसमें सीमेंट, बालू, ईंट गिट्टी मौरंग,प्रथम श्रेणी ईंट इंटरलॉकिंग ईंट इत्यादि सामग्री क्रय की जानी है इसके लिए निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक फर्म धारक/ठेकेदार/भट्ठा स्वामी निविदा प्रकाशन के 10 दिनों के अंदर अपनी अपनी निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय में डाल सकते हैं अंतिम दिन 2 बजे के बाद निविदा टेंडर ओपन कमेटी के द्वारा खोली जाएगी। सबसे न्यूनतम दर वाली निविदाएं ही स्वीकार्य की जायेंगी।

**शीला देवी**
**ग्राम प्रधान – बुधेड़ा**
**विकास खंड रामनगर बाराबंकी**

**बीना चतुर्वेदी**
**ग्राम पंचायत सचिव – बुधेड़ा**
**विकासखंड रामनगर बाराबंकी**


### ब्रजेश त्रिपाठी को सौंपा गया प्रधानाचार्य का कार्यभार

**औरास उन्नाव, अमृत विचार।** कस्बा औरास में राष्ट्रीय इंटर कॉलेज की स्थापना सन-1969 में हुई थी। स्थापना के बाद से शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को पठन पाठन का कार्य किया जा रहा था। लम्बे अर्से के बाद मार्च 2024 में सरकार द्वारा इस विद्यालय को अनुदान सूची में शामिल किया गया। शिक्षकों में सबसे सीनियर होने के नाते रामशंकर अवस्थी



को प्रथम प्रधानाचार्य के रूप में नियुक्त किया गया। जिनका 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत होने के बाद शुक्रवार को पूर्व मंडल अध्यक्ष व शिक्षक ब्रजेश त्रिपाठी को प्रबंधक मधुसूदन पाण्डे ने विद्यालय के प्रधानाचार्य के लिए कार्यभार सौंपा। नव नियुक्त प्रधानाचार्य ने कहा कि वह अपना कार्य सच्ची निष्ठा से करेंगे। इस दौरान पूर्व प्रधानाचार्य बाबूराम त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष राकेश कुमार, शिवमोहन सिंह, संतोष मिश्रा, रामजी गुप्ता, प्रकाश मिश्रा, अवधेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीणों को किया जागरूक

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** बुधवार को विकासखंड के कई विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकालकर व ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ब्लाक प्रमुख ने रैली का शुभारंभ किया। ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद ने बुधवार को कम्पोजिट



ग्राम चौपाल कार्यक्रम में मौजूद स्कूली बच्चे और मुख्य अतिथि।

विद्यालय हरदासपुर के बच्चों द्वारा स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली जा रही रैली का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई बांटी। रैली के माध्यम से गांव में भ्रमण करते हुए बच्चों ने हाथों में श्लोगनों की तख्तियां लेकर, एक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा टूटा, आधी रोटी खाएगें, स्कूल पढ़ने जाएंगे आदि नारे लगाते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली में प्रधानाध्यापक संजय शुक्ला, जरीन बानू, दिनेश कुमार, प्रीती पाल, राजीव गुप्ता, सुधीर रावत आदि रहे।


**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी शिवगढ़, रायबरेली**

पत्रांक: 03/नि0का0निविदा/क्षेत्र पंचायत/2026-27 दिनांक:- 01.04.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्षेत्र पंचायत शिवगढ़ रायबरेली में पंजीकृत वर्ष 2026-27 के ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत शिवगढ़ में राज्य वित्त/केन्द्र वित्त आयोग मद से प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो हेतु दिनांक 23.04.2026 को निविदा कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी शिवगढ़ रायबरेली में आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे निविदा कमेटी के समक्ष खोली जायेगी। टेण्डर फार्म बिक्री दिनांक 20.04.2026 से 23.04.2026 को 12:00 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय शिवगढ़ में की जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ 02 प्रतिशत जमानत की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो खण्ड विकास अधिकारी शिवगढ़ रायबरेली के पदनाम से बन्धक हो जमा करना होगा। निविदा स्वीकृति के पश्चात् 08 प्रतिशत जमानत की धनराशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में जमा करना होगा। अन्यथा प्रथम बीजक बिल से कटौती कर ली जायेगी। निविदा के साथ ठेकेदारों को हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र आदि की प्रमाणित छायाप्रतियां लगाना अनिवार्य होगा। बिना कारण बतायें किसी भी निविदा या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी शिवगढ़ रायबरेली में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | कार्य की अनुमानित लाख रू0 में | धरोहर की 02 प्रतिशत धनराशि | टेण्डर का मूल्य | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भौसी आदर्श कृषक स्कूल के पास पानी की टंकी/आर0 ओ0 की स्थापना | के0वि0(टाईड) | 2.66 | 5400 | 600 | 2 माह |
| 2. | विकास खण्ड कार्यालय में सोलर/मरम्मत, पावर बैटरी एंव इन्वर्टर क्रय | के0वि0(टाईड) | 2.99 | 6000 | 600 | 2 माह |
| 3. | गाव की आबादी से नहर की पटरी तक सी0सी0 रोड का निर्माण पडरिया | के0वि0(टाईड) | 3.88 | 7700 | 800 | 2 माह |
| 4. | संतोष शर्मा के घर से दुर्गेश मौर्या के घर तक नाली व इण्टर लाकिंग निर्माण सीवन | के0वि0(टाईड) | 2.48 | 5000 | 500 | 2 माह |
| 5. | पुरवियय ओसाह में डामार रोड से शिव मन्दिर तक इण्टर लाकिंग निर्माण | के0वि0(अनटाईड) | 2.76 | 5600 | 600 | 2 माह |
| 6. | डामर रोड से वाजिदपुर माईनर होते हुये अजय सिंह के खेत तक इण्टर लाकिंग बहुदाकला | राज्य वित्त | 7.25 | 14500 | 1500 | 2 माह |
| 7. | बलभद्र खेडा मजरे देहली में पंचायत भवन के आगे से बस्ती की ओर नाली व इण्टर लाकिंग निर्माण | के0वि0(टाईड) | 7.93 | 15900 | 1500 | 2 माह |
| 8. | डामर रोड से रामजियावन के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण जसवंतखेडा | राज्य वित्त | 9.90 | 19800 | 1500 | 2 माह |
| 9. | पूरे देवनी पुरवा में सी0सी0रोड से डामर रोड तक इण्टर लाकिंग निर्माण दहिगवाँ | राज्य वित्त | 9.99 | 20000 | 1500 | 2 माह |
| 10. | डामर रोड से दुर्गा खेडा पानी टंकी की ओर इण्टर लाकिंग निर्माण बैती | राज्य वित्त | 9.52 | 19100 | 1500 | 2 माह |
| 11. | इस्लाम के घर के बगल से देव नरायण के दरवाजे तक इण्टर लाकिंग निर्माण पूरे पण्डित गुमावाँ | राज्य वित्त | 9.67 | 19400 | 1500 | 2 माह |
| 12. | कसना में गोपाली के दरवाजे से सतीश की बाग तक इण्टर लॉकिंग निर्माण कसना | राज्य वित्त | 9.99 | 20000 | 1500 | 2 माह |
| 13. | बी0डी0सी0 यादव के घर से सी0सी0रोड तक इण्टर लाकिंग निर्माण अछई | के0वि0(अनटाईड) | 9.97 | 20000 | 1500 | 2 माह |
| 14. | पठकनपुरवा सम्पर्क मार्ग से कालीमाता मन्दिर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कुम्भी | राज्य वित्त | 6.77 | 13600 | 1400 | 2 माह |
| 15. | हैदरगढ़ बछरावों मार्ग से बाबा भगवानदास की कूटी तक इण्टर लाकिंग निर्माण | राज्य वित्त | 6.86 | 13800 | 1400 | 2 माह |
| 16. | लक्ष्मणपुर में काली देवी इण्टर लाकिंग से पतुरिया कुवाँ तक इण्टर लाकिंग निर्माण | के0वि0(अनटाईड) | 9.99 | 20000 | 1500 | 2 माह |
| 17. | प्रेम शंकर सोनी के घर से शिवशंकर मौर्या के घर तक नाली व इण्टर लाकिंग निर्माण सीवन | के0वि0(अनटाईड) | 1.42 | 2900 | 300 | 2 माह |
| 18. | राजेन्द्र भदोरिया के खेत से छेदी यादव के खेत तक खडण्जा निर्माण | राज्य वित्त | 8.35 | 16700 | 1500 | 2 माह |
| 19. | राम लौटन के दरवाजे से रामसजीवन के दरवाजे तक इण्टर लाकिंग निर्माण भौसी | राज्य वित्त | 9.21 | 18500 | 1500 | 2 माह |
| 20. | महरानी खेडा गोविन्द में जितेन्द्र के दरवाजे से हलोर ओसाह मार्ग की ओर इण्टर लाकिंग निर्माण | राज्य वित्त | 9.67 | 19400 | 1500 | 2 माह |
| 21. | राम कुमार के खेत से दिनेश यादव के खेत तक खडण्जा निर्माण पडरिया | राज्य वित्त | 1.56 | 3200 | 300 | 2 माह |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**शिवगढ़ रायबरेली**


# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोह लिया मन




वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** विकासखंड सफीपुर के हमजापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में बीईओ अनीता शाह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया। कक्षा 5 की छात्रा शिवांशी को शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया। ऋतिक, प्रियंका, लकी, आसानी व प्रियांशी को शिक्षा किट दी गई। नवीन सत्र में प्रवेश लेने वाले बच्चों को पाठ्य पुस्तकें, पेंसिल व कॉपियां देकर स्वागत किया। बच्चों ने नृत्य, नाटक व लघु कथाओं से अपनी कला का प्रदर्शन किया। बीईओ ने कहा कि स्कूलों में नामांकन बढ़ाना सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने इस वर्ष 10 प्रतिशत नामांकन वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया। शिक्षक नेता संजीव संखवार ने अभिभावकों से कहा कि परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत उच्च प्रशिक्षित शिक्षक बच्चों का सही मार्गदर्शन कर रहे हैं। इसमें विश्वनाथ तिवारी, अभिषेक श्रीवास्तव, अमरेंद्र कुमार, ज्ञानेंद्र कुशवाहा, आशुतोष त्रिपाठी, सर्वेश दीक्षित, शिक्षक नेता तौसीफ अली व अमित तिवारी मौजूद रहे।


**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम मुवेक सचान पुत्र जय प्रकाश सचान पता मीनापुर कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे व मेरे पिता के इसी सही नाम को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। **मुवेक सचान पुत्र जय प्रकाश सचान निवासी मीनापुर कानपुर देहात**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैंने अपना नाम ABDUL QADIR RIZVI से बदल कर ABDUL QADIR रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: MOHAMMAD ISLAM R/O: AGAIYA CHAURAHA, PARSA AGAIYA, PO- HANDA BASEHRI, BAHRAICH

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1232685910 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। नाम- **लायबा खान पुत्री मेराज खान निवासी मोहल्ला महराजगंज नई बस्ती उतरौला रोड जिला गोंडा (उत्तर प्रदेश)**

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम NIRAJ KUMAR (नीरज कुमार) पुत्र राम सिंह पता बलुआपुर नौबस्ता कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे इसी सही नाम NIRAJ KUMAR (नीरज कुमार) को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। NIRAJ KUMAR **(नीरज कुमार) पुत्र राम सिंह निवासी बलुआपुर नौबस्ता कानपुर देहात**

**सूचना**

मेरे पुत्र संजय कुमार व पुत्र वधू साधना देवी पत्नी संजय कुमार के चालचलन ठीक न होने, बात न मानने, आये दिन परिवार में झगड़ा करने से घर में अशांति का वातावरण बना रहता है। समझाने पर भी दोनों आदतों से बाज नहीं आ रहे। इसीसे परेशान होकर मैने दोनों से सम्बंध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया। इन दोनों की ओर से किये गये किसी भी कार्य के वह खुद के जिम्मेदार होंगे। **राम प्रकाश पुत्र बाबू रामनिवासी वसावनपुर्वा, मौजा व थाना ठठिया जनपद कन्नौज।**

**सूचना**

यह की मैं शपथी शपथ पूर्वक बयान देती हूँ। की मेरा नाम **प्रतिमा पत्नी संजय कुमार निवासिनी वार्ड नंबर 1 निकट घसियारी मंडी तिकोना पार्क लालगंज लालगंज बाज़ार रायबरेली** की हूँ। मेरा नाम बैंक ऑफ इंडिया शाखा ने अभिलेखों पर प्रतिमा संजय धानुक दर्ज हो गया है जबकि मेरा असली नाम प्रतिमा पत्नी संजय कुमार है जोकि सही है मुझे प्रतिमा पत्नी संजय कुमार इसी नाम से मुझे जाना वा पहचाना जाये।

**शुद्धि पत्र**

दिनांक 01.04.2026 को ग्राम पंचायत गौरीडीह खालसा द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना में निविदा खोलने का समय दिनांक 08.04.2026 को समय दोपहर 2:00 बजे है।

**आज्ञा से**
**मनोज यादव**
**सचिव - गौरीडीह खालसा,**
**विकासखंड पल्हनी, आजमगढ़**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SUSHIL KUMAR SAXENA था से बदल कर SUSHIL KUMAR रख लिया है। अब मुझे SUSHIL KUMAR के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O Late RADHEY SHYAM SAXENA ADDRESS - 3/378 VISHAL KHAND GOMTI NAGAR LUCKNOW 226010 Ph.No-7007972995

**सूचना**

मैं **प्यारे लाल पुत्र स्व0 अंगनू निवासी ग्राम कुण्डरा खुर्द परगना व तहसील व थाना मलिहाबाद जिला लखनऊ,** मैने दो वर्ष पूर्व पेपर द्वारा प्रकाशित करवाया था कि मेरे पुत्र का चाल चलन व उसका कृत्य सही नही है। और प्रकाशित करवा कर उसे अपने परिवार व अपनी चल -अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था । यहकि उसी समय से अब मेरे पुत्र बब्लू कुमार का मेरे प्रति सही आचरण व परिवार के प्रति सही चालो चलन व उसके कृत्य सही चल रहे है। जिस कारण अब मैं अपने पुत्र बब्लू कुमार को अपने परिवार व अपनी चल अचल सम्पत्ति मे मिला लिया है। जिसका कृत्य व चालो चलन व आचरण अब सही है। जिसे अब पुन: प्रकाशन करवा रहा है ।

**सूचना**

मैं JYOTSHNA DIXIT पत्नी श्री SHASHANK ANAND, निवासी-5/688, सेक्टर-5, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर JYOTSNA DIXIT कर लिया है, अत: आज से मुझे JYOTSNA DIXIT के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**

मैं MITHLESH KUMARI PANDEY पत्नी श्री VIDHU KANT - D/O MR- BRAHMA DEV PANDEY, निवासी-5/688, सेक्टर-5, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर MITHLESH PANDEY कर लिया है, अत: आज से मुझे MITHLESH PANDEY के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**आवश्यकता है**

बस वैन चालकों, म्यूजिक शिक्षको की। वायोडाटा शैक्षिक अंकपत्रो के साथ शीघ्र सम्पर्क करें। **प्रधानाचार्या, बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी, बेलीगारद, सेक्टर-पी अलीगंज, लखनऊ।**

**NOTICE**

I, VAIS KHAN S/O MOHAMMAD ATHAR, R/O - VILL-MUJAHNI, POST-GUMARI, BALRAMPUR, UP, HEREBY INFORM EVERYONE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO MOHD. JUBER, AND HENCEFORTH I SHOULD BE KNOWN, IDENTIFIED, AND ADDRESSED AS MOHD. JUBER.

न्यूज ब्रीफ

## 100 से अधिक गुमशुदा और अपहृत खोजे

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले की पुलिस ने विभिन्न थानों से गुमशुदा व अपहृत 118 लोगों को मार्च माह में आपरेशन स्माइल के तहत बरामद किया। पुलिस द्वारा लगातार आपरेशन स्माइल चलाया जाता है। इसी कड़ी में शहर कोतवाली, हरियावां व संडीला में 7-7, मझिला में 1, सुरसा, कासिमपुर, अतरौली, सवायजपुर व माधौगंज से 2-2, बघौली, हरपालपुर, बेहटा गोकुल में 3, मल्लावां, बेनीगंज व कछौना में 5-5, बिलग्राम, लोनार, पाली, पचदेवरा व अरवल में 4-4, सांडी, पिहानी में 6-6, टड़ियावां में 8, शाहाबाद व देहात कोतवाली में 10-10 मुकदमों में वांछित गुमशुदा व अपहतों को पुलिस ने बरामद कर लिए।

## भट्ठा मजदूर का पेड़ पर लटका मिला शव

**अतरौली, हरदोई।** थाना क्षेत्र के ग्राम चतुरखेड़ा में ईंट भट्ठा पर काम करने वाले मजदूर का शव पेड़ में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। लखनऊ जनपद में माल थाना के ग्राम अलमापुर निवासी युवक रज्जन रावत ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। बुधवार की सुबह अतरौली थाना क्षेत्र में जलालपुर के सामने एक पेड़ पर शर्ट के सहारे रज्जन रावत का शव लटकता मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। पत्नी की सूचना पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। वह पांच महीने से चत्तुर खेड़ा के भट्ठे पर रहता था। पत्नी के साथ एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं। इंस्पेक्टर सतीश चन्द्र ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## अजय मिश्रिख लोस के प्रभारी नियुक्त हुए

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** मिश्रिख लोकसभा से आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने अपने संगठन को और मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए अजय चौधरी को 32 मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त कर दिया है। यह नियुक्ति पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़गढ़ और प्रदेश अध्यक्ष कार्यालय प्रभारी अमित कुमार गौतम के निर्देशों व अनुशंसा पर की गई है।

# स्कूल चलो अभियान को दिखाई हरी झंडी

## सैकड़ों स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने रैली में शामिल होकर शिक्षा की जगाई अलख

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिले में नवीन शैक्षिक सत्र 2026-27 में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ समारोहपूर्वक हुआ। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट से सिनेमा चौराहा, अटल चौक से होते हुए रसखान प्रेक्षागृह तक बेसिक व माध्यमिक शिक्षा के बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा तथा बीएसए डॉ अजित सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में नगर क्षेत्र हरदोई, बावन, टड़ियावां, सुरसा के 500 से अधिक बच्चे तथा 200 से अधिक शिक्षक सम्मिलित हुए। रसखान प्रेक्षागृह पहुंचने पर बच्चों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्राथमिक विद्यालय सनफ़रा के बच्चों द्वारा पीटी का अद्भुत प्रदर्शन किया गया।

रसखान प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने जनपद के बेहतर शैक्षिक वातावरण के लिए विभाग के समस्त अधिकारी, कर्मचारी तथा शिक्षकों की



रैली को रवाना करती जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, सीडीओ सान्या छाबड़ा व बीएसए डॉ अजित सिंह।



हाथों में तख्तियां लेकर स्कूल चलो अभियान की रैली में शामिल स्कूली बच्चे। अमृत विचार

प्रशंसा की। उन्होंने जनपद के निपुण विद्यालय आकलन में लखनऊ मंडल में प्रथम स्थान पर आने तथा संख्यात्मक रूप से प्रदेश में सर्वाधिक निपुण विद्यालय घोषित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

सीडीओ सान्या छाबड़ा ने समस्त शिक्षकों से नामांकन योग्य सभी बच्चों का विद्यालयों में नामांकन कराए जाने का आह्वान किया। बीएसए ने सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया एवं विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रा. वि. जलाखरपुरवा तथा बावन में कक्षा 1 में 10 बच्चों का नामांकन कराया गया। सभी नव प्रवेशी बच्चों को पुस्तकें तथा स्टेशनरी किट देकर सम्मानित किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय मुजाहिदपुर के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह ने बच्चों को खेलकूद पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, एसआरजी, एआरपी, शिक्षक, कार्यालय स्टाफ तथा बच्चे उपस्थित रहे। कछौना संवाददाता के अनुसार विकासखंड के ग्राम कामीपुर स्थित मुख्यमंत्री अभ्युदय स्कूल में छात्र-अभिभावक सम्मान समारोह एवं नवीन सत्र के अंतर्गत स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शैक्षिक सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणाम भी वितरित किए गए। परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को उनके अंक पत्रों के साथ पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों को भी उनके सहयोग के लिए सम्मानित किया गया।



विद्यालय परिवार के साथ पुरस्कृत बच्चे। अमृत विचार

## परीक्षाफल व विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** प्राथमिक विद्यालय कुरना टिमरुख, सण्डीला में वार्षिकोत्सव व परीक्षाफल एवं विदाई समारोह सत्र 2025-26 का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान महदेई पत्नी हेमनाथ, पूर्व प्रधान फहीम अहमद, शमीम अहमद, सम्मानित ग्राम वासी, Sअध्यक्ष एवं समस्त विद्यालय स्टॉफ की उपस्थिति में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा नाटक, विदाई गीत का मनमोहक प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार बाजपेई ने कक्षा 1 एवं कक्षा 2 की कक्षा अध्यापिकाओं कु० अनामिका चौधरी व प्रतिभा को अंग वस्त्र व डायरी पेन देकर सम्मानित गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक नुज़हत, नेहा सिंह, अशोक कुमार, अंजना मौजूद रहे।

## बच्चों ने साफ-सफाई का दिया संदेश

**हरदोई, अमृत विचार।** देश को रोग मुक्त बनाने के लिए संचारी रोग नियंत्रण एंव दस्तक अभियान की शुरुआत के साथ ही बुधवार से स्कूल चलो अभियान शुरु हुआ। बच्चों ने साफ-सफाई पर ध्यान रखने, अपने गांव और मोहल्ले के वातावरण को स्वच्छ रखते हुए समुदाय को स्वच्छता अपनाने के लिए जागरूक करने की शपथ ली। उसके बाद स्कूल चलों अभियान की रैली निकाल कर शिक्षा के लिए प्रेरित किया। बावन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय जोगीपुर में प्रधानाध्यापिका तरन्नुम खातून ने बच्चों और उनके अभिभावकों से कहा कि गांव या आस-पड़ोस में कोई बुखार से पीड़ित मिलता है तो उसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाने के लिए प्रेरित करें।

# बेरआ गांव में शनि देव की मूर्ति तोड़ी, लोगों में आक्रोश

संवाददाता, कछौना, हरदोई

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बेरआ गांव में अराजक तत्वों ने शनि देव की प्राचीन मूर्ति तोड़ दी। सुबह की जानकारी होते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।

मामले की सूचना मिलते ही कछौना थाना प्रभारी अमित सिंह तुरंत फोर्स के साथ गांव पहुंचे और लोगों को शांत कराया। उन्होंने बताया कि मूर्ति को तत्काल दोबारा स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है। अराजक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा, कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। लेकिन मांग की कि जल्द दोषियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाए।



शनिदेव की खंडित प्रतिमा।

# ट्रकों के बीच फंसे दोस्त को बचाने में दोनों की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** दो दोस्त डेयरी से दूध लेकर पैदल घर लौट रहे थे। तभी एक दोस्त आमने-सामने आ रहे दो ट्रकों के बीच फंस गया। दूसरा दोस्त उसे बचाने दौड़ा, लेकिन ट्रकों की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को सीएचसी कछौना पहुंचाया, जहां एक दोस्त की मौत हो गई, जबकि दूसरे ने 100 बेड हास्पिटल पहुंचते ही दम तोड़ दिया। मंगलवार की रात बघौली रेलवे क्रासिंग पर हुए हादसे के बाद दोनों ड्राइवर ट्रक वहीं छोड़ कर भाग निकले।

बताया गया है कि बघौली थाने के ककरहिया निवासी 18 वर्षीय पुष्पेंद्र पुत्र श्रीकिशन और उसी गांव निवासी 19 वर्षीय कन्हैया लाल पुत्र कमलेश कुमार के बीच गहरी दोस्ती थी। मंगलवार को दोनों एक साथ बघौली रेलवे क्रासिंग से कुछ दूरी पर नीरज पाण्डेय की डेयरी से दूध लेकर पैदल घर लौट रहे थे। बताते हैं कि रेलवे क्रासिंग के पास पहुंचते ही दो ट्रक आमने-सामने आने से पुष्पेंद्र उनके बीच फंस गया। दोस्त की चीख सुनकर कन्हैया लाल उसे बचाने दौड़ पड़ा। लेकिन ट्रकों की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी कछौना में कन्हैया लाल की और पुष्पेंद्र की 100 बेड हास्पिटल में मौत हो गई।




पुष्पेंद्र व कन्हैया लाल की फाइल फोटो।

- बघौली रेलवे क्रासिंग पर मंगलवार रात हुआ हादसा
- डेयरी से दूध लेकर पैदल घर लौट रहे थे दो जिगरी दोस्त

### ककरहिया में मचा रहा कोहराम

**हरदोई।** लोग बताते हैं कि पुष्पेंद्र और कन्हैया लाल की दोस्ती इतनी गहरी थी कि दोनों एक-दूसरे के बगैर घर से तक नहीं निकलते थे। घर वालों ने डेयरी से दूध लाने की ज़िम्मेदारी उन दोनों को सौंप रखी थी, मंगलवार की रात दोनों अपनी ज़िम्मेदारी निभाने के लिए साथ-साथ घर से निकले और साथ ही साथ हादसे की चपेट में आने से दोनों की साथ-साथ मौत हो गई। सड़क हादसे में दोनों की दर्दनाक मौत होने की खबर पहुंचते ही ककरहिया में कोहराम बरपा हो गया।

### अचानक बिगड़े मौसम से टला हंगामा

**हरदोई।** बघौली रेलवे क्रासिंग के पास हुए हादसे में पुष्पेंद्र और कन्हैया लाल की मौत की खबर सुन कर वहां काफी भीड़ इकट्ठा हो गई, लोग सड़क पर जाम लगाने की कोशिश कर रहे थे, उसी बीच बादलों में गड़गड़ाहट के साथ तेज़ आंधी के साथ पानी आने से वहां लगी भीड़ तितर-बितर हो गई, ऊपर से वहां पहुंची पुलिस की सख्ती के आगे भीड़ एक पल के लिए नहीं टिकी।

### कोतवाली देहात व कछौना पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**हरदोई।** गहरे दोस्त पुष्पेंद्र और कन्हैया लाल की एक ही हादसे में मौत हुई, लेकिन अलग-अलग पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया। कछौना पुलिस ने कन्हैया लाल के शव का पंचनामा कर उसका पोस्टमार्टम कराया, वहीं कोतवाली देहात की पुलिस ने पुष्पेंद्र के शव पोस्टमार्टम कराया।

पुष्पेंद्र और कन्हैया लाल खेती-बाड़ी करते थे। उधर हादसा होते ही ड्राइवर अपने ट्रक रेलवे क्रासिंग के पास छोड़ कर भाग निकले, पुलिस जांच कर रही है।

# नियम-ताक पर रख प्रधानों के निजी खाते में हो रहा भुगतान

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास निधि के उपयोग में नियमों को दरकिनार कर निजी खातों में भुगतान लेने के आरोपों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। ग्राम पंचायतों में सामने आ रहे मामलों में जहां प्रधानों पर विकास निधि का पैसा अपने खातों में लेने के आरोप लग रहे हैं, कार्रवाई न होने से व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

विकास खण्ड शाहाबाद की ग्राम पंचायत नरसियामऊ में भी इसी तरह का मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्राम प्रधान कश्मीर सिंह द्वारा लेबर, मिस्त्री तथा अन्य मदों के नाम पर भुगतान अपने निजी खाते में लिया गया। मामला उजागर होने के बावजूद अब तक जांच या कार्रवाई नहीं हुई। केद्रीय सरकार द्वारा संचालित एक सरकारी बेबसाइट पर उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में वाउचर संख्या 5टीएचएसएफसी/2025-26/पी/31 दिनांक 16 जनवरी 2025 के माध्यम से गौशाला के लिए तिरपाल खरीद के नाम पर 8,000 रुपये तथा वाउचर संख्या 55टीएचएसएफसी/2025-26/पी/42 के माध्यम से कंप्यूटर मरम्मत के नाम पर 10,500 रुपये भुगतान किए गए। वित्तीय वर्ष 2024-25 में गौशाला लेवलिंग के नाम पर 9,500 रुपये तथा आकस्मिक व्यय के नाम पर 10,000 रुपये निकाले गए। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2022-23 में गौशाला में खाई खुदाई के नाम पर विभिन्न वाउचर के माध्यम से कुल 1,82,100 रुपये प्रधान के निजी खाते में भुगतान किए गए। इसके अलावा खाई खुदाई के नाम पर राशिद को भी दो वाउचर के माध्यम से 97,100 रुपये का भुगतान दिखाया गया है। सवाल उठ रहा है कि जब खुदाई जेसीबी मशीन से कराई गई थी, तो अतिरिक्त खुदाई दर्शाकर भुगतान किस आधार पर किया गया। इसके अतिरिक्त शौचालय निर्माण मजदूरी तथा प्राथमिक विद्यालय जमलापुर में टायलीकरण कार्य के नाम पर भी विभिन्न तिथियों में हजारों रुपये प्रधान के खाते में भुगतान किए जाने का आरोप है। आरोप है कि अन्य मदों में भी इसी प्रकार भुगतान लेकर नियमों की अनदेखी की गई और वित्तीय प्रक्रियाओं की धज्जियां उड़ाई गईं।

### अधिकारी बोले

खण्ड विकास अधिकारी शाहाबाद दिनेश शर्मा ने बताया कि शासनादेश के अनुसार कोई भी ग्राम प्रधान लेबर, मिस्त्री या अन्य मदों का भुगतान अपने निजी खाते में नहीं ले सकता। इसी तरह जिला पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार ने भी स्पष्ट किया कि प्रधान केवल अपने मानदेय के अतिरिक्त किसी अन्य मद का पैसा निजी खाते में प्राप्त नहीं कर सकता।

# अति कुपोषित बच्चों को तत्काल भर्ती कराएं

**हरदोई, अमृत विचार।** स्वामी विवेकानन्द सभागार में बुधवार को आयोजित आयुष विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ सान्या छाबड़ा ने आयुष केन्द्र चिकित्सकों को निर्देश दिये कि नियमित अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जाकर कुपोषित बच्चों की जांच करें और अति कुपोषित बच्चों को तत्काल एनआरसी पर भर्ती करायें। उन्होने कहा इसके अतिरिक्त अपने क्षेत्र में आने वाले प्राथमिक विद्यालयों के भी छोटे बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करें और दवायें आदि उपलब्ध करायें। सीडीओ ने कहा कि चिकित्सक आयुष केन्द्रों पर आने वाले ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण करें और उचित दवायें उपलब्ध करायें। जिला आयुवेर्दिक एवं यूनानी अधिकारी आशा रावत को निर्देश दिये कि सभी आयुष केन्द्रों पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करायें और जो दवायें नही है उनकी डिमान्ड भेजें। बैठक में सभी आयुष केन्द्र प्रभारी आदि उपस्थित रहे।



समीक्षा बैठक को संबोधित करती सीडीओ सान्या छाबड़ा। अमृत विचार

# मिशन शक्ति की टीम ने चौपाल में बालिकाओं को किया जागरूक

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** मॉडर्न मल्लावां पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम / एंटीरोमियो टीम द्वारा एक चौपाल का आयोजन जिसमें बालिकाओं को महिला उत्पीड़न से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1930, 181, 108, 102, आदि की जानकारी दी गई। इसके अलावा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया गया। छोटी बालिकाओं को गुड टच बैड टच के बारे मे बताया गया। महिलाओं व बालिकाओं को साइबर आपराध के बारे मे जानकारी देकर बचाव के उपाय भी बताये गये व साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताया गया। इस दौरान उपनि. महमूद आलम, महिला कनिस्टेबल रुक्मणि तिवारी सहित विद्यालय का स्टॉफ मौजूद रहा।



मल्लावां में चौपाल लगाकर बालिकाओं को जागरूक करती पुलिस टीम। अमृत विचार

## कुल शरीफ की रस्म अदा अकीदतमंदों की रही भीड़

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे में मीर सैय्यद हज़रत मौलाना हाफिज व कारी मुफ़्ती फिरंगी महल जैनुल आब्दीन वास्ती पीरो मुर्शीद हुज़ूर मखदूम-ए-मिल्लत सैय्यद उवैस मुस्तफा वास्ती की सरपरस्ती में और ज़ेरे निगरानी सैय्यद फ़ैजान मियां वास्ती, सैय्यद अली मियां वास्ती की रही धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और अकीदत के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन बाद नमाज़ किया गया, जिसमें सबसे पहले कुरान खानी का सिलसिला हुआ और देश-प्रदेश में अमन-चैन व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गईं।

# घरेलू गैस की पर्ची नहीं मिलने पर महिलाओं ने सड़क पर लगाया जाम

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** गैस एजेंसी पर गैस पर्ची न मिलने के कारण महिलाओं ने बिल्हौर कटरा मार्ग पर खाली सिलेंडर रखकर सड़क जाम कर दिया। विकास खण्ड क्षेत्र के गांव रुदामऊ में स्थित इंडेन गैस एजेंसी जहां बुधवार को महिलाएं गैस पर्ची लेने पहुंची तो गैस एजेंसी बंद थी जिससे आक्रोषित होकर गीता, पूजा गुड़िया, सुषमा, ममता, चंदानी आदि दर्जनों महिलाओं ने खाली सिलेंडर रख करके सड़क पर बैठ गई। मार्ग जाम होने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं को समझा बुझा कर मार्ग खाली कराया। इस दौरान कच्चे मार्ग से गुजरने के प्रयास में एक बस का पहिया धंस गया। गैस एजेंसी के कर्मचारी अमित गुप्ता ने बताया कि सर्वर डाउन होने के कारण एजेंसी के कार्य बाधित रहा है। हंगामे के बाद सर्वर डाउन की सूचना कार्यालय के बाहर चस्पा की गई।

आयोजन

विश्व हिन्दू परिषद हरदोई द्वारा मनाया गया रामोत्सव कार्यक्रम

# देश उत्थान की विचारधारा वाला हर व्यक्ति है हिंदू : विजय

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी का रामोत्सव कार्यक्रम विहिप हरदोई द्वारा मेडिकल कॉलेज परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अवध प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप रहे। उन्होंने कहा हिंदू केवल एक धर्म नहीं है बल्कि भारत की रक्षा, भारत की अखंडता, भारत के संस्कार, सेवा भाव रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति हिंदू है।

मुख्य अतिथि अवध प्रांत सह मंत्री प्रवीण ने कहा चिकित्सक समाज के बहुत सम्मानित और जिम्मेदार व्यक्ति होते हैं जिनका उद्देश्य मानवता की सेवा करना होता है। विश्व हिंदू परिषद आप सभी का आपकी सेवा भाव हेतु आभार व्यक्त करता है। देश के कई क्षेत्रों से आये मेडिकल के छात्रो से संवाद करते हुए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विहिप जिलाध्यक्ष आशीष महेश्वरी ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. जेबी गोगोई एवं उप प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र ने की एवं मंच संचालन जिला मंत्री गौरव ने किया साथ ही संयोजक की भूमिका डॉ प्रणव ने निभाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला विशेष संपर्क प्रमुख नागेंद्र, जिला प्रचार प्रमुख अक्षतानन्द (मनु), जिला सेवा प्रमुख सर्वदमन सहित मेडिकल छात्र उपस्थित रहे।



श्रीराम का चित्र भेंट करते आशीष माहेश्वरी। अमृत विचार

## सुंदरकांड पाठ के बाद हुआ सेवादारों का सम्मान

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के लखनौर मे स्थित शिवनगरी धाम सरकार में मंगलवार की शाम भक्ति और सेवा के नाम रही। मंदिर परिसर में सेवादारों द्वारा सामूहिक रूप से सुंदरकांड का सस्वर पाठ किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। हनुमान चालीसा और प्रभु श्रीराम की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस आध्यात्मिक अवसर पर हर्षित दीक्षित द्वारा सभी उपस्थित भक्तगणों को बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मंदिर की व्यवस्थाओं में जुटे रहने वाले सेवादारों का सम्मान रहा। हर्षित दीक्षित ने मंदिर के सेवादारों को पटका पहनाकर और दक्षिणा भेंट कर सम्मानित किया। सुंदरकांड के पाठ से श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले सेवादारों की सराहना की गई। पाठ के उपरांत बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर समिति के सदस्यों सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।।

# श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से होता है पाप कर्मों का नाश

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** टोडरपुर विकासखंड के ग्राम उमरौली में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अवनीश अग्निहोत्री द्वारा आयोजित इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य श्री मौलीकृष्ण जी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से कथा के द्वितीय दिवस पर माता देवहुति के उदर से भगवान कपिल के प्राकट्य की कथा का अत्यंत मार्मिक और सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब संसार में अधर्म और अज्ञानता बढ़ती है, तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतार लेकर भक्तों का कल्याण करते हैं। इस अवसर पर आयोजक समेत उमरौली गांव व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने आरती के पश्चात प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।



कथा सुनाते कथा व्यास।

# साइबर ठगों से वापस कराई 11 लाख से अधिक की धनराशि

**हरदोई, अमृत विचार।** इन दिनों तमाम जागरूकता के बावजूद लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। पुलिस ने मार्च माह में साइबर थाने में दर्ज तीन व पिहानी में दर्ज एक मामले में पीड़ितों को 11 लाख तीन सौ पैंतीस रुपये की धनराशि वापस कराई। शहर कोतवाली साइबर थाने में एक पीड़ित ने मामले को दर्ज कराया था, जिस पर पुलिस ने उसकी आठ लाख छत्तीस हजार आठ सौ पैंतीस रुपये की धनराशि वापस कराई। एक और मामले में दो लाख तथा 15 हजार रुपये साइबर क्राइम थाने ने पीड़ितों को वापस कराए। इसी प्रकार पिहानी थाने में एक पीड़ित के 48, 500 रुपये पुलिस ने वापस कराए।

# जेसीबी से ध्वस्त की गयी मंडी चौकी

## जिलाधिकारी के आदेश पर शहर में चलाया गया अतिक्रमण विरोधी अभियान

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** डीएम डॉ. राजा गणपति आर. ने शासन और प्रशासन दोनों की मंशा स्पष्ट कर दी कि नियम और कानून सबके लिए एक हैं। ऐसे में शहर की मण्डी चौकी को उसके स्थान से हटाया गया, जेसीबी की मदद से आसपास का अतिक्रमण भी दूर करके मलबे को हटाने का कार्य दिन भर जारी रहा।

मण्डी चौकी क्षेत्र में नापजोख की कार्रवाई एक दिन पहले ही पूरी हो गई। मंगलवार रात सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय मण्डी चौकी के निकट पहुंची। इनके साथ आईपीएस विनायक गोपाल भोसले भी थे। एक अतिक्रमण की जद में आए दुकान के स्वामी ने तर्क दिए, तो उन्हें प्रशासनिक अधिकारियों की खरी-खरी का सामना करना पड़ा। दूसरे दिन तड़के लगभग 5:00 बजे बुलडोजर ने सबसे पहले चौराहे पर बनी मण्डी चौकी को ढहाया। अतिक्रमण की जद में दुकान, होटल, भवन आदि भवन आ गए। कैप्टन मनोज पाण्डेय चौराहे से अभियान चारों ओर चला। इस दौरान बढ़ती भीड़ को हटाने में पुलिस और पीएसी बल लगा रहा। कार्रवाई के दौरान एएसपी आलोक सिंह, विनायक गोपाल भोसले, सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय, एसडीएम धामिनी एस दास, सहित आधा दर्जन से अधिक थानों का पुलिस बल मौजूद था।




मण्डी चौकी तोड़ती जेसीबी एवं ध्वस्तीकरण के बाद मलबा भरती जेसीबी। अमृत विचार

### सौंदर्यीकरण होगा तो बेहतर ही रहेगा

दुकानदार रमेश का चाय-नमकीन का मुख्य मार्ग पर होटल रहा है। इनका कहना है कि चौड़ीकरण प्रक्रिया आमजन के लिए बेहतर है। जाम से निजात तो मिलेगी ही, साथ में दुकानदारों को भी भीड़ का झंझट नहीं मिलेगा। कहा कि चौड़ीकरण रोजगार को बढ़ा सकता है।

### दूसरे विकल्प की दुकानदारों ने की मांग

दुकानदार विजय, अनूप कहते हैं कि बरसो से उनकी दुकान रही है। चौड़ीकरण में हटने के बाद आजीविका का संकट आ जाएगा, अगर रोजगार के विकल्प के तौर पर कोई दूसरा स्थान मिल जाए तो बेहतर रहेगा।

**शहर के इर्द-गिर्द हटाया गया अतिक्रमण**

### पटरी दुकानदार बोले- लगाएंगे चलती-फिरती दुकान

बालकराम, छोटेलाल कहते हैं कि अतिक्रमण में उनकी दुकानें चली गईं, वे जल्द ही पहिये वाला ठेला बनाएंगे। चलती-फिरती दुकान व्यवसाय के अवसर बढ़ाएंगी। कहा कि प्रशासन को इस ओर पहले ही सोंच लेना चाहिए था।

### श्रद्धालुओं के लिए सुगम बनेगा श्यामनाथ मार्ग

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी का कहना हैं कि चार चौराहों के सौंदर्यीकरण के अलावा श्यामनाथ जाने वाले मुख्य मार्ग को भी व्यवस्थित किया जाएगा। बताया कि उस मार्ग पर अतिक्रमण को पूरी तरह हटाया जा रहा है।

### मजार की बाउण्ड्री टूटी, एएसपी ने की अपील

शांति बनाए रखने के लिए दिन भर एएसपी विनायक गोपाल भोसले सक्रिय दिखे। दादा मियां की मजार की बाउण्ड्री टूटते ही लोग जमा होते दिखे। ऐसे में भीड़ को तत्काल मौके से हटने की अपील एएसपी ने की। इसके बाद सन्नाटा पसर गया।



अतिक्रमण में आए छज्जों को तोड़ने का निर्देश देतीं सिटी मजिस्ट्रेट।

# घर में सोते समय युवक की गला रेतकर हत्या

संवाददाता बिसवां, सीतापुर

**अमृत विचार:** घर में सो रहे युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। हैरत की बात है कि पड़ोस कमरे में सो रहे परिवार के लोगों को पता ही नहीं चला। रेउसा थानाक्षेत्र के खरहुवां गांव में हुई वारदात को लेकर पुलिस संपत्ति, करीबी सहित कई एंगिलों पर जांच कर रही है।

रेउसा थानाक्षेत्र के खरहुवां गांव में हसीन (30) पुत्र बशीर अपने घर पर था। बताते हैं कि पड़ोस कमरे में हसीन की मां, भाभी और उसकी बहन सो रही थी। देर तक पिता के पहुंचने पर हसीन का शव कमरे में खून से लथपथ मिला। सूचना मिलने पर सीओ बिसवां अमन सिंह रेउसा पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जांच में पता चला कि हसीन मुंबई में रहकर काम करता था, उसकी शादी थी इसलिए गांव लौटा था। बीते दिन मकान बनवाने के लिए सामान भी मंगवाया था, इसी बीच उसकी हत्या कर दी गई। सीओ अमन सिंह का कहना है कि मामले में संपत्ति सहित अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।




जांच-पड़ताल करती पुलिस टीम। अमृत विचार

- रेउसा के खरहुवा गांव का है मामला, खून से लथपथ मिला शव

### अपनों पर गहराया संदेह

हसीन को कुछ ही समय पहले ताऊ की संपत्ति भी मिली थी। ऐसे में परिवार के लोगों ने थानगांव इलाके से हसीन की शादी तय कर दी। सूत्रों की मानें तो संपत्ति को लेकर कुछ करीबी अंदरूनी नाराज थे। उधर, संपत्ति के अलावा कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चाएं जोरों पर हैं।

## असलहे के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार

**सीतापुर।** हरगांव पुलिस ने एक शातिर बदमाशे को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देशानुसार व सीओ सदर नेहा त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में हरगांव पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सिजौलापुर निवासी लालू यादव को पकड़ा गया। तलाशी में अभियुक्त के पास से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध बीएनएस की सुसंगत धाराओं व आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसे चालान न्यायालय भेजा गया है।



काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते रेलवे कर्मी। अमृत विचार

## रेलवे कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध जताया विरोध

**संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे मेंस कांग्रेस के तत्वावधान में बिसवां रेलवे स्टेशन पर रेल कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। सरकार द्वारा लाए गए श्रम कानूनों को मजदूर विरोधी बताते हुए कर्मचारियों ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर आक्रोश व्यक्त किया। संगठन के बैनर तले एकजुट हुए कर्मचारियों ने सरकार से चारों नए श्रम कानूनों को तत्काल वापस लेने की मांग की। साथ ही रेलवे व अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण पर रोक लगाने और विभाग में रिक्त पड़े पदों पर अविलम्ब भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग उठाई गई। इस मौके पर मुख्य रूप से शिवपाल सिंह, शतेंद्र सिंह, गनी खान, हनीफ, सीएल वर्मा और भागीरथी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

### सऊदी अरब में लापता बेटे की तलाश के लिए पिता ने लगाई गुहार

**महमूदाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुर्तजानगर निवासी एक पीड़ित पिता ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर सऊदी अरब में लापता हुए अपने इकलौते पुत्र की तलाश कराने की मांग की है। मुर्तजानगर निवासी मुनव्वर पुत्र वारिस ने बताया कि उनका पुत्र आसिफ दिसंबर 2023 में टेलर के काम के लिए सऊदी अरब गया था। वह मदीना की एक कंपनी में कार्यरत था, लेकिन 10 जुलाई 2024 से उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा है। पीड़ित पिता के अनुसार, उन्होंने विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास में भी गुहार लगाई, पर अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है। मुनव्वर ने आशंका जताई है कि उनके पुत्र के साथ वहां के कफील (मालिक) द्वारा कोई अनहोनी की गई है।

### अवैध निर्माण हटाने का खर्च मस्जिद कमेटी से वसूलेगा प्रशासन

**लहरपुर।** तहसीलदार लहरपुर मनीष त्रिपाठी ने ग्राम नयागांव बेहटी स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध रूप से बनी मस्जिद को हटाने में हुए व्यय की वसूली के लिए कड़ा रुख अपनाया है। प्रशासन ने मस्जिद सैयद हजरत उमर फारूक के मुतवल्ली ग्रामी टोला निवासी आलम पुत्र बाबू खान को 39 लाख 55 हजार रुपये जमा करने का नोटिस जारी किया है। ज्ञातव्य है कि राजस्व अभिलेखों में कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है। इसपर अवैध निर्माण के खिलाफ तहसीलदार न्यायालय ने 6 जनवरी को बेदखली का आदेश दिया था, जिसे जिलाधिकारी न्यायालय ने भी बरकरार रखा। 29 मार्च तक अवैध कब्जा न हटाए जाने पर बीते सोमवार को तहसील प्रशासन ने इसे स्वयं हटवाया था। तहसीलदार ने नोटिस के माध्यम से मुतवल्ली व कमेटी सदस्यों को चेतावनी दी है कि उक्त राशि 30 दिनों के भीतर तहसील में जमा कराई जाए। निर्धारित अवधि में भुगतान न होने पर बकाया भू-राजस्व की भांति कठोर वसूली की जाएगी।

### मेडिकल के दौरान सीएचसी से फरार हुआ आरोपी



फरार आरोपी

**सांडा/सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र में पुलिस अभिरक्षा से एक आरोपी के फरार होने से हड़कंप मच गया। छेड़छाड़ और नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोपी युवक को पुलिस जेल भेजने से पहले मेडिकल के लिए सीएचसी सांडा ले गई थी, जहां वह चकमा देकर भाग निकला। बताते है कि सुकेठा गांव निवासी इश्तियाक (22) पर 29 मार्च को एक नाबालिग को भगाने का आरोप था। पुलिस ने उसे 30 मार्च को लखनऊ से बरामद किया था। बुधवार दोपहर जब उसे चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्पताल लाया गया, तो वह भीड़ का फायदा उठाकर दीवार फांदकर फरार हो गया। सीओ बिसवां अमन सिंह ने बताया कि आरोपी को जल्द ही दोबारा गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### रामपुरकलां पुलिस ने लौटाया खोया मोबाइल

**बिसवां।** रामपुरकलां पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए एक व्यक्ति का खोया हुआ वीवो मोबाइल बरामद कर उसे मालिक को सौंप दिया। पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से मोबाइल को ट्रैक किया था। अपना फोन वापस पाकर मोबाइल स्वामी ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

## पुलिस ने तीन वांछित व वारंटियों को दबोचा

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपद की पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन वांछित व वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। हरगांव पुलिस ने अपहरण के पुराने मामले धारा 363 में वांछित वारंटी टोरें निवासी पीतपुर को गिरफ्तार किया। वहीं, तालगांव पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में वांछित अभियुक्त अमन निवासी भिठमनी सकरन को धर दबोचा। तीसरी सफलता मछरेहटा पुलिस को मिली, जहां टीम ने गोवध निवारण अधिनियम व मारपीट के मामले में वांछित अभियुक्त कुशेन्द्र निवासी पहाड़पुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

# आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे

सीतापुर कार्यालय।

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं के क्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में 'स्कूल चलो अभियान-2026' का शुभारंभ किया गया। मुख्य कार्यक्रम शहर के मैथोडिस्ट मिशन कन्या जूनियर हाईस्कूल में हुआ, जहां नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरु', जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. और सीडीओ प्रणता ऐश्वर्या ने दीप प्रज्वलित कर अभियान की शुरुआत की।

अतिथियों ने जागरूकता प्रसार के लिए एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्यमंत्री ने 6 से 14 वर्ष के शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन कराने की अपील की। कार्यक्रम में सर्वाधिक नामांकन कराने वाले 5 शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जिसमें रेउसा का सिसैया विद्यालय प्रथम रहा।

**बाइक रैली से भरी हुंकार :** तम्बौर। बीआरसी बेहटा से खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार व बीईओ विभा सचान ने विशाल बाइक रैली को रवाना किया। 'आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे' के नारों के साथ शिक्षकों ने अभिभावकों को जागरूक किया। इस दौरान शिक्षक संघ के पदाधिकारी व सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नगर विकास राज्यमंत्री, डीएम व अन्य।




स्कूल चलो प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाते बीडीओ। अमृत विचार

**स्कूल चलो अभियान**

- शहर में नगर विकास राज्यमंत्री ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

### सांडा में विधायक ने बांटीं पुस्तकें

**साण्डा।** विकास क्षेत्र सकरन में विधायक निर्मल वर्मा ने बाइक रैली को गति प्रदान की। उन्होंने पूर्व माध्यमिक विद्यालय सांडा में छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित कीं। बीईओ ओंकार सिंह ने शिक्षकों से घर-घर जाकर नामांकन बढ़ाने का आह्वान किया।

## इंस्पेक्टर अरविंद पांडेय बने क्षेत्राधिकारी, एसपी ने लगाए स्टार



स्टार लगाते एसपी अंकुर अग्रवाल।

**सीतापुर।** जनपद में तैनात इंस्पेक्टर अरविंद पांडेय को वरिष्ठता के आधार पर क्षेत्राधिकारी सीओ पद पर पदोन्नति मिली है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने उनके कंधे पर स्टार लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान एसपी अंकुर अग्रवाल ने कहा कि यह पदोन्नति अरविंद पांडेय की मेहनत, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतिफल है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मदरसा बेबीज स्टडी में शिक्षा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव संपन्न



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

**बिसवां।** मदरसा बेबीज स्टडी में शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मौलाना एखलाक कासमी व संचालन रविश अनवर ने किया। मुख्य अतिथि शिक्षाविद मास्टर हाजी असलम ने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा के प्रति संवेदनशील रहने की अपील की। मौलाना कासमी ने कहा कि बिना शिक्षा के दीन और दुनिया को समझना संभव नहीं है। पूर्व सभासद डॉ. अहमद अली अंसारी ने महिला शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षित मां ही बेहतर समाज का निर्माण कर सकती है। कार्यक्रम में डॉ. कफील बिसवानी ने रचनाओं के माध्यम से शिक्षा का महत्व बताया। इस अवसर पर दो दर्जन से अधिक मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मो. रिजवान, अतिया परवीन, रजिया बेगम व सायमा परवीन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ट्रक की चपेट में आकर बालक-युवक की मौत

नेरी / महोली।

**अमृत विचार :** ट्रक की चपेट में बाइक सवार समेत तीन लोग आ गए। महोली के कारीपाकर के पास हुई दुर्घटना में बालक और युवक की मौत हो गई। तीसरे की हालत गंभीर है।



प्रियांशु (फाइल फोटो)

महोली क्षेत्र के पकरिया पाण्डेय निवासी प्रियांशु (25), हरैया फत्तेपुर निवासी शुभम (10) व प्रदीप (12) बाइक से जा रहे थे। कारीपाकर के निकट हाईवे कट पर सीतापुर से शाहजहांपुर की ओर जा रहे ट्रक ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। हादसे में प्रियांशु और शुभम की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रदीप की हालत गंभीर बताई जा रही है। महोली कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर जंग बहादुर पांडेय ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है और चालक की तलाश की जा रही है।

# दस्तक अभियान: घर-घर पहुंचीं स्वास्थ्य टीमें

सीतापुर कार्यालय

**अमृत विचार:** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आमजन को जागरूक किया। घर-घर पहुंची टीम ने सेहत को लेकर तमाम से उपाय बताए, जागरूकता वाहन भी रवाना हुए।

एसीएमओ डॉ. अनूप श्रीवास्तव ने सीएमओ कार्यालय में वाहन को हरी झण्डी दिखाकर विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आरंभ किया। इसी कड़ी में लहरपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की। अभियान के तहत गांवों में साफ-सफाई, झाड़ियों की कटान, नालियों की सफाई और मच्छरों से बचाव के उपाय किए गए। कार्यक्रम में डॉ. आदित्य सिंह, डॉ. गोविंद गुप्ता, ग्राम प्रधान विवेक शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि शिवम वर्मा सहित भारी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी व आशा कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।




सीएमओ कार्यालय पर जागरूकता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते एसीएमओ।

- जिले के सभी तहसील क्षेत्रों में चला अभियान, स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने किया जागरूक

## मेधावी छात्राओं को वितरित किए गए परीक्षाफल



परीक्षाफल वितरण के दौरान उपस्थित छात्राएं। अमृत विचार

**बिसवां।** स्थानीय कृष्णा देवी म्युनिसिपल गर्ल्स इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र जायसवाल ने विभिन्न कक्षाओं की टॉपर छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड और पुरस्कार वितरित किए। समारोह में जूनियर सेक्शन की कक्षा 6 में पलक, कक्षा 7 में जोया खातून, कक्षा 8 में आयुषी पटेल, कक्षा 9 में आकांक्षा और कक्षा 11 में स्मृति पाण्डेय ने अपने-अपने वर्ग में कॉलेज टॉप किया। प्रधानाचार्या लक्ष्मी नैंसी ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे आप अपने सपनों को साकार कर सकती हैं। इस दौरान उप-प्रधानाचार्या उषा अवस्थी, शशि कला, रजनीगंधा श्रीवास्तव, रश्मि सिंह, सरस्वती वर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ व छात्राएं मौजूद रहीं।

## बुलडोजर चला, चकमार्ग व तालाब की भूमि खाली

**महमूदाबाद।** तहसील व नगर पालिका प्रशासन की संयुक्त टीम ने पुरानी बाजार स्थित सरकारी भूमि पर किए गए कब्जे को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। प्रशासन ने चकमार्ग एवं तालाब की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया है। प्रशासन के अनुसार, इस सरकारी जमीन पर संगत किला निवासी सद्दन और गुलरामऊ निवासी रिजवान ने अवैध कब्जा कर रखा था। तहसीलदार अनिल कुमार राम व ईओ पवन कुमार किशोर के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में अवैध निर्माण ढहा दिया गया। ।

## महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**सीतापुर।** 'मिशन शक्ति फेज-05' (द्वितीय चरण) के अंतर्गत विभिन्न थानों की पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जिले के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान कोतवाली नगर, इमलिया सुल्तानपुर और महमूदाबाद समेत विभिन्न क्षेत्रों में ग्राम चौपाल लगाकर महिलाओं की समस्याओं को सुना गया और उनके त्वरित निस्तारण का भरोसा दिलाया गया। पुलिस टीमों ने महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) और 1930 (साइबर हेल्पलाइन) के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**निदेशक चिकित्सा एवं उपचार ने जाना जिला अस्पताल का हाल**

# पंखों-एग्जास्ट का ये हाल, बुलाइए इलेक्ट्रीशियन

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** लखनऊ से चलकर आईं निदेशक चिकित्सा एवं उपचार ने जिला अस्पताल की जो तस्वीर देखी तो बिफर गई। कहा कि बढ़ती गर्मी के बीच जब हम पसीने-पसीने हो गए तो मरीजों का हाल क्या होगा। पंखे और एग्जास्ट खराब होने पर सीएमएस को जमकर खरी-खरी सुनाई, निरीक्षण के दौरान बेड पर तकिये नदारद मिले।

दरअसल अमृत विचार ने बुधवार के अंक में ' जिला अस्पताल बना रेफरल सेंटर, मरीज हलकान' शीर्षक से खबर प्रकाशित की। जिसमे अस्पताल की स्थिति और मरीजों-तीमारदारों से संवाद था। खबर को राज्य मुख्यालय पर गंभीरता से लिया गया। निदेशक चिकित्सा एवं उपचार डॉ. संदीपा श्रीवास्तव अचानक जिला अस्पताल पहुंची। इमर्जेंसी कक्ष के बाहर तीन बेड बाहर थे, जिसको लेकर सवाल-जवाब शुरू हो गए, इमर्जेंसी वार्ड के बाहर पट्टिका पर लिखी सूचना गलत पाए जाने पर जमकर लताड़ लगाई, मरीजों से संवाद किया। इस दौरान सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार, सीएमएस डॉ. इन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**अमृत विचार IMPACT**

- खबर दिखाकर सीएमएस के साथ वार्ड का किया मुआयना, पंखे और एग्जास्ट मिले खराब, लगाई फटकार


जिला अस्पताल बना 'रेफरल सेंटर', मरीज हलकान

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

### बेड शीट मिली लेकिन तकिया नदारद

महिला वार्ड में उपचार किट को अपने हाथों से सुधार कर मेडिकल बी वार्ड के निरीक्षण में बिस्तर से तकिया नदारद मिलीं, शौचालय में पानी की सप्लाई भी नहीं थी। पंखे और एग्जास्ट खराब हुआ देख कहा कि जब इस गर्मी में कुछ ही देर में मेरा ये हाल है, तो मरीजों की स्थिति कैसे होगी।



पंखे-एग्जास्ट की स्थिति को लेकर सवाल करतीं निदेशक डॉ. संदीपा श्रीवास्तव।




मरीज से संवाद करतीं निदेशक चिकित्सा एवं उपचार। अमृत विचार

### एक-दूसरे पर आरोप मढ़ते नजर आए जिम्मेदार

विद्युत आपूर्ति, पंखों और एग्जास्ट की स्थिति के साथ जल वितरण की व्यवस्था में पाए गए अवरोध पर सवाल होता देख जिम्मेदार एक दूसरे पर आरोप मढ़ते दिखे। व्हील चेयर की उपलब्धता को लेकर खास निर्देश दिए गए।

## सीएचसी सिधौली की लिफ्ट 15 साल बाद शुरू हुई

**सीतापुर।** सिधौली स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की महिला मैटरनिटी विंग में 15 वर्षों से धूल फांक रही लिफ्ट आखिरकार चालू हो गई है। 17 मार्च को निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लिफ्ट बंद देख कड़ी नाराजगी जताई थी और इसे तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए थे। बता दें कि 50 शैय्या वाले इस अस्पताल के निर्माण के समय ही लिफ्ट लगाई गई थी, लेकिन वह कभी चली नहीं। डिप्टी सीएम की सख्ती के बाद 31 मार्च से लिफ्ट का संचालन शुरू कर दिया गया है।

**न्यूज ब्रीफ**

### मोटर साइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**अमावा :** मिल एरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मेजरगंज निवासी अनिल कुमार ने थाने में तहरीर दी है। उसका कहना है कि 27 मार्च को वह मिल एरिया स्थित एक मकान में काम करने गया था। दोपहर को जब वह बाहर आया तो उसकी बाइक गायब थी। घटना की सूचना डायल 112 को दी गई। इसके बाद पीड़ित ने मिल एरिया थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी और सीसीटीवी फुटेज के अनुसार एक संदिग्ध व्यक्ति चोरी करते दिखाई दिया। पूछतांछ करने पर उसकी पहचान चंदू पुत्र अज्ञात मीरगंज जैतूपुर थाना मिल एरिया के रूप में हुई है। मिल एरिया थानाध्यक्ष ने बताया कि उसे गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जा रही है

### दो बाइकों की भिड़ंत में युवक गंभीर

**ऊंचाहार :** ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्मजीतपुर गांव निवासी धीरेन्द्र कुमार (29) अपनी बाइक से ऊंचाहार सब्जी मंडी से वापस अपने गांव लौट रहे थे। मनीरामपुर गांव के पास सलोन-ऊंचाहार मार्ग पर सामने से आ रही दूसरी बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से फरार हो गया। हादसे में धीरेन्द्र सड़क पर गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया है।

### आरोपी युवक गिरफ्तार बालिका बरामद

**बछरावां :** नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की मां द्वारा थाना बछरावां में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत टीम ने नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। साथ ही वांछित अभियुक्त भावेश उर्फ बावेश पुत्र अजीत सिंह उर्फ अंदे जी निवासी ग्राम रानेर थाना सिहोरी जनपद बनासकांठा (गुजरात) को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक जितेश सिंह और मुख्य आरक्षी मनोज कुमार की अहम भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

### दूसरे की जमीन बेचने का आरोप

**ऊंचाहार :** एक दिव्यांग महिला के साथ चार लोगों ने मिलकर बड़ी साजिश की है। उससे जमीन के लिए करीब साढ़े नौ लाख रुपये ले लिए और फर्जीवाड़ा करके दूसरे की जमीन का बैनामा करने का आरोप है। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरहा गांव की दिव्यांग महिला सुरेखा का कहना है कि पड़ोस के गांव बरगदही के एक व्यक्ति अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर साजिश रची और एक भूखंड के विक्रय का सौदा नौ लाख 33 हजार रुपए में कर डाला। आरोप है कि धोखे से निबंधन कार्यालय में भूमि का बैनामा भी करा लिया गया। महिला ने जब लेखपाल से मिलकर भूमि पर कब्जे की बात की तो पता चला कि वह भूमि तो किसी अन्य व्यक्ति की है। इसके बाद महिला के होश उड़ गए। महिला का आरोप है कि प्रभारी निरीक्षक और सिपाही ने विपक्षियों से मिलकर उसका शिकायती पत्र तक लेने से इनकार कर दिया और उसको कोतवाली से भगा दिया। पीड़ित महिला ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। उधर कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि महिला आपस में समझौता कर चुकी हैं। इस मामले के ताजा प्रकरण की जानकारी नहीं है।

## समीक्षा समाधान बैठक में विधायक ने सुनीं समस्याएं

सलोन (रायबरेली)

**अमृत विचार।** बुधवार को ब्लाक परिसर सलोन में क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार के नेतृत्व में विद्युत विभाग समीक्षा समाधान बैठक का आयोजन किया गया था। इस दौरान ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए बताया कि विजलेंश टीम के ऑफिसर और छतोह एसडीओ जबरन नोटिश भेजकर परेशान करते है। कैम्प में आये दिव्यांगों ने बिजली बिल माफी पर विधायक से बात की, जिस पर विधायक ने उन्हें आश्वाशन देकर मामले के निस्तारण की बात कही है। अधिवक्ता नितिन कुमार चौहान ने बताया कि उसने समय-समय पर बिजली बिल जमा कर रखा है। इसके बावजूद उसके पास 20 हजार रुपये बिजली बिल बकाया का नोटिस भेजा गया। खानपुर बीरभानपुर निवासी सुखदेव ने बताया कि उसने 24 नवम्बर 2011 को 12096 का भुगतान कर दिया था। इसके बावजूद अधिक बिल भेजा ज रहा है। कस्बे में नई बस्ती निवासी बरसाती देवी, शोभा देवी आदि ने बताया कि नई बस्ती में लगभग कई परिवार रहते हैं। लेकिन आजतक उन्हें विद्युत कनेक्शन से वंचित रखा गया है। वही मुख्य अभियंता रवि चंद ने बताया कि जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## अदिति सिंह की पहल : करोड़ों की मंजूरी, 8 इलाकों की बदलेगी तस्वीर

संवाददाता, रायबरेली

- सदर विधायक के प्रयासों से आठ स्थानों पर इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण को मिली मंजूरी


सदर विधायक अदिति सिंह।

**अमृत विचार।** सदर क्षेत्र में जनसेवा और विकास का नया अध्याय लिखते हुए सदर विधायक अदिति सिंह ने एक बार फिर अपनी कार्यकुशलता और जनहितैषी छवि को साबित कर दिया है। चौपाल, जनसुनवाई और लगातार क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से जनता की समस्याओं को नजदीक से समझने वाली विधायक के अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि नगरवासियों को जल्द ही सड़क जैसी ज्वलंत समस्या से राहत मिलने वाली है।

सदर विधायक अदिति सिंह की सक्रिय पहल से शासन ने आठ विभिन्न स्थानों पर इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण के लिए 493.11 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके अलावां दो करोड़ 46 लाख की प्रथम किस्त भी जारी कर दी है। लंबे समय से जर्जर और खराब सड़कों से परेशान जनता के लिए यह खबर किसी राहत से कम नहीं है। अब इन क्षेत्रों में लोगों को बेहतर, टिकाऊ और सुगम सड़कों पर आवागमन का लाभ मिलेगा। शासन द्वारा इस संबंध में डीएम को वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत त्वरित आर्थिक विकास योजना में स्वीकृत धनराशि का पत्र भी भेज दिया गया है। पत्र में स्पष्ट रूप से उन स्थानों का विवरण दिया गया है, जहां इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य कराया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने विधायक के इस प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया है।

### लोगों को मिलेगी राहत, इन क्षेत्रों में बनेगी इंटरलॉकिंग सड़क

सदर विधायक अदिति सिंह के अथक प्रयासों से क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण स्थानों पर इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू होने जा रहा है। राही ब्लॉक के ग्राम सनही में सोमनाथ पासी के घर से महारानी चबूतरा होते हुए सलोन रोड तक सड़क बनाई जाएगी, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा परशदेपुर-डीह मार्ग पर पावर हाउस के पास से कृष्णा नगर, बस्तेपुर तिराहा और घसियारी मंडी क्षेत्र को जोड़ने वाली सड़कों का भी निर्माण प्रस्तावित है। घसियारी मंडी में लाला किराना स्टोर मोड़ से मोहम्मद चांद के घर तक तथा रानी के घर से मुख्य मार्ग तक इंटरलॉकिंग सड़क बनेगी। शहर क्षेत्र के सम्राट नगर में मदन ठेकेदार के मकान से इतरेंद्र साहू के घर तक और बाम्बे धर्मकांटा के सामने से चौबे होटल तक सड़क निर्माण कराया जाएगा। वहीं बालापुर मोड़ से ज्योतिबा नगर चौराहा तक, साकेत नगर में सुमित बेकरी प्वाइंट से शशिकेश सिंह के घर तक तथा रामविलास नगर में केडी सिंह के घर से राकेश मिश्रा के घर तक सड़क निर्माण की तैयारी है। इन कार्यों के पूर्ण होने से स्थानीय लोगों को जर्जर सड़कों से राहत मिलेगी।

# आंधी और बारिश से खेतों में गिरीं फसलें

## मौसम के बदले मिजाज ने बढ़ाई जनपद के किसानों की चिंता, 20 गांवों में छाया रहा अंधेरा

शिवगढ़ (रायबरेली)

- फसल के नुकसान की आर्थिक भरपाई करेगी बीमा कम्पनी

**अमृत विचार।** मंगलवार की रात अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ने से बारिश के साथ आई तेज आंधी ने जमकर तबाही मचाई। प्रकृति के कहर से खेतों में पक कर तैयार गेहूं, सरसों की सैकड़ों बीघे फसल गिरने से किसान गहरी चिंता में डूब गए हैं। रात करीब 11:45 बजे बूंदा-बांदी शुरू हुई और देखते ही देखते तेज आंधी के साथ ही बारिश होने लगी जिससे खेतों में खड़ी सैकड़ों बीघे गेहूं, सरसो की फसल गिर गई।

शिवगढ़ नगर पंचायत के पूरे पाण्डेय निवासी सभासद अभिषेक अवस्थी, कसना गांव के पूर्व प्रधान रामकिशोर मौर्य, चुन्नीलाल खेड़ा मजरे गूढ़ा निवासी मनोज कुमार रावत व श्रवण कुमार रावत आदि किसानों का कहना है कि गेहूं, सरसों, चना, मटर और अलसी आदि फसलें पूरी तरह से पककर तैयार हैं, पिछले दिनों हुई बारिश से पहले ही सैकड़ों बीघा फसल गिर चुकी थी और अब इस आंधी-बारिश ने बची हुई फसल को भी नुकसान पहुंचा दिया है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि दोबारा तेज बारिश हुई तो खेतों में खड़ी एवं कटी पड़ी फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो जाएंगी।

वहीं दिलीप सोनी, सहायक विकास अधिकारी कृषि का कहना है कि बारिश और तेज आंधी के कारण जिन किसानों के खेत में फसल को नुकसान हुआ है। वह किसान यदि उनकी फसल का बीमा है या उनकी केसीसी बनी हुई है और फसल बीमा का पैसा उनकी केसीसी से कटता है तो वह फसल बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 14447 पर अपने केसीसी अकाउंट और आधार नम्बर तथा खेत का गाटा संख्या पास में रख करके टोल फ्री नंबर पर सम्पर्क करके शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिससे उनकी फसल के नुकसान की आर्थिक भरपाई बीमा कम्पनी द्वारा की जाएगी।

**आंधी ने उड़ाई बिजली, 20 गांवों में अंधेरा, महराजगंज:** दूसरी ओर बिजली विभाग के दावों की भी पहली आंधी में पोल खुल गई। शिवगढ़ उपखंड के कसना फीडर के अंतर्गत आने वाले पहाड़गंज, मझिगवां, अलीपुर, कुशलगंज, बरजोरगंज, जंगलिन ढकिया, दरियावगंज और कटरा समेत करीब 20 गांवों की आपूर्ति ठप हो गई। जिससे 10 हजार से अधिक उपभोक्ता प्रभावित हुए। रात 12 बजे से गुल हुई बिजली बुधवार दोपहर तक बहाल न होने से पेयजल संकट खड़ा हो गया और भीषण गर्मी व मच्छरों के कारण ग्रामीणों का बुरा हाल रहा। दूसरी विद्युत विभाग के जेई हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आंधी-बारिश होने से फाल्ट हुआ है और मरम्मत कार्य जारी है, जल्द ही आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

### आंधी-पानी से फसलों को नुकसान, बिजली आपूर्ति भी रही प्रभावित

**महराजगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** पुरासी और मझिगवां सहित पूरे क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने गेहूं की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। किसान भवानी बक्स सिंह और रविराज सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि फसल भीगने से अब उसे सुखाने के लिए दोगुनी मेहनत करनी पड़ रही है, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होंगे।


खेत में गिरी पड़ी गेहूं की फसल। अमृत विचार

### नायब तहसीलदार बनी आकांक्षा बाजपेई का हुआ स्वागत


आकांक्षा बाजपेई का स्वागत करते गौरा ब्लॉक प्रभारी अशोक मिश्र व बाल किशोर त्रिपाठी।

**रायबरेली, अमृत विचार।** डलमऊ क्षेत्र के सहमदा गांव की बेटी आकांक्षा बाजपेई ने पीसीएस परीक्षा में सफलता हासिल कर नायब तहसीलदार पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके इस चयन पर लोगों ने उन्हें बधाई दी। आकांक्षा, संतोष बाजपेई की पुत्री हैं। उनके माता-पिता दोनों एक कान्वेंट स्कूल में शिक्षक हैं। परिवार की इस उपलब्धि से न सिर्फ घर बल्कि पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। मुख्य बीमा सलाहकार संगठन के अध्यक्ष बाल किशोर त्रिपाठी उनके घर पहुंच कर आकांक्षा को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके अलावा ब्लॉक प्रभारी अशोक मिश्रा सहित सैकड़ों लोगों ने भी आकांक्षा का स्वागत किया। ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

### साहिबा बानो के नायब तहसीलदार बनने पर हर्ष


मेधावी साहिबा बानो का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

**शिवगढ़।** क्षेत्र की प्रतिभाशाली बेटी साहिबा बानो ने पीसीएस परीक्षा 2024 में शानदार सफलता हासिल कर नायब तहसीलदार बनकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साहिबा ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित अंतिम परिणाम में अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। साहिबा बानो ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई श्री शिवकुमार त्रिवेदी कैरियर प्लस इण्टर कॉलेज शिवगढ़ से पूरी की है। वर्तमान में वे बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक विद्यालय निहाल खेड़ा में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। मंगलवार को विद्यालय में साहिबा का स्वागत प्रबंधक प्रदीप कुमार त्रिवेदी, प्रधानाचार्या इन्दूबाला सिंह और शिक्षक गणों ने फूल-मालाओं से किया। साहिबा ने न सिर्फ अपने माता-पिता का, बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। साहिबा बानो के परीक्षा में सफलता हासिल करने के बाद परिवार समेत क्षेत्रीय लोगों का बधाई दने का सिलसिला अभी भी जारी है।

### अनुदेशकों ने मांगा आत्मरक्षा प्रशिक्षण का मानदेय

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** एक तरफ सरकार बालिकाओं को सशक्त एवं मजबूत बनाने के लिए तरह-तरह की योजनाओं का संचालन करती है दूसरी तरफ विभागों की लापरवाही से इन योजनाओं पर पानी फिराने का काम हो रहा है। जिसे वर्तमान उदाहरण बेसिक शिक्षा विभाग है। सरकार द्वारा तथा राज्य परियोजना निदेशक के द्वारा बालिकाओं को सशक्त एवं मजबूत बनाने के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण की प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय की बालिकाओं हेतु व्यवस्था की गई है। जिसके प्रशिक्षण का दायित्व उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शारीरिक शिक्षा अनुदेशक का है उन्हें बाकायदा इसके लिए प्रशिक्षित किया गया है। सत्र 2025-26 में राज्य परियोजना निदेशक के आदेश के अनुसार जनपद के समस्त उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जाना था। अनुदेशकों ने बकायदा प्रशिक्षण दिया भी तथा ऑनलाइन प्रशिक्षण वीरांगना ऐप के माध्यम से भी दिया जिसका समस्त डाटा विभाग के पास मौजूद है। परियोजना द्वारा बजट 6 माह पूर्व ही समस्त जनपदों में भेज दिया गया था। कार्य पूरा होने के उपरांत विभाग ने अनुदेशकों को मानदेय देने की सुध नहीं ली, जबकि प्रत्येक विद्यालय हेतु रुपए तीन हजार का बजट भेजा गया था 31 मार्च बीत जाने के उपरांत बजट वापस चले जाने की खबर है, किंतु अनुदेशकों को उनकी मेहनत का पैसा विभाग द्वारा नहीं दिया गया। जिसको लेकर अनुदेशकों में भारी आक्रोश पनप रहा है। वहीं राहुल सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का कहना है कि सभी अनुदेशकों को प्रशिक्षण का मानदेय दिया जा चुका है। कोई भी बजट वापस नहीं गया। फिलहाल इस संबंध में अभी तक उन्हें कोई भी शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। मामला संज्ञान में आने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## एम्स में स्वच्छता पखवाड़ा 2026 की हुई शुरुआत



एम्स में स्वच्छता पखवाड़ा के बारे में जानकारी देते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में एक से 15 अप्रैल तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा-2026 का विधिवत शुभारंभ किया गया। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. अमिता जैन के मार्गदर्शन और स्वच्छता पखवाड़ा अध्यक्ष डॉ. सुयश सिंह के निर्देशन में यह अभियान पूरे उत्साह के साथ शुरू हुआ।

पहले दिन पीएमआर वार्ड 7सी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान विभागीय परिसर की सफाई की गई और मरीजों एवं उनके तीमारदारों को हैंड हाइजीन, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट तथा स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। अभियान का नेतृत्व विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. सत्यशील सिंह अस्थाना ने किया। स्वास्थ्य कर्मियों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। समन्वयक आभाष ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान अगले 15 दिनों तक विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम, परिसर सफाई अभियान और जनसहभागिता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस पहल का उद्देश्य एम्स के अस्पताल परिसर में स्वच्छता को और मजबूत करना और सभी कर्मचारियों व रोगियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाना है।

## घर-घर शिक्षा और स्वास्थ्य का संदेश लेकर निकला जागरूकता रथ

**जनजागरण की पहल**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले में शिक्षा और स्वास्थ्य को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक व्यापक जनजागरण अभियान की शुरुआत की गई। स्कूल चलो अभियान और विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान के शुभारम्भ के साथ ही प्रशासन ने जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर गांव-गांव और मोहल्लों तक संदेश पहुंचाने का कार्य शुरू कर दिया है।

बुधवार को फिरोज गांधी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह रहे। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की भागीदारी से सफल होने वाला जनआंदोलन है। उन्होंने शिक्षा को हर बच्चे तक पहुंचाने और संचारी रोगों से बचाव के लिए जनजागरुकता को सबसे प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भी शिक्षा और स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया गया। बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और "स्कूल चलो अभियान" पर आधारित प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को भावुक और प्रेरित किया। साथ ही नवपंजीकृत बच्चों को पुस्तकें देकर शिक्षा की ओर पहला कदम मजबूत किया गया और उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। डीएम हर्षिता माथुर ने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने विशेष रूप से संचारी रोगों से बचाव के लिए स्वच्छता और जागरुकता पर बल दिया। अभियान के तहत 1 से 15 अप्रैल तक स्कूल चलो अभियान, 1 से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। मंच का संचालन एसएस पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डीएस अस्थाना, जिला मलेरिया अधिकारी रमेश यादव आदि लोग रहे।

### संचारी रोग एवं नियंत्रण अभियान का शुभारंभ


अभियान के दौरान पशुपालकों को जानकारी देते चिकित्सक व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

**राही (रायबरेली) अमृत विचार।** विशेष संचारी रोग एवं नियंत्रण अभियान/दस्तक का शुभारंभ बुधवार को उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदर, डॉ. संजय सिंह ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर किया गया। डाक्टर सिंह ने पशुपालकों को सलाह दी कि पशुओं में किसी भी तरह की बीमारी के लक्षण दिखते ही निकटतम पशु अस्पताल से संपर्क कर चिकित्सक की सलाह मानें। इसी क्रम में बेला गुशीशी, पशुधन प्रसार अधिकारी प्रशांत सिंह ने अपनी टीम के साथ सदर तहसील में विकास खंड राही की ग्राम पंचायत बेला भेला के पूरे गुरु, पूरे निकासू, हनुमानगंज, पूरे रम्मा, अकालगढ़ में सूकर पालकों का संवेदीकरण, बाडों में नि:शुल्क दवा छिड़काव एवं वितरण कार्य किया गया। पशुधन प्रसार अधिकारी ने संचारी रोगों से बचाव हेतु जरूरी दिशा निर्देश दिए एवं पशुपालकों को जागरूक किया गया। इस मौके पर पशुमित्र अखिलेश, कल्लू, सुबीर, राजेश, शैलेन्द्र आदि उपस्थित थे।

**सुविधा**

**जिला महिला चिकित्सालय, बछरावा एवं हरचंदपुर में लाभार्थियों को प्रदान की जाएंगी नई सेवाएं**

# अप्रैल से शुरू होगा गर्भनिरोधक की नई तकनीक का इस्तेमाल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन अब नई तकनीक के साथ उपलब्ध होगा। पहले जहां यह इंजेक्शन इंट्रामस्कुलर (मांसपेशियों में) दिया जाता था, वहीं एक अप्रैल से जिला महिला चिकित्सालय के साथ-साथ सीएचसी बछरावां एवं हरचंदपुर पर भी इसे सबक्यूटेनियस (त्वचा के नीचे) तरीके से लगाया जा रहा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने बताया कि "अंतरा" त्रैमासिक सबक्यूटेनियस इंजेक्शन लंबे समय तक प्रभावी और सुरक्षित गर्भनिरोधक साधन है। जिसे संशोधित पद्धति के तहत संचालित किया जाएगा। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं का क्षमता वर्धन किया जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में यह सेवा रायबरेली सहित प्रदेश के 19 जनपदों के चयनित मेडिकल कॉलेजों और स्वास्थ्य इकाइयों पर शुरू की जा रही है। परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार ने बताया कि यह इंजेक्शन हर तीन माह में केवल नए लाभार्थियों को दिया जाएगा और आगे भी उन्हें यही (सबक्यूटेनियस) इंजेक्शन लगाया जाएगा। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डीएस अस्थाना ने बताया कि प्रत्येक डोज पर लाभार्थी को सौ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं सीएचओ लाभार्थियों को पूरी जानकारी देकर उन्हें स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचाने में सहयोग करेंगी। इंजेक्शन की एक डोज तीन माह तक प्रभावी रहती है और पहली डोज प्रशिक्षित एमबीबीएस चिकित्सक की निगरानी में दी जाएगी। बुधवार को जिला महिला चिकित्सालय में 3 लाभार्थी, बछरावा में 9 एवं सीएचसी हरचंदपुर में 26 नए लाभार्थियों को अंतरा सब क्यूटीनियस के सेवाएं प्रदान की गईं।

### सीएचसी में अंतरा सब क्यूटीनियस का शुभारंभ


सीएचसी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद चिकित्सक व अन्य।

**बछरावां, अमृत विचार।** महिलाओं में बच्चों के बीच अंतर रखने के लिये वा गर्भधारण जल्दी ना हो इसलिए निदेशक परिवार कल्याण शोभना दुबे ने अंतरा सब क्यूटेनियस का शुभारंभ बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया। इस अवसर पर 7 महिलाओं का टीकाकरण किया गया, जिसमे रीना, सावित्री, नजमा, लक्ष्मी तनु आदि थी। इस दौरान बताया गया कि इससे पहले भी अंतरा के तहत टीकाकरण किया जाता था, पर उसमें इंजेक्शन 90 डिग्री पर लगाया जाता था, पर इस अंतरा में 45 डिग्री पर इंजेक्शन लगेगा व एक बार लगने के बाद 3 माह तक गर्भधारण नही होगा। इस अवसर पर डॉ. संजीव बालियान, डॉ. सचिन सहित बछरांवा स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### कलर बेल्ट सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम आयोजित


समारोह में पुरस्कृत किए गए खिलाड़ी। अमृत विचार

**लालगंज (रायबरेली), अमृत विचार।** स्टार ताइक्वांडो क्लब लालगंज के द्वारा 65 शिक्षार्थियों के बीच कलर बेल्ट सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सचिव व कोच मोहम्मद आसिफ ने बताया कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महामंत्री शिवम गुप्ता व उपाध्यक्ष अर्पित गुप्ता के द्वारा ताइक्वांडो सीख रहे बच्चों को कलर बेल्ट एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि शिवम गुप्ता ने कहा कि स्टार ताइक्वांडो क्लब लालगंज ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षित विशेषज्ञों के द्वारा ट्रेनिंग दी जाती है। क्लब के तीन खिलाड़ियों ने पुमसे खेल में प्रथम शिवांश कश्यप, द्वितीय अंश, तृतीय जैस्मिन ने अपना स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में क्लब के संयुक्त सचिव संदीप कुमार, उपाध्यक्ष कविता कश्यप व सभी अभिभावक उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

### गेहूं की बोरी चुराते दो युवक ग्रामीणों के हत्थे चढ़े, पुलिस को सौंपा

**शुकुल बाजार (अमेठी) :** थाना क्षेत्र के मखदूमपुर गांव निवासी राजकुमार की किराना दुकान से दो युवक गेहूं की बोरी चुराकर ले जा रहे थे। इसी दौरान आसपास मौजूद ग्रामीणों को उन पर शक हुआ। ग्रामीणों ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया और तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस की पूछताछ में दोनों युवकों ने चोरी की बात स्वीकार करते हुए बताया कि वे पहले भी दुकान से अनाज चोरी कर चुके हैं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जाने आलम पुत्र जुम्मन निवासी पूरे भरोसी तथा चांद पुत्र ताज मोहम्मद निवासी पूरे मेडीलाल के रूप में हुई है। वहीं चोरी का फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### प्राथमिक विद्यालय के दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी

**सिंहपुर (अमेठी) :** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गोयन मे बीती चोरो ने ताला तोड़कर अंदर रखा सामान पार कर दिया। प्रधानाध्यापक ने थाने पार लिखित तहरीर दी है। प्राथमिक विद्यालय गोयन के प्रधानाध्यापक सुधाकर वर्मा ने बतायाकि बीती 30/31 मार्च की रात अज्ञात चोरों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर रखा सामान पार कर दिया था। थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बतायाकि शिकायत मिली है मामले की जांच की जा रही है।

### बस से टकराई डीसीएम, पांच घायल

**मुसाफिरखाना (अमेठी) :** कोतवाली क्षेत्र के पूरे प्रेमशाह के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को तेज रफ्तार डीसीएम की रोडवेज बस से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद अनियंत्रित डीसीएम ने सामने जा रहे ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों में अजय प्रताप सिंह (वार्ड नंबर-2 मुसाफिरखाना), जगत वीर यादव (नेवादा), आदित्य प्रताप सिंह (गाजनपुर दुवारिया), मो. इस्लाम (अहोरवा भवानी, थाना शिवरतनगंज) और रामचरन (शादीपुर) शामिल हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को घर भेज दिया। हादसे के बाद कुछ देर तक हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### सर्पदंश से किशोरी की मौत

**रानीगंज (प्रतापगढ़) :** रानीगंज थाना क्षेत्र के डिघवट गांव निवासी अवधेश कुमार की 11 वर्षीय बेटी प्रिया मंगलवार शाम को घर के बाहर लकड़ी लेने के लिए गई थी। लकड़ी में बैठा सांप किशोरी के हाथ में काट लिया। चिल्लाते हुए वह घर की तरफ दौड़ गई। परिजन उसे ट्रामा सेंटर ले गए। किशोरी की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां पर उपचार के दौरान बुधवार को दोपहर बाद किशोरी की मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

### शिशु मंदिर में नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ

**लालगंज (रायबरेली) :** सरस्वती शिशु मंदिर में बुधवार को नए सत्र का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक कैलाश वाजपेई, कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र कंचन, प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक, रामनारायण सिंह, जगदेव प्रसाद, रमेश मिश्र, रामशरण अग्निहोत्री, रमेश बाजपेई, लक्ष्मी विश्वकर्मा, शालिनी मिश्रा, शिवांगी, आर्या श्रीवास्तव, सुरेश वर्मा, दिवाकर सिंह, आनंद राज झा रहे।

# प्रधान बर्खास्त, 3.36 लाख की वसूली का आदेश

## विकास कार्यों में अनियमितता और सरकारी धन का दुरुपयोग करने पर जिलाधिकारी ने की कार्रवाई

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** भादर ब्लॉक की ग्राम पंचायत सवनगी की प्रधान भानमती को जिलाधिकारी के निर्देश पर बर्खास्त किया गया। उन पर विकास कार्यों में अनियमितता और सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप था। उनसे तीन लाख छत्तीस हजार दो सौ सोलह रुपये की वसूली का आदेश भी जारी हुआ।

इस मामले की शिकायत गांव के निवासी अनिल कुमार ने की थी। शिकायत के आधार पर हुई जांच में सभी आरोप सही पाए गए। इसके बाद ग्राम प्रधान को पहले निलंबित किया गया था। उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण देने का अवसर दिया गया था। हालांकि, तय समय में प्रधान द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कड़ी कार्रवाई करते हुए प्रधान को पद से बर्खास्त कर दिया। जिला पंचायती राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी ने इस कार्रवाई की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि निर्धारित धनराशि जमा न होने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि गांव निवासी अनिल कुमार ने ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में गड़बड़ी की शिकायत की थी। इसी शिकायत के बाद प्रशासन ने मामले की गहन जांच शुरू की। जांच के दौरान प्रधान भानमती पर लगे सभी आरोप सही साबित हुए। इन आरोपों में सरकारी धन का दुरुपयोग शामिल था, जिससे ग्राम पंचायत को नुकसान हुआ। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही जिलाधिकारी ने कार्रवाई का निर्णय लिया। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद प्रधान को पहले निलंबित किया गया था। उन्हें अपनी सफाई पेश करने और साक्ष्य प्रस्तुत करने का पर्याप्त अवसर दिया गया। लेकिन प्रधान भानमती तय समय में संतोषजनक स्पष्टीकरण देने में विफल रहीं। इसके परिणामस्वरूप, जिलाधिकारी संजय चौहान ने उन्हें पद से बर्खास्त करने का आदेश दिया। अब उनसे तीन लाख छत्तीस हजार दो सौ सोलह रुपये की वसूली की जाएगी।

### 20 हजार रिश्वत मांगने का ऑडियो वायरल होने पर सब-इंस्पेक्टर निलंबित, एसपी ने दिए जांच के आदेश


सब-इंस्पेक्टर साबिर अली।

**शुकुल बाजार (अमेठी), अमृत विचार।** पुलिस विभाग एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया है। थाना बाजार शुकुल में तैनात एक सब-इंस्पेक्टर का कथित रिश्वत मांगने का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी सब-इंस्पेक्टर को निलंबित कर जांच बैठा दी है। जानकारी के अनुसार थाना बाजार शुकुल में तैनात सब-इंस्पेक्टर साबिर अली का एक ऑडियो बुधवार सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल ऑडियो में वह एक मुकदमे से तीन लोगों का नाम हटाने के एवज में 20 हजार रुपये की मांग करते हुए कथित तौर पर सुनाई दे रहे हैं। बातचीत में सौदेबाजी के बाद 20 हजार रुपये में मामला तय होने की बात भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि इस पूरे मामले में गांव खेममऊ के ग्राम प्रधान के माध्यम से मध्यस्थता कराई जा रही थी। वहीं प्रतिवादी पक्ष के परिजनों ने फोन पर हुई बातचीत और मौके की रिकॉर्डिंग कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया। बता दें कि यह प्रकरण 22 मार्च को दर्ज एक मारपीट के मुकदमे से जुड़ा बताया जा रहा है। आरोप है कि रास्ते के विवाद को लेकर एक युवक के साथ मारपीट की गई थी। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां और बहन के साथ भी मारपीट और गाली-गलौज की गई थी। इस मामले में सुमेरा पत्नी देवता दीन की तहरीर पर थाना बाजार शुकुल में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था और विवेचना सब-इंस्पेक्टर साबिर अली को सौंपी गई थी। आरोप है कि विवेचना के दौरान ही आरोपियों के नाम हटाने के लिए 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई। वहीं ऑडियो सामने आने के बाद पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश कुमार वर्मा को सौंप दी गई है। साथ ही आरोपी सब-इंस्पेक्टर साबिर अली को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग में 22 बीघा गेहूं की फसल राख

सिंहपुर (अमेठी)


करन गांव में लगी आग से जलती फसल।

**अमृत विचार।** इन्हौना थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अज्ञात कारणों से अचानक गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 22 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस घटना में कुल 21 किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

जानकारी के मुताबिक भीषण आग लगते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया। ग्रामीणों की तत्परता से आग को फैलने से रोका जा सका, हालांकि तब तक बड़ी मात्रा में फसल जल चुकी थी। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक ग्रामीण काफी हद तक आग बुझा चुके थे।

प्रभावित किसानों में पहाड़पुर गांव के नफीस, रेहान, इरफान, इलियास, कलीम और अतीक शामिल हैं। वहीं करन गांव के दीपक, बृजेश, रामराज, रेवतीराम, धर्मेन्द्र, रामप्रताप, महादेव, रामफेर, ओमप्रकाश, विजय बहादुर, महाबीर, शिवबहादुर, जगदीश और श्याम बहादुर की फसल भी आग की चपेट में आ गई। इसके अलावा मुजीमाबाद गांव के अब्दुल रऊफ की गेहूं की फसल भी पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर हल्का लेखपाल मानस शुक्ला मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित किसानों को शासन स्तर से सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है।

# पुलिस अधीक्षक का ऑपरेशन चक्रव्यूह साबित हुआ प्रभावी

- पुलिस के एक्शन से चोरी की घटनाओं में आई 52% कमी

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जनपद में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन में चलाया गया विशेष अभियान 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' मार्च माह में बेहद प्रभावी साबित हुआ। पूरे जिले में अपराधियों और अवैध गतिविधियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया, जिसका व्यापक असर देखने को मिला।

अभियान के तहत पुलिस द्वारा जिले भर में 148 चेकिंग प्वाइंट स्थापित किए गए, जहां संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की लगातार जांच की गई। इस दौरान पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 210 आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन और संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर 45 वाहनों को सीज भी किया गया। अवैध हथियारों और नशे के कारोबार के खिलाफ भी पुलिस ने सख्ती दिखाई। कार्रवाई के दौरान 9 अवैध तमंचे और 16 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा


एसपी सरवणन टी.।

नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए 324 ग्राम स्मैक और 2.360 किलोग्राम गांजा पकड़ा गया। अवैध शराब के खिलाफ अभियान में 218 लीटर देशी शराब जब्त की गई, जिससे इस अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस की सक्रियता का सकारात्मक प्रभाव आमजन की सुरक्षा पर भी पड़ा। वहीं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. का कहना है कि सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के चलते जिले में चोरी की घटनाओं में 52 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

# स्वर्ण शिखर ग्रंथ का होगा विमोचन

पांच को होगा समारोह

लालगंज (रायबरेली)


कार्यक्रम की जानकारी देते प्रो. हरिनाम सिंह और अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बैसवारा साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था के तत्वावधान में एक भव्य सारस्वत अभिनंदन एवं ग्रन्थ विमोचन समारोह का आयोजन पांच अप्रैल को बैसवारा पीजी कॉलेज लालगंज में किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष प्रोफेसर हरि नाम सिंह ने बताया कि इस सारस्वत अभिनंदन समारोह में बैसवारा क्षेत्र के प्रख्यात शिक्षा एवं पर्यावरण विद डॉ. महादेव सिंह का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. महादेव सिंह के जीवनवृत एवं कृतित्व पर आधारित ग्रंथ स्वर्ण शिखर का विमोचन होगा।

संस्था के सचिव अवनेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यायमूर्ति राजीव सिंह इलाहाबाद उच्च न्यायालय खण्ड पीठ लखनऊ करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जल पुरुष के नाम से अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पर्यावरण विद स्टाक होम वॉटर नोबेल पुरस्कार प्राप्त राजेंद्र सिंह होंगे। विशिष्ट अतिथि राज बहादुर सिंह चंदेल शिक्षक विधायक, शैलेंद्र प्रताप सिंह आईपीएस पूर्व पुलिस महानिरीक्षक एवं डॉ. राजीव दीक्षित पुलिस अधीक्षक मेरठ, शिक्षा मनीषी डॉ. शक्ति सिंह प्राचार्य कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान सुल्तानपुर, कर्नल रितेश कुमार समारोह में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर प्रो. अविनाश कुमार सिंह, डॉ. बैजनाथ विश्वकर्मा, अजय कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

### समारोह में बच्चों को मिलीं नई किताबें

**अमेठी, अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय बालचंदपुर में बुधवार को आयोजित पुस्तक वितरण समारोह में छात्र-छात्राओं को नई पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। कक्षा 6 में प्रवेश लेने वाले 29 नए बच्चों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया और उन्हें पुस्तकों का वितरण किया गया। वहीं कक्षा 7 और कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को भी पाठ्यपुस्तकें वितरित की गईं। इस दौरान अतिथियों एवं शिक्षकों ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और शिक्षा के महत्व को समझने की प्रेरणा दी। नई किताबें पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश प्रजापति, सहायक अध्यापक हरिकृष्ण मिश्र, धर्मेश कुमार, सुरेश सिंह, अनुदेशक अनिल कुमार, अखिलेश यादव व तकनीकी अनुदेशक खुशबू साहूसहित विद्यालय परिवार, अभिभावक व क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### वार्षिक उत्सव में बच्चों ने मचाई धूम

**सिंहपुर (अमेठी)।** सिंहपुर ब्लॉक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय मेहमानपुर में मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार समारोह, बाल मेला कार्यक्रम, नवारम्भ उत्सव एवं अभिभावक सम्मान समारोह का संयुक्त आयोजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि रहे पूर्व प्रधानाध्यापक जगजीवन प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया एवं विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। वहीं विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनों का मन मोह लिया। वहीं चंद्र प्रकाश शुक्ला ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा दी जा रही है जिससे उनका बौद्धिक विकास होगा। प्रधानाध्यापक रमन कुमार त्रिवेदी ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मेहा त्रिपाठी, मोहनलाल, मेहा त्रिपाठी, गौरव मिश्रा, सलिल सिंह, नदीम रिज़वी, आशीष कुमार, विनय द्विवेदी, धर्मेन्द्र, संजय तिवारी, कौशलेन्द्र पाण्डेय, संजय तिवारी, ओमनारायण मिश्रा, सिद्धार्थ द्विवेदी, राम बालक, कंचन, लवलेश कुमारी, उदय प्रताप सिंह आदि सहित विद्यालय के बच्चे मौजूद रहे।


अंकपत्र के साथ मौजूद बच्चे व अध्यापक।

### सिस्टम पर सवाल : चप्पल पहने बच्चों को किया गया सम्मानित

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत पर पहले दिन ही बुधवार को प्रतापगढ़ में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा एक पैलेस में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया गया। मंच पर भाजपा के सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी के साथ ही आयोजक बीएसए भूपेंद्र सिंह समेत अफसरों की मौजूदगी में 5 चिन्हित नौनिहालों को सम्मानित किया गया। शासन की व्यवस्था के बावजूद जनपद स्तरीय कार्यक्रम में पैर में हवाई चप्पलों में मंच पर सम्मान प्राप्त कर रहे ये मासूम बच्चे कहीं न कहीं सिस्टम पर सवाल हैं। ऐसे में शासन द्वारा कितने भी बेहतर नियम बना दिए जाएं अगर पांच बच्चों को सामने लाने पर ही विभाग कटघरे में आ गया तो पूरे जिले के बच्चों का भगवान ही मालिक है।


चप्पल पहनकर पहले दिन स्कूल पहुंचे बच्चे।

### ई-मेल से तमिल टाइगर्स ने न्यायालय को बम से उड़ाने की दी धमकी, जारी किया गया अलर्ट

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** जिला जज को ई-मेल भेजकर न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी भेजी गई। इसके बाद जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। हाई अलर्ट घोषित कर कचहरी परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। वादकारियों और वकीलों की तलाशी ली गई। दरअसल तमिल टाइगर्स द्वारा जिला जज को एक ई - मेल भेजा गया। भेजे गए ई-मेल में तमिल टाइगर्स ने तमिलनाडु के कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। वहां जो मेल किया गया था, उसमें सभी कोर्ट को मेल की कापी (सीसी।)कर दी गई थी। इस बात की जानकारी होने पर प्रतापगढ़ में भी पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सुरक्षा के मद्देनजर सादे कपड़ों में पुलिस कोर्ट के आसपास लग गई। हालांकि ऐसी कोई बात नहीं हुई। बाद में पुलिस को यह भी आशंका हुई कि यह पहली अप्रैल को लेकर खुराफात भी हो सकती है। सीओ सिटी आईपीएस प्रशांत राज हुड्डा ने पुलिस बल के साथ परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान न्यायालय परिसर में अफरा तफरी का माहौल रहा। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि तमिलनाडु कोर्ट को मिले धमकी वाले मेल को देखते यहां भी सुरक्षा और सतर्कता बढ़ा दी गई थी।

# डीएलएड प्रशिक्षुओं को कराया गया शिक्षक के दायित्व का बोध

संवाददाता, प्रतापगढ़


विदाई समारोह में मौजूद शिक्षक एवं डीएलएड प्रशिक्षु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पीबीपीजी कॉलेज सिटी में सत्र 2023 के डीएलएड प्रशिक्षुओं को समारोह पूर्वक विदाई दी गई। इसके पूर्व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर प्राचार्य प्रो.अमित कुमार श्रीवास्तव ने शुभारंभ किया।

उन्होंने प्रशिक्षुओं को शिक्षक के दायित्व का बोध कराते हुए शुभकामनाएं दी। कहा कि शिक्षा मात्र पुस्तकीय ज्ञान नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है। यह विदाई नहीं आपके जीवन की नई शुरुआत है। प्रो.ब्रम्हानंद प्रताप सिंह, चीफ प्राक्टर डॉ.राजीव कुमार सिंह, डॉ. भूपाल सिंह ने संबोधित करते हुए शुभकामनाएं दी। प्रशिक्षु शिखा ओझा, तनुश्री गुप्ता, शाहीन बानो, सौम्या मिश्रा, वर्षा सिंह, सुमन

समारोह

श्रीवास्तव ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। क्षमा तिवारी, खुशी खंडेलवाल, निधि चौरसिया आदि ने अनुभव साझा किए। अंकित यादव एवं निधि चौरसिया को आदर्श प्रशिक्षु के खिताब से नवाजा गया। इसके अलावा नवप्रवेशी प्रशिक्षुओं का अभिनन्दन किया गया। विभागाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत एवं सुनीत कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया। संचालन सिदरा फातिमा ने किया। कार्यक्रम के दौरान कृष्ण कुमार शर्मा, अवनीश सिंह, प्रिया सिंह, रवि प्रकाश सिंह, प्राची भट्ट आदि लोग मौजूद रहे।

# समाजवादी छात्रसभा की समीक्षा बैठक हुई संपंन



कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान मौजूद कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सुपर मार्केट स्थित पार्टी कार्यालय में बुधवार को समाजवादी छात्रसभा की संगठनात्मक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि समाजवादी छात्रसभा के प्रमुख महासचिव सिराज हुसैन रहे। इस दौरान संगठन के ज़िला, विधानसभा एवं ब्लॉक स्तरीय कमेटियों के सत्यापन के उपरांत संगठन की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में भाजपा सरकार द्वारा छात्रों के भविष्य के साथ किए जा रहे खिलवाड़, लगातार बढ़ती फीस तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में हुए पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दों पर चिंता व्यक्त की गई। जिलाध्यक्ष शुभम लोहिया के नेतृत्व में आयोजित पीडीए पाठशालाओं, छात्र जागरुकता कार्यक्रमों की सराहना की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शुभम लोहिया, अभिकल यादव, आदर्श भारती, विनय यादव, अमरजीत यादव, सूरज चौरसिया आदि लोग उपस्थित रहे।

### राम भक्तों ने अयोध्या धाम तक निकाली पदयात्रा

**सिंहपुर (अमेठी)।** जय मां अहोरवा भवानी कांवड़िया संघ के तत्वावधान में बुधवार को सुबह सैकड़ों राम भक्तों द्वारा अहोरवा भवानी से अयोध्या धाम के लिए पद यात्रा निकाली गई। राम भक्तों ने शक्तिपीठ माँ अहोरवा भवानी का आशीर्वाद लेकर पद यात्रा की शुरुआत की। गाजे बाजे के संग जय श्री राम व जय बजरंग बली के गगन भेदी नारों के साथ पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। क्षेत्र में बुधवार को जय मां अहोरवा भवानी कांवड़िया संघ के अध्यक्ष हरी राम त्यागी के संरक्षण में सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल अहोरवा भवानी से अयोध्या धाम तक सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ प्रथम पद यात्रा की शुरुआत की गई। पद यात्रियों ने ब्लॉक प्रमुख तिलोई प्रतिनिधि कृष्ण कुमार मुन्ना सिंह के साथ आदिशक्ति माँ अहोरवा भवानी का दर्शन-पूजन कर पद यात्रा का शुभारंभ किया। अयोध्या धाम के लिए निकले पद यात्रियों का इन्हौना चौराहा पहुंचने पर इन्हौना निवासी समाजसेवी शिरीष गुप्ता की अगुवाई फूल मालाओं से भव्य स्वागत सत्कार किया गया। अध्यक्ष हरी राम त्यागी ने बताया कि राम नगरी अयोध्या धाम तक पद यात्रा पूरी कर शुक्रवार को प्रभु श्री राम जी एवं श्री हनुमान जी का दर्शन-पूजन किया जायेगा। इस अयोध्या धाम पद यात्रा में ज्ञानेंद्र सिंह तूफान, बबलू चौरसिया, अमित सिंह, योगेंद्र सिंह पन्ना, मनोज सोनी, घनश्याम तिवारी, बृजेश पाल, विनोद मिश्रा, राहुल पाठक, प्रांजल त्रिपाठी, महेश पांडेय, दिनेश गुप्ता आदि बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य उपस्थित रहे।


अहोरवा भवानी से अयोध्या यात्रा को जाते श्रद्धालु।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बच्चे पुरस्कृत

**लालगंज (रायबरेली)।** कंपोजिट विद्यालय धन्नीपुर द्वारा वार्षिकोत्सव पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि धन्नीपुर के ग्राम प्रधान धनपाल सिंह रहे। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका मिथिलेश कुमारी द्वारा अभिभावकों से अपील की गई कि वह प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय भेजें। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए अनंत, कुणाल, सोनम, मीनाक्षी, हिमांशी, अर्पिता पायल, करिश्मा को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान आशीष प्रताप सिंह, शशिबाला, वंदना सिंह, शिवदेवी, स्वाती, सोनिका सिंह, अनूप सिंह, विवेक पारस, पुष्पांजलि पांडे, शेफाली, रेखा देवी, पूनम सिंह, अंकिता, वैशाली सिंह रहीं।

आयोजन

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का हुआ शुभारंभ

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का शुभारम्भ बुधवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय, गौरीगंज परिसर से किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक चलेगा, जबकि दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल तक संचालित होगा।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (वीबीडी) डॉ. रामप्रसाद, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी.के. उपाध्याय और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी गौरीगंज डॉ. राजीव सौरभ सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान नगर पालिका गौरीगंज, पंचायती राज विभाग और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए फॉगिंग मशीन व एंटी-लार्वा मशीन का प्रदर्शन किया गया।



जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि।

### मच्छरों का प्रकोप बढ़ा, दवा छिड़काव की मांग

**अमेठी, अमृत विचार।** नगर पंचायत अमेठी की नालियों की साफ सफाई न होने से 15 वार्डों में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। नगर प्रशासन द्वारा अब तक फॉगिंग या दवा छिड़काव जैसी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे नगरवासियों को मच्छरों से निजात नहीं मिल पा रही है। गर्मी के मौसम में हालात और खराब हो गए हैं। शाम होते ही मच्छरों की भरमार से लोगों का घरों के बाहर बैठना मुश्किल हो गया है। नागरिकों का आरोप है कि नगर पंचायत प्रशासन की ओर से इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिशासी अधिकारी की लापरवाही के कारण स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ रहे हैं। मच्छरों के कारण डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों ने जल्द से जल्द सभी वार्डों में फॉगिंग कराने की मांग की है। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की भी अपील की है। नगरवासियों ने मच्छरों के प्रकोप से राहत पाने के लिए तत्काल दवा छिड़काव की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि प्रशासन की उदासीनता से समस्या विकराल रूप ले चुकी है। इस गंभीर स्थिति पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू कसौधन ने कहा है कि मच्छरों पर तत्काल अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का भी आश्वासन दिया। अंजू कसौधन ने कहा कि नगर पंचायत गंदगी दूर करने का प्रयास करेगी, जिससे लोगों को राहत मिल सके।

# गैंगस्टर के ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**कमरौली (अमेठी)।** जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कमरौली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक शातिर अभियुक्त की अवैध संपत्ति जब्त कर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के बीच हड़कंप मच गया है। गैंगस्टर एक्ट के तहत नामजद अभियुक्त रजनीश सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी देवगिरि मजरे संसारपुर थाना बाजारशुक्ल की अवैध संपत्ति को चिह्नित कर जब्त किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त द्वारा आपराधिक गतिविधियों से अर्जित एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 7.53 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, सरकारी कर्मचारी को चोट पहुंचाने और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर आरोप दर्ज हैं।



आप दीवार के चित्रों को बदल कर इतिहास के तथ्यों को नहीं बदल सकते।
**–जवाहर लाल नेहरू**, पूर्व प्रधानमंत्री



# भगवान भरोसे भीड़

बिहार के नालंदा जिले में मघड़ा गांव में स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में हुई भगदड़ की घटना महज एक 'दुर्घटना' नहीं, बल्कि व्यवस्थागत पंगुता और प्रशासनिक संवेदनहीनता का जीवंत प्रमाण है। 8 महिलाओं की मृत्यु और 15 से अधिक का घायल होना यह सवाल उठाता है कि क्या आधुनिक भारत में नागरिक के जीवन का मूल्य केवल कुछ हजार रुपयों के मुआवजे तक सिमट कर रह गया है? इस त्रासदी का मुख्य दोषी पंडा कमेटी और स्थानीय पुलिस-प्रशासन का वह 'अहंकारी समन्वय' है, जिसने 25 हजार की भीड़ को भगवान भरोसे छोड़ दिया। पंडा कमेटी का पुलिस से सुरक्षा की मांग न करना उनकी अक्षमता और वर्चस्ववादी सोच को दर्शाता है, लेकिन क्या प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से केवल इसलिए पल्ला झाड़ सकता है कि उसे व्यवस्था प्रबंध हेतु 'आमंत्रण' नहीं मिला? खुफिया विभाग और स्थानीय पुलिस को हर साल चैत्र के आखिरी मंगलवार को जुटने वाली इस भीड़ का पूर्वानुमान क्यों नहीं था? क्या पुलिस इतनी दिशाहीन हो गई है कि उसे 25,000 लोगों के जमावड़े की आहट तक नहीं मिली? सबसे विडंबनापूर्ण स्थिति सुरक्षा प्राथमिकताओं की है। जिस दिन यह त्रासदी हुई, उसी दिन राष्ट्रपति की सुरक्षा में 2,500 पुलिसकर्मी तैनात थे, जबकि मंदिर में 25,000 आम नागरिकों के लिए एक भी नहीं। यह 'अतिविशिष्ट' बनाम 'आम जनता' का वह असंतुलन है, जो लोकतंत्र के मूल ढांचे पर प्रहार करता है। घटना के बाद कुछ अधिकारियों का निलंबन मात्र प्रशासनिक 'खानापूरी' है, जिससे मूल समस्याओं का समाधान नहीं होता। एंबुलेंस और सहायता में देरी यह पुष्टि करती है कि आपदा प्रबंधन की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं। देश में मंदिरों और बाबाओं के समागमों में होने वाली भगदड़ की घटनाओं में पिछले कुछ बरसों में 12,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। सत्य है कि आस्था भीड़ लाती है, लेकिन सच यह भी है कि प्रशासन को उस भीड़ का प्रबंधन करना होता है। हर विफलता के बाद शासन-प्रशासन अपनी जिम्मेदारी दूसरों पर डालकर बच निकलता है।

इन हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए केवल संवेदना प्रकटीकरण या मुआवजा पर्याप्त नहीं है। हमें एक 'राष्ट्रीय भीड़ प्रबंधन प्रोटोकॉल' की आवश्यकता है। हर धार्मिक स्थल की एक 'वहनीय क्षमता' तय होनी चाहिए। भीड़ बढ़ने पर 'होल्डिंग एरिया' का निर्माण और प्रवेश पर नियंत्रण अनिवार्य हो। ड्रोन और सीसीटीवी के माध्यम से वास्तविक समय में भीड़ की घनत्व की निगरानी की जानी चाहिए ताकि 'क्राउड क्रिटिकल पॉइंट' की पहचान पहले ही हो सके। धार्मिक समितियों और पुलिस के बीच एक अनिवार्य समन्वय केंद्र हो, जहां बिना किसी औपचारिक मांग के भी पुलिस तैनाती सुनिश्चित की जाए। तंग जगहों पर स्थित मंदिरों में 'वन-वे' प्रवेश और निकास के साथ आपातकालीन निकासी मार्ग की सख्त व्यवस्था होनी चाहिए। समाज और सरकार को यह समझना होगा कि व्यवस्था की कमी से होने वाली मौतें 'ईश्वर की इच्छा' नहीं, बल्कि 'मानवीय भूल' हैं। यदि हमने आदिवासी नक्सल प्रभावित जैसे दुर्गम क्षेत्रों में डिजिटल व्यवस्था पहुंचा दी है, तो हम अपने तीर्थस्थलों पर बुनियादी सुरक्षा ढांचा क्यों नहीं विकसित कर सकते? आस्था का सम्मान तभी होगा जब श्रद्धालु सुरक्षित घर लौट सकें।

## प्रसंगवश

# भौतिक सुखों के बीच गुम होती आत्मिक प्रसन्नता

खुशी क्या है? इस सवाल का जवाब शायद ही किसी को ठीक-ठीक पता हो, लेकिन सरल शब्दों में कहा जाए, तो आत्मसंतुष्टि ही वास्तविक खुशी है। आज की तेज रफ्तार दुनिया में हम अक्सर इस संतुष्टि के भाव को समझ ही नहीं पाते। यदि हम अपने आसपास नजर दौड़ाएं, तो पाएंगे कि हम अपनी खुशी को दूसरों के व्यवहार से जोड़ चुके हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या हम सच में अपने भावनाओं पर नियंत्रण रखने वाले इंसान हैं या फिर दूसरों के व्यवहार से संचालित होने वाली मशीन? निःसंदेह, इंसान होने के नाते हमारे भीतर अपार शक्ति और आत्मनियंत्रण की क्षमता होती है। जैसे-जैसे व्यक्ति सफलता की ओर बढ़ता है, उसके भीतर आत्मविश्वास और प्रसन्नता के बीज स्वतः अंकुरित होने लगते हैं, लेकिन वर्तमान समय में धैर्य



**शिवालिक अवस्थी**
लेखक

और संयम का अभाव विशेष रूप से युवाओं में साफ दिखाई देता है। आज का युवा भीड़ में खुद को खोया हुआ महसूस कर रहा है। आंतरिक सुख मानो उसके भीतर कहीं दब गया है, जबकि भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर उसका झुकाव तेजी से बढ़ता जा रहा है। युवाओं को यह समझना आवश्यक है कि भौतिक सुख क्षणिक होते हैं। ये कुछ समय के लिए तो आनंद दे सकते हैं, लेकिन स्थायी संतुष्टि नहीं दे सकते। हमारे शास्त्र भी दीर्घकालिक सुख की खोज पर जोर देते हैं, जो केवल भौतिक साधनों से संभव नहीं है। आज के दौर में भौतिक सुख-सुविधाओं में सबसे प्रमुख स्थान मोबाइल फोन ने ले लिया है। यह हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

आज लगभग हर व्यक्ति के हाथ में मोबाइल है, लेकिन इसके कारण परिवार के बीच रहकर भी लोग अकेलापन महसूस कर रहे हैं। संयुक्त परिवारों का विघटन और मोबाइल की बढ़ती लत ने इस स्थिति को और गंभीर बना दिया है। खासकर युवा वर्ग इसका सबसे अधिक शिकार हो रहा है, जो अपना अधिकांश समय मोबाइल स्क्रीन पर बिताता है। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि मोबाइल का उपयोग केवल कॉल या जरूरी कार्यों तक सीमित नहीं रहा। सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। भावनाओं और व्यवहार में बदलाव स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। कई युवा मानसिक दबाव और अकेलेपन से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वास्तविक खुशी उनसे दूर होती जा रही है। हाल ही में जारी हुई विश्व खुशहाली रिपोर्ट-2026 भी इस स्थिति की पुष्टि करती है। इस रिपोर्ट में 147 देशों को विभिन्न मानकों-जैसे प्रति व्यक्ति आय, सामाजिक समर्थन, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता और पारदर्शिता के आधार पर आंका गया। फिनलैंड, आइसलैंड और डेनमार्क जैसे देश शीर्ष स्थानों पर रहे, जबकि भारत 4.536 अंकों के साथ 116 वें स्थान पर है। यह आंकड़े बताते हैं कि भौतिक प्रगति के बावजूद मानसिक संतुष्टि का स्तर अभी भी चुनौतीपूर्ण है। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रतिदिन 2.5 घंटे से अधिक मोबाइल का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, जबकि सीमित उपयोग लाभकारी हो सकता है। सोशल मीडिया का संतुलित उपयोग ज्ञानवर्धन और सूचना प्राप्ति के लिए किया जा सकता है, लेकिन अत्यधिक समय चैटिंग, रील्स और गेम्स में बिताना उचित नहीं है। हमारी खुशी हमारे अपने हाथों में है। साधन केवल उपयोग के लिए होते हैं, उनका सही या गलत इस्तेमाल हम पर निर्भर करता है। यदि हम मोबाइल और सोशल मीडिया से कुछ समय निकालकर परिवार, आत्मविकास और ज्ञान की ओर ध्यान दें, तो न केवल हमारा मन शांत रहेगा, बल्कि जीवन में सच्ची खुशी का अनुभव भी संभव हो सकेगा। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# ऊर्जा संकट के बीच भारत की राह






**रजत मेहरोत्रा**
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

पश्चिम एशिया में ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच जारी युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को गहरे संकट में डाल दिया है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति पर अनिश्चितता ने न केवल अंतर्राष्ट्रीय कीमतों को ऊंचाई पर पहुंचा दिया है, बल्कि ऊर्जा आयात पर निर्भर देशों की आर्थिक स्थिरता को भी चुनौती दी है। भारत, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इस संकट से सीधे प्रभावित हो रहा है। बढ़ती ऊर्जा कीमतें महंगाई, चालू खाता घाटा और औद्योगिक लागत को बढ़ाकर आर्थिक विकास की गति को धीमा कर सकती हैं।

ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि भारत सरकार और आम नागरिक मिलकर इस चुनौती का समाधान निकालें, ताकि अर्थव्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे और आम जनता पर अतिरिक्त बोझ न पड़े। सरकार के स्तर पर सबसे महत्वपूर्ण कदम ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण होना चाहिए। भारत को केवल खाड़ी देशों पर निर्भर रहने के बजाय रूस, अमेरिका, अफ्रीका और अन्य क्षेत्रों से तेल और गैस आयात के विकल्प बढ़ाने होंगे। इससे किसी एक क्षेत्र में संकट का प्रभाव कम किया जा सकेगा। इसके साथ ही, रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को और मजबूत करना आवश्यक है, ताकि आपात स्थिति में देश के पास पर्याप्त ऊर्जा उपलब्ध हो। यह नीति न केवल अल्पकालिक राहत देगी, बल्कि दीर्घकाल में ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत करेगी।

दूसरा महत्वपूर्ण कदम नवीकरणीय ऊर्जा पर तेजी से निवेश बढ़ाना है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे विकल्प भारत को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह संकट भारत के लिए एक अवसर भी है कि वह जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करे और स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़े। इसके साथ ही, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करना भी आवश्यक है, ताकि पेट्रोल और डीजल की खपत को कम किया जा सके। सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि ऊर्जा संकट का सीधा बोझ आम नागरिकों पर न पड़े। इसके लिए पेट्रोल, डीजल और एलपीजी पर करों में अस्थायी राहत दी जा सकती है। साथ ही, गरीब और मध्यम वर्ग के लिए लक्षित सब्सिडी व्यवस्था को मजबूत करना चाहिए, ताकि उनकी क्रय शक्ति पर असर न पड़े। सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सस्ता, सुलभ और अधिक प्रभावी बनाना भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। यदि लोग निजी वाहनों के बजाय बस, मेट्रो और ट्रेन का उपयोग करेंगे, तो ईंधन की खपत कम होगी और आयात बिल भी नियंत्रित रहेगा।

ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देना भी सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उद्योगों को ऊर्जा बचाने वाली तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना और ऊर्जा दक्ष उपकरणों पर सब्सिडी देना एक प्रभावी रणनीति हो सकती है। इससे उत्पादन लागत कम होगी और प्रतिस्पर्धात्मकता भी बढ़ेगी। इसके साथ ही, सरकार को कूटनीतिक स्तर पर भी सक्रिय रहना होगा, ताकि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में स्थिरता बनी रहे और भारत को पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो सके, जहां सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण है, वहीं नागरिकों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है।

आम नागरिक अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करके ऊर्जा की खपत को काफी हद तक कम कर सकते हैं। उदाहरण के लिए अनावश्यक बिजली उपकरणों को बंद रखना, एलईडी बल्ब का उपयोग करना और ऊर्जा दक्ष उपकरणों को अपनाना सरल, लेकिन प्रभावी उपाय हैं। रसोई में गैस के उपयोग को नियंत्रित करना और खाना पकाने के तरीकों में बदलाव भी एलपीजी की खपत को कम कर सकता है। निजी वाहनों के अत्यधिक उपयोग से बचना भी एक बड़ा कदम हो सकता है। कार-पूलिंग, सार्वजनिक परिवहन और साइकिल जैसे विकल्प अपनाकर न केवल ईंधन की बचत की जा सकती है, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ पहुंचाया जा सकता है।

इसके अलावा, जो लोग सक्षम हैं, वे सोलर पैनल जैसे विकल्पों में निवेश करके अपनी बिजली की जरूरतों को आंशिक रूप से स्वयं पूरा कर सकते हैं। जीवनशैली में बदलाव भी इस संकट से निपटने का एक महत्वपूर्ण पहलू है। आज के समय में उपभोग की आदतें तेजी से बढ़ी हैं, जिससे ऊर्जा की मांग भी बढ़ रही है। यदि नागरिक "कम उपभोग और अधिक बचत" की नीति अपनाएं, तो न केवल ऊर्जा की बचत होगी, बल्कि आर्थिक स्थिरता भी बनी रहेगी। स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देना भी एक अच्छा विकल्प है, क्योंकि इससे परिवहन पर होने वाली ऊर्जा खपत कम होती है।

अंततः यह ऊर्जा संकट भारत के लिए एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि अत्यधिक आयात पर निर्भरता भविष्य में बड़े जोखिम पैदा कर सकती है और अवसर इसलिए कि भारत अपनी ऊर्जा नीति को अधिक आत्मनिर्भर और टिकाऊ बना सकता है। यदि सरकार दूरदर्शी नीतियों के साथ आगे बढ़ती है और नागरिक जिम्मेदारी के साथ अपने व्यवहार में बदलाव लाते हैं, तो भारत न केवल इस संकट से उबर सकता है, बल्कि भविष्य में एक मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था के रूप में उभर सकता है। यही समय है जब ऊर्जा सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाकर एक संतुलित और सतत विकास की दिशा में कदम बढ़ाए जाएं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

यह ऊर्जा संकट भारत के लिए एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि अत्यधिक आयात पर निर्भरता भविष्य में बड़े जोखिम पैदा कर सकती है और अवसर इसलिए कि भारत अपनी ऊर्जा नीति को अधिक आत्मनिर्भर और टिकाऊ बना सकता है।

## आमने सामने



जैसे नरेंद्र मोदी को डोनाल्ड ट्रंप नियंत्रित करते हैं, वैसे ही मोदी आपके मुख्यमंत्री को नियंत्रित कर रहे हैं। पिनाराई विजयन अपने भ्रष्टाचार के कारण मोदी के दबाव में हैं। एलडीएफ सरकार अब वामपंथी नहीं, बल्कि 'कॉर्पोरेट फंडेड' सरकार बन गई है। यह इस बात का सबूत है कि बीजेपी और एलडीएफ के बीच 'सीक्रेट डील' है।
**–राहुल गांधी**, सांसद कांग्रेस

यह समझ नहीं आता कि राहुल को कौन सलाह दे रहा है और वे ऐसे बेतुके बयान क्यों दे रहे हैं। राहुल जमीन से कटे हुए नेता हैं, जिन्हें केरल की वास्तविकता का पता नहीं है। खुद 'इंडिया' गठबंधन के नेता बनने का दावा करते हैं, तो वे उसी गठबंधन के साथियों पर इस तरह के हमले कैसे कर सकते हैं?
**– पी. संदोष कुमार**
सांसद सीपीआई



# उपभोग की मृगतृष्णा को भुनाता बाजार



**डॉ. शिवम भारद्वाज**
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

भारतीय लोकजीवन में दो वाक्य लंबे समय से समानांतर रूप से चलते आए हैं- "तेते पांव पसारिये, जेती लांबी सौर" और "ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत्।" पहली कहावत मर्यादा, संयम और यथार्थ के साथ जीवन जीने की सीख देती है, दूसरी, जो चार्वाक दर्शन से जुड़ी है, तत्काल सुख के लिए भविष्य की चिंता से मुक्त होने का आग्रह करती है। ये दोनों सूत्र केवल लोकोक्तियां नहीं हैं, वे भारतीय समाज के भीतर मौजूद दो मानसिकताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। आज का भारत इन्हीं दो ध्रुवों के बीच झूलता दिखाई देता है। एक ओर विवेक, दूसरी ओर उपभोग का आकर्षण, जो कई बार आधुनिकता के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। लंबे समय तक भारतीय समाज, विशेषकर मध्यवर्ग, पहली दृष्टि के साथ जीता रहा। सीमित आय, सीमित संसाधन और सीमित इच्छाएं इन तीनों के बीच एक सहज संतुलन था। आर्थिक आत्मनिर्भरता और ऋणमुक्ति सामाजिक प्रतिष्ठा का हिस्सा थीं। बचत करना केवल आर्थिक विवेक नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार था। एक ऐसा संस्कार, जो भविष्य के प्रति भरोसा पैदा करता था।

उदारीकरण के बाद जब भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक बाजार से गहराई से जुड़ी, तो परिवर्तन केवल व्यापार और निवेश तक सीमित नहीं रहा। इसके साथ एक नई उपभोक्ता संस्कृति भी समाज में तेजी से फैलने लगी। बाजार ने केवल वस्तुएं नहीं दीं, उसने इच्छाओं का एक विस्तृत संसार रचा और धीरे-धीरे आवश्यकताओं को इच्छाओं और इच्छाओं को अनिवार्यता में बदल दिया। "अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें" का आकर्षक नारा जीवनशैली का हिस्सा बन गया। क्रेडिट कार्ड, उपभोक्ता ऋण और आसान किश्तों ने उपभोग को तत्काल संभव बना दिया। उपलब्ध सत्यापित आकलनों के अनुसार, दिसंबर 2025 तिमाही तक भारत का खुदरा ऋण बाजार 162.7 लाख करोड़ तक पहुंच चुका था और सक्रिय ऋण खातों की संख्या 69 करोड़ हो गई थी। जनवरी, 2026 तक देश में प्रचलित क्रेडिट कार्डों की संख्या भी बढ़कर लगभग 11.66 करोड़ हो गई, जो पिछले कुछ वर्षों में खुदरा उधारी के तेज विस्तार को रेखांकित करती है। इसके साथ ही, स्वर्ण ऋण जैसे उत्पाद खुदरा ऋण विस्तार के प्रमुख चालक बनकर उभरे हैं। दिसंबर 2025 तिमाही में TransUnion CIBIL का उपभोक्ता ऋण बाजार संकेतक (Consumer Credit Market Indicator) 102 तक पहुंच गया। स्वर्ण ऋण कुल खुदरा ऋण आपूर्ति का 36 प्रतिशत (मात्रा के आधार पर) और 39 प्रतिशत (मूल्य के आधार पर) हिस्सा लेने लगे। इस वृद्धि में पहली बार ऋण लेने वालों, 35 वर्ष से कम आयु के उपभोक्ताओं और गैर-महानगरीय क्षेत्रों की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है।

आज के मध्यमवर्गीय जीवन को देखें तो एक दिलचस्प विरोधाभास सामने आता है। सुविधाएं बढ़ी हैं, लेकिन आर्थिक दबाव भी उसी अनुपात में बढ़ा है। उधारी से चमकती जीवनशैली के पीछे ऋण का एक स्थायी बोझ खड़ा होता है। आधुनिक उपभोक्ता के पास वस्तुएं अधिक हैं, पर आर्थिक स्वतंत्रता लगातार सिमटती जा रही है। घर, कार, मोबाइल, टेलीविजन, फ्रिज, वाशिंग मशीन, यहां तक कि छुट्टियां भी अब किश्तों में खरीदी जा सकती हैं। सुविधा का यह विस्तार दरअसल भविष्य की आय को वर्तमान में खींच लाने की प्रक्रिया है।

यह स्थिति केवल व्यक्तिगत निर्णयों का परिणाम नहीं है। इसके पीछे एक व्यापक सामाजिक दबाव भी काम करता है। सोशल मीडिया ने इस दबाव को और तीव्र बना दिया है। दूसरों की यात्राएं, महंगे शौक और सजी हुई जीवनशैली लगातार हमारी स्क्रीन पर दिखाई देती हैं। यह आभासी दुनिया एक ऐसा भ्रम पैदा करती है कि यदि हमारे पास वही चीजें नहीं हैं, तो हम कहीं पीछे रह गए हैं। इसी "फियर ऑफ मिसिंग आउट" के कारण बहुत से लोग अपनी वास्तविक आय से अधिक खर्च करने लगते हैं। क्रेडिट कार्ड की ब्याज दरें कई बार काफी ऊंचाई तक पहुंच जाती हैं। उधार का घी क्षणभर के लिए सस्ता लगता है, पर उसकी असली कीमत बाद में चुकानी पड़ती है।

इस प्रवृत्ति का व्यापक आर्थिक संदर्भ भी ध्यान देने योग्य है। 2024-25 में घरेलू शुद्ध जीडीपी के लगभग 6.0 प्रतिशत के स्तर पर रही, जबकि घरेलू वित्तीय देनदारियां जीडीपी का 4.7 प्रतिशत थीं। यह संकेत देता है कि महामारी के बाद घरेलू देनदारियों में तेज वृद्धि अवश्य हुई, लेकिन हाल के वर्षों में उसमें कुछ नरमी के संकेत भी दिखाई देने लगे हैं। वास्तविक समृद्धि केवल वस्तुओं के संग्रह से नहीं आती। वह आर्थिक स्वतंत्रता, मानसिक शांति और भविष्य की सुरक्षा से आती है। यदि उपभोग हमें स्वतंत्र बनाने के बजाय कर्ज के बोझ से बांध दे, तो वह समृद्धि नहीं, बल्कि एक प्रकार की आर्थिक असुरक्षा है।

आज आवश्यकता आधुनिक जीवन से दूरी बनाने की नहीं, बल्कि उसके साथ संतुलन स्थापित करने की है। तकनीक, सुविधा और बेहतर जीवन स्तर प्रगति के स्वाभाविक हिस्से हैं, लेकिन आर्थिक विवेक और संयम की परंपरा को पूरी तरह त्याग देना बुद्धिमानी नहीं होगी। आधुनिकता का अर्थ अपनी जड़ों से कट जाना नहीं, बल्कि उन्हें नए संदर्भ में समझना है। शायद इसी संदर्भ में "तेते पांव पसारिये" को नए अर्थों में पढ़ने की जरूरत है। यह केवल अभाव की स्वीकारोक्ति नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और संतुलन का सिद्धांत है।

आज के भारत के सामने यही चुनौती है कि उपभोग की ऊर्जा और संयम की परंपरा के बीच संतुलन बनाना। यदि यह संतुलन साध लिया गया, तो समृद्धि का अर्थ केवल वस्तुओं का विस्तार नहीं, बल्कि स्वतंत्रता और संतोष का विस्तार भी होगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

आधुनिकता का अर्थ अपनी जड़ों से कट जाना नहीं, बल्कि उन्हें नए संदर्भ में समझना है। शायद इसी संदर्भ में "तेते पांव पसारिये" को नए अर्थों में पढ़ने की जरूरत है।

## सोशल फोरम

# केरोसिन युग की वापसी

खाड़ी युद्ध के लंबा खिचने से ईंधन की संभावित समस्या को देखते हुए सरकारों ने केरोसिन वितरण के आदेश दे दिए हैं, जिसे कोटेदारों और पेट्रोल पंपों से उपलब्ध कराया जाएगा। विगत एक दशक से केरोसिन (मिट्टी का तेल) का दिखना ही दुर्लभ हो गया था। पिछले साल गांव में तपनी जलाने के लिए जलावन



**डॉ. अरविंद मिश्रा**
वरिष्ठ विज्ञान लेखक

की लकड़ियों पर मिट्टी का तेल छिड़कने की जरूरत हुई, तो मिट्टी का तेल ढूंढने से भी नहीं मिला। गांव के कोटेदार ने भी हाथ खड़े कर दिए। कभी मिट्टी का तेल गांव की रोजमर्रा की जिंदगी में अच्छी दखल रखता था। स्टोप से खाना इसी मिट्टी के तेल से बनता था। लालटेन से लेकर पेट्रोमेक्स तक इसी मिट्टी के तेल से कस्बों का अंधेरा दूर करते थे। शादी-व्याह के मंडप, शामियाना आलोकित होते। घर-घर शाम की दिया-बत्ती इसी केरोसिन से जलती। अब केरोसिन से जुड़ी जुगतें, साजो-सामान भी लुप्त हो गए। मुझे याद है कि मेरे गांव में तीसेक वर्ष पहले बिजली आई, तदनंतर गैस का चूल्हा और सिलेंडर। धीरे-धीरे केरोसिन की जरूरत खत्म होती गई और फिर मांग न होने से केरोसिन भी मिलना बंद हो गया। पहले केरोसिन रंगहीन होता था बाद में इसे हल्के नीले रंग का कर दिया गया। बताया गया कि मिट्टी का तेल मिलावट में इस्तेमाल न हो इसलिए ऐसा किया गया।

आशय यह कि मिट्टी का तेल गावों में एक जरूरी कमोडिटी बन गया था। एक महिला की मुझे याद है, जिनके पति घर में एक लीटर मिट्टी के तेल की व्यवस्था कर परदेश चले गए थे। पांच साल बाद लौटे तो एक छोटी शीशी में कुछ तेल अभी भी बचा था। छोटी शीशी दिए में तब्दील हो गई थी। महिला खाना तो ऊपली और लकड़ी की अंगीठी पर बनाती, मगर शाम को कुछ मिनटों के लिए देहरी पर उजाला इसी दिए से करती। इतनी किफायत से ही वह बस शाम को कुछ मिनट का उजाला एक लीटर मिट्टी के तेल से पांच साल करती रही। घर की देहरी के शाम के चंद मिनट के उजाले में वह पति का बाट जोहती रही।

अब फिर उसी केरोसिन के युग की वापसी ने कितने ही यादों को स्फुरण दे दिया है। न जाने यह शकुन है या कोई अपशकुन यह तो आने वाला समय ही बताएगा। खाड़ी युद्ध न जाने कौन कौन सी परिस्थितियां उत्पन्न करेगा यह प्रश्नचिह्न अब बड़ा आकार लेने लगा है।

**–फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# कुप्रबंधन की भेंट चढ़ती आस्थावान जिंदगी

बिहार राज्य के नालंदा जिले के शीतला माता मंदिर में मची भगदड़ में 8 लोगों की दर्दनाक मौत मंदिर प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की कुप्रबंधन और घोर बदइंतजामी को उजागर करता है। जब मंदिर प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन अच्छी तरह अवगत था कि चैत्र माह के आखिरी मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ सकती है, तो फिर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किया गया? स्थानीय लोगों का कहना है कि यह हादसा व्यवस्था की बदइंतजामी और कुप्रबंधन के कारण हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें, तो हर कोई जल्दी दर्शन करना चाहता था, जिससे बैरिकेड्स और कतारें टूट गई। लोग एकदूसरे के उपर गिरने लगे और भगदड़ मच गई। मरने वालों में अधिकांश महिलाएं



**अरविंद जयतिलक**
वरिष्ठ पत्रकार

हैं। अगर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षाकर्मी उपलब्ध होते, तो कतारें और बैरिकेड्स नहीं टूटते और न ही लोगों की जान जाती। यह पर्याप्त नहीं कि जिला प्रशासन एसएचओ को सस्पेंड कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ लें। उचित होगा कि इस हादसे की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को कड़ी सजा मिले। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब कुप्रबंधन के कारण दर्शनार्थियों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। याद होगा अभी पिछले वर्ष ही 27 जुलाई को उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर की सीढ़ियों पर मची भगदड़ में आधा दर्जन लोगों की जान चली गई। पिछले वर्ष ही प्रयागराज कुंभ में मची भगदड़ में दर्जनों श्रद्धालुओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। देखा जाए, तो इन सभी धार्मिक स्थलों पर हुए हादसे के लिए पूर्ण रूप से शासन-प्रशासन, मंदिर प्रबंधन तंत्र और श्रद्धालुओं की अनुशासनहीनता ही प्रमुख रुप से जिम्मेदार रहा है, लेकिन हैरानी की बात यह कि हर हादसे में शासन-प्रशासन और मंदिर प्रबंधतंत्र अपनी गलतियां स्वीकारने के बजाए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराता नजर आता है।

सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर क्यों? क्या राज्य सरकारें और आयोजकगण हादसों को लेकर गंभीर और संवेदनशील नहीं होते हैं? या यह समझा जाए कि हादसों के लिए जिम्मेदार तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का न होना है? गौर करें तो ये दोनों ही बातें सच हैं। अगर सरकारी अमला, मंदिर प्रबंधनतंत्र और आयोजकगण अपनी जिम्मेदारियों का सही निर्वहन करें, तो इस तरह के हादसों की पुनरावृत्ति नहीं होगी। ध्यान देना होगा कि देश में बहुतेरे मंदिर हैं, जहां लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इन स्थानों पर सुरक्षा और संभावित हादसों को टालने का पूरा इंतजाम होना चाहिए। उचित होगा कि इन धार्मिक स्थानों पर दर्शन कराने की समुचित व्यवस्था हो और सुरक्षा बलों की उपस्थिति हो। भीड़ के बेहतर प्रबंधन के लिए बैरीकेड की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ प्रवेश व निकास के लिए अलग-अलग मार्ग हो। रास्ते में श्रद्धालुओं के आराम की पर्याप्त व्यवस्था के साथ-साथ लोगों पर नजर रखने के लिए सेवादार और राज्य का खुफिया तंत्र मजबूत हो।

आज जरूरत इस बात की है कि राज्य सरकारें, स्थानीय प्रशासन, मंदिर प्रबंधनतंत्र और श्रद्धालुगण सभी अपनी जिम्मेदारियों को समझें। दर्शन के समय श्रद्धालुगणों का व्यवहार अत्यंत संयमित और सहनशील होना चाहिए। अफवाहों पर ध्यान न दें और दिशा-निर्देशों का समुचित पालन करें। सरकारी प्रशासन, मंदिर प्रबंधनतंत्र एवं धार्मिक आयोजकगण अफवाह फैलाने वाले शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। श्रद्धालुओं की जानमाल की सुरक्षा शीर्ष प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## वर्ड स्मिथ

### ऑटो रिक्शा



जापान की सड़कों पर लोग एक अनोखे वाहन में सफर करते थे। यह वाहन था "जिनरिकिशा"- एक ऐसा रिक्शा, जिसे इंसान अपनी ताकत से खींचता था। तीन पहियों वाला यह साधन आम लोगों के लिए सस्ता और सुविधाजनक था, लेकिन इसे खींचने वाले के लिए यह मेहनत भरा काम था। समय बदला, तकनीक आगे बढ़ी और दुनिया ने आराम की ओर कदम बढ़ाया। इंसानी ताकत की जगह अब मशीनों ने लेनी शुरू कर दी। तभी एक नया विचार आया- क्यों न इस रिक्शे को इंजन से चलाया जाए? यहीं से जन्म हुआ "ऑटो रिक्शा" का। "ऑटो" शब्द ग्रीक भाषा के "Autos" से आया, जिसका अर्थ है "स्वयं", यानी खुद चलने वाला। जब यह शब्द "रिक्शा" के साथ जुड़ा, तो बना "ऑटो रिक्शा" एक ऐसा वाहन, जो अब इंसान की मेहनत नहीं, बल्कि इंजन की ताकत से चलता था। धीरे-धीरे यह वाहन भारत जैसे देशों में पहुंचा और लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया। तंग गलियों से लेकर भीड़भाड़ वाली सड़कों तक, ऑटो रिक्शा हर जगह आसानी से चलने लगा। सस्ता किराया, तेज रफ्तार और आसानी से उपलब्धता- इन सबने इसे आम जनता का पसंदीदा बना दिया। दुनिया को "ऑटो-रिक्शा" शब्द देने का श्रेय भारत को जाता है। वर्ष 1947 में आजादी के बाद देश में आत्मनिर्भरता की सोच ने जोर पकड़ा और कई उद्योगपतियों ने स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा देना शुरू किया। इसी दौर में N.K. Firodia, जो Force Motors के संस्थापक थे, ने मोटर से चलने वाले रिक्शे के लिए "ऑटो-रिक्शा" शब्द गढ़ा।

यह शब्द धीरे-धीरे आम बोलचाल में इतना लोकप्रिय हुआ कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचाना जाने लगा। आज "ऑटो-रिक्शा" शब्द को Oxford English Dictionary में भी स्थान मिल चुका है, जो इसकी वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है।

## नोटिस बोर्ड

### परीक्षा फॉर्म जारी



- लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक, परास्नातक व डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रमों के परीक्षा फॉर्म जारी कर दिए गए हैं। नियमित, बैक पेपर, इंप्रूवमेंट व इक्जेम्टेड परीक्षा के लिए यह फॉर्म द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को छोड़कर अन्य सभी सम सेमेस्टर के छात्र 13 अप्रैल तक भर सकेंगे। इसके बाद उन्हें अपना फार्म संबंधित विभाग में जमा करना होगा, जिसे विभाग द्वारा अग्रसारित कर 16 अप्रैल तक विश्वविद्यालय को भेजा जाएगा।

### रोजगार मेला

- मेरठ के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए अच्छी खबर है, जो प्राइवेट सेक्टर में बेहतर रोजगार की तलाश कर रहे हैं। 2 अप्रैल को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा मवाना क्षेत्र के रूद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में एक बड़े रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेला सुबह 10 बजे से शुरू होगा, जिसमें 60 से अधिक नामी कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। इस मेले में हर स्तर की योग्यता रखने वाले युवाओं के लिए अवसर मिलेगा। शैक्षणिक योग्यता की बात करें, तो 10 वीं पास से लेकर आईटीआई, नॉन-आईटीआई, टेक्निकल, नॉन-टेक्निकल, स्नातक और परास्नातक कर चुके सभी युवा इसमें भाग ले सकते हैं।

# अमृत विचार कैम्पस



# ई-कॉमर्स मैनेजमेंट

## ऑनलाइन कारोबार की रीढ़

तेजी से बदलते डिजिटल युग में खरीदारी का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। आज उपभोक्ता घर बैठे कपड़े, मोबाइल, किताबें ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से खरीद रहे हैं। इस बढ़ती डिजिटल निर्भरता ने ई-कॉमर्स को एक विशाल बाजार के रूप में स्थापित कर दिया है। ऐसे में किसी भी ऑनलाइन व्यवसाय को सफल बनाने के लिए ई-कॉमर्स मैनेजमेंट की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। ई-कॉमर्स मैनेजमेंट केवल उत्पाद बेचने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक समग्र प्रक्रिया है, जिसमें वेबसाइट या ऐप का संचालन, प्रोडक्ट की प्रस्तुति, ग्राहकों से संवाद, ऑर्डर की प्रक्रिया, भुगतान प्रणाली और डिलीवरी तक का पूरा प्रबंधन शामिल होता है। सही रणनीति और कुशल प्रबंधन के जरिए ऑनलाइन व्यवसाय को तेजी से विस्तार दिया जा सकता है।



सत्यदत्त शुक्ला
चार्टर्ड अकाउंटेंट, लखनऊ

### क्या है ई-कॉमर्स मैनेजमेंट

ई-कॉमर्स मैनेजमेंट का अर्थ है ऑनलाइन बिजनेस के हर पहलू को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित करना। इसमें प्रोडक्ट लिस्टिंग, कीमत निर्धारण, स्टॉक की निगरानी, ग्राहकों की समस्याओं का समाधान, सुरक्षित भुगतान व्यवस्था और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करना शामिल होता है। यह एक ऐसा तंत्र है, जो ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाकर ब्रांड की विश्वसनीयता बढ़ाता है।

### मुख्य कार्य और जिम्मेदारियां

- **प्रोडक्ट मैनेजमेंट-** प्रोडक्ट की सही जानकारी, आकर्षक तस्वीरें और स्पष्ट विवरण ग्राहक को खरीदारी के लिए प्रेरित करते हैं। अच्छी प्रोडक्ट प्रेजेंटेशन बिक्री बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है।
- **ऑर्डर और इंवेंटरी मैनेजमेंट-** ऑर्डर को समय पर प्रोसेस करना और स्टॉक की सटीक जानकारी बनाए रखना जरूरी होता है। इससे ओवरसेलिंग या स्टॉक आउट जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है।
- **कस्टमर एक्सपीरियंस-** ग्राहकों की संतुष्टि ई-कॉमर्स की सफलता का आधार है। उनके सवालों का त्वरित उत्तर देना, रिटर्न और रिफंड की सुविधा देना और भरोसेमंद सेवा प्रदान करना आवश्यक है।
- **डिजिटल मार्केटिंग और ब्रांडिंग-** सोशल मीडिया, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), ईमेल मार्केटिंग और पेड विज्ञापनों के माध्यम से ब्रांड की पहुंच बढ़ाई जाती है। आज डेटा आधारित मार्केटिंग (Data-driven Marketing) भी तेजी से लोकप्रिय हो रही है।





### लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन

सही समय पर उत्पाद की डिलीवरी सुनिश्चित करना और सप्लाई चेन को सुचारु रखना ग्राहक संतुष्टि के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### नई तकनीकों की भूमिका

आधुनिक ई-कॉमर्स में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। ये तकनीकें ग्राहकों की पसंद को समझने, पर्सनलाइज्ड सुझाव देने और बिजनेस ऑपरेशन को अधिक प्रभावी बनाने में मदद करती हैं। साथ ही, मोबाइल कॉमर्स (एम-कॉमर्स) का चलन भी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे स्मार्टफोन के जरिए खरीदारी और आसान हो गई है।

### जरूरी स्किल्स

- इस क्षेत्र में सफलता पाने के लिए कुछ प्रमुख कौशल आवश्यक हैं-
- डिजिटल मार्केटिंग की समझ
- डेटा विश्लेषण की क्षमता
- कस्टमर सर्विस स्किल
- टेक्नोलॉजी और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का ज्ञान।

### समस्या समाधान और निर्णय लेने की क्षमता

ई-कॉमर्स मैनेजमेंट आज के डिजिटल कारोबार की रीढ़ बन चुका है। सही रणनीति, तकनीकी ज्ञान और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाकर इस क्षेत्र में न केवल सफलता हासिल की जा सकती है, बल्कि एक मजबूत और भरोसेमंद ब्रांड भी स्थापित किया जा सकता है।

### करियर की संभावनाएं

ई-कॉमर्स सेक्टर में करियर के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। इस क्षेत्र में ई-कॉमर्स मैनेजर, डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ, प्रोडक्ट मैनेजर, सप्लाई चेन मैनेजर और कस्टमर एक्सपीरियंस मैनेजर जैसे कई पद उपलब्ध हैं। छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऑनलाइन व्यवसाय के बढ़ते प्रभाव से रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं।



## कॉलेज का पहला दिन

# नए माहौल में नई शुरुआत

मेरा नाम दिव्या सिंह है। मैंने विवेकानंद बालिका इंटर कॉलेज से 12 वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद बीसीए कोर्स में एडमिशन लिया। मेरे लिए सबसे खास बात यह रही कि मुझे सीधे कानपुर यूनिवर्सिटी में प्रवेश मिला। यह मेरे जीवन का एक नया और महत्वपूर्ण अनुभव था।

कॉलेज का पहला दिन मेरे लिए उत्साह और थोड़ी घबराहट दोनों लेकर आया। स्कूल का माहौल काफी अलग होता है, जहां सब कुछ जाना-पहचाना होता है, लेकिन यूनिवर्सिटी का माहौल बड़ा और नया था। मैं पहले केवल एडमिशन के समय ही वहां गई थी, इसलिए पहले दिन सब कुछ नए जैसा लग रहा था। यूनिवर्सिटी का कैंपस काफी बड़ा और सुंदर है। वहां अलग-अलग कोर्स पढ़ने वाले बहुत सारे छात्र-छात्राएं आते हैं। मुझे यह देखकर अच्छा लगा कि यहां पढ़ाई के साथ-साथ आगे बढ़ने के कई मौके भी मिलते हैं। मैंने बीसीए कोर्स चुना था, क्योंकि मुझे कंप्यूटर और टेक्नोलॉजी में रुचि है। पहले दिन हमारी क्लास में पढ़ाई शुरू नहीं हुई, बल्कि सबसे पहले हम सबका परिचय कराया गया। टीचर्स ने हमसे कहा कि यह हमारे जीवन की एक नई शुरुआत है और हमें इस मौके का पूरा फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी समझाया कि हमें एक-दूसरे को जानना चाहिए और साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहिए।



दिव्या सिंह

मेरे लिए यह दिन थोड़ा अलग इसलिए भी था, क्योंकि मेरे साथ स्कूल का कोई दोस्त नहीं था। मैं अकेली ही यूनिवर्सिटी गई थी। शुरुआत में थोड़ा डर और झिझक महसूस हुई, खासकर जब आसपास नए लोग थे, लेकिन धीरे-धीरे मुझे समझ आया कि हर किसी की शुरुआत ऐसे ही होती है। एक लड़की होने के नाते कई बार मन में संकोच भी आता है, लेकिन अगर हमें आगे बढ़ना है, तो इस डर को छोड़ना जरूरी है। मैंने सोचा कि मुझे नई चीजें सीखनी हैं और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना है।




पहले दिन मैंने नए लोगों से बात की, कैंपस को समझा और अपनी नई पढ़ाई की शुरुआत की। यह दिन मेरे लिए यादगार बन गया। इसने मुझे सिखाया कि हर नई शुरुआत थोड़ी मुश्किल होती है, लेकिन अगर हम हिम्मत रखें तो सब आसान हो जाता है।

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में भारत की वित्तीय प्रणाली को मज़बूत करने के लिए, लोकसभा ने 30 मार्च, 2026 को इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (संशोधन) विधेयक पारित किया है। इस सुधार का उद्देश्य इन्सॉल्वेंसी समाधानों में तेज़ी लाना, देरी को कम करना और लेनदारों का विश्वास बढ़ाना है।
- हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 मार्च, 2026 को गुजरात में 'सम्राट संप्रति संग्रहालय' का उद्घाटन किया। यह उद्घाटन भारत की समृद्ध जैन विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्घाटन महावीर जयंती के शुभ अवसर पर हुआ, जिससे इस कार्यक्रम को एक विशेष आध्यात्मिक महत्व प्राप्त हो गया। यह संग्रहालय गांधीनगर के कोबा गांव में स्थित 'श्री महावीर जैन आराधना केंद्र' में स्थित है।
- हाल ही में डॉ. थॉमस पुकाडिल को पुणे स्थित BRIC-NCCS का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। वे अपने साथ कोशिका जीव विज्ञान और अनुसंधान नवाचार के क्षेत्र में वर्षों का अनुभव लेकर आएंगे। उनकी यह नियुक्ति अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत इस समय उन्नत बायोमेडिकल अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवा समाधानों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कर रहा है।
- हाल ही में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड गुरजंत सिंह ने नई दिल्ली में आयोजित हॉकी इंडिया पुरस्कार समारोह के दौरान अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा कर दी। 31 वर्षीय इस खिलाड़ी ने लगभग एक दशक लंबे अपने शानदार करियर का अंत किया। अपने करियर में उन्होंने 130 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले और 33 गोल किए। गुरजंत अपनी तेज रफ्तार, सटीक फिनिशिंग और निरंतर प्रदर्शन के लिए जाने जाते रहे हैं।
- हाल ही में भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जून 15 से 17, 2026 तक फ्रांस में आयोजित होने वाले आगामी जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह शिखर सम्मेलन एवियन-लेस-बेंस में आयोजित होगा।

## जॉब अलर्ट

### जामनगर जिला सहकारी बैंक भर्ती

- पदों के नाम- सहायक अधिकारी (IT, अनुपालन, ट्रेजरी, सांख्यिकी), क्लर्क, चपरासी
- कुल रिक्तियां-104 पद
- वेतनमान-पदानुसार
- योग्यता-10वीं पास (चपरासी), संबंधित विषय में स्नातक (क्लर्क और सहायक अधिकारी)
- आयु सीमा-18—30 वर्ष (क्लर्क और चपरासी), 25-35 वर्ष (सहायक अधिकारी) - 31 मार्च 2026 तक
- प्रोबेशन अवधि- सभी पदों के लिए 6 महीने
- आवेदन ऑनलाइन -(jamnagardccb.bank.in/career/ के माध्यम से)
- आवेदन की अंतिम तिथि-11 अप्रैल 2026

### पंजाब एंड सिंध बैंक

- पद का नाम-लोकल बैंक अधिकारी (JMGS-I)
- कुल रिक्तियां-1000
- वेतनमान-48,480 - 85,920 (JMGS-I स्केल, 3 वेतन वृद्धि के साथ) + DA, HRA, CCA आदि।
- योग्यता-स्नातक + किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक /क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में अधिकारी के रूप में योग्यता प्राप्त करने के बाद कम से कम 18 महीने का शाखा अनुभव।
- आयु सीमा- 20 से 30 वर्ष (दिनांक 01.03.2026 के अनुसार)
- आवेदन का ऑनलाइन -punjabandsind.bank.in
- आवेदन शुल्क- SC/ST/PwBD: 100 + कर, सामान्य/EWS/OBC: 850 + कर
- आवेदन की अंतिम तिथि-20 अप्रैल 2026

### रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (RRB)

- पद का नाम-असिस्टेंट लोको पायलट (एएलपी)
- पदों की संख्या-11,127 (सभी रेलवे)
- विज्ञापन संख्या- CEN No. 01/2026
- वेतन-7 वें CPC के अनुसार पे लेवल-2, शुरुआती वेतन- 19,900/- प्रति माह
- योग्यता- विस्तृत CEN No. 01/2026 के अनुसार (पद-वार शैक्षिक योग्यता और मेडिकल स्टैंडर्ड)
- आयु सीमा-18 से 30 वर्ष
- वेबसाइट-rrbapply.gov.in
- आवेदन शुरू होने की तिथि-15-05-2026
- आवेदन की अंतिम तिथि 14-06-2026

# 12 वीं के बाद: कॉमर्स स्टूडेंट्स के लिए कौन-सा कोर्स बेहतर



कॉमर्स स्ट्रीम से 12 वीं पास करने के बाद छात्रों के सामने सबसे बड़ा सवाल होता है-सीए (चार्टर्ड) या सीएस (कंपनी सेक्रेटरी), आखिर कौन-सा कोर्स चुनें? दोनों ही प्रोफेशनल कोर्स हैं और देश में काफी प्रतिष्ठित माने जाते हैं। इनमें करियर की अच्छी संभावनाएं, आकर्षक वेतन और सम्मानजनक पहचान मिलती है। हालांकि दोनों की पढ़ाई, कार्यक्षेत्र और करियर की दिशा अलग-अलग होती है, इसलिए सही चुनाव आपकी रुचि और लक्ष्य पर निर्भर करता है।

### क्या है चार्टर्ड अकाउंटेंट

सीए कोर्स भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) द्वारा संचालित किया जाता है। यह कोर्स फाइनेंस और अकाउंटिंग क्षेत्र में विशेषज्ञता प्रदान करता है। इसमें अकाउंटिंग, टैक्सेशन, ऑडिटिंग, कॉस्टिंग और फाइनेंशियल मैनेजमेंट जैसे विषय शामिल होते हैं। सीएस बनने के बाद आप ऑडिट फर्म, बैंक, मल्टीनेशनल कंपनियों या खुद की प्रैक्टिस शुरू कर सकते हैं। भारत में सीए की काफी डिमांड रहती है, खासकर टैक्स प्लानिंग और ऑडिटिंग के क्षेत्र में।

### सैलरी और करियर ग्रोथ

शुरुआती वेतन आमतौर पर 6 से 8 लाख रुपये प्रति वर्ष होता है, जो अनुभव के साथ 15 से 25 लाख या उससे अधिक तक पहुंच सकता है। बड़े शहरों और कॉर्पोरेट सेक्टर में यह और भी ज्यादा हो सकता है।

### क्या है कंपनी सेक्रेटरी

सीएस कोर्स भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) द्वारा संचालित किया जाता है। यह कोर्स मुख्य रूप से कंपनी कानून, कॉर्पोरेट गवर्नेंस और लीगल कंप्लायंस पर आधारित होता है। सीएस प्रोफेशनल किसी कंपनी के कानूनी मामलों, नियमों के पालन और बोर्ड मीटिंग्स से जुड़े कामों को संभालता है। यह भूमिका किसी भी कंपनी में बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है।

### सैलरी और करियर ग्रोथ

सीएस के लिए शुरुआती वेतन लगभग 4 से 7 लाख रुपये प्रति वर्ष होता है। अनुभव बढ़ने पर यह 12 से 20 लाख रुपये या उससे अधिक तक पहुंच सकता है। बड़ी कंपनियों और लिस्टेड कंपनियों में इसकी डिमांड ज्यादा होती है।

### कौन-सा कोर्स चुनें

यदि आपकी रुचि गणित, अकाउंटिंग और फाइनेंस में है, तो सीए आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकता है। वहीं यदि आपको कानून, कंपनी के नियम और मैनेजमेंट से जुड़ी चीजें पसंद हैं, तो सीएस चुनना सही रहेगा। सीए और सीएस दोनों ही शानदार करियर विकल्प हैं। सही चुनाव वही है, जो आपकी रुचि, क्षमता और भविष्य के लक्ष्य के अनुरूप हो। किसी भी कोर्स को चुनने से पहले उसकी पढ़ाई, कठिनाई और करियर संभावनाओं को अच्छे से समझ लेना जरूरी है।



### सीए vs सीएस मुख्य अंतर

- **फोकस एरिया:** सीए में फाइनेंस, अकाउंट और टैक्सेशन पर ध्यान होता है, जबकि सीएस में कंपनी लॉ और कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर।
- **कार्यक्षेत्र:** सीए वित्तीय सलाह, ऑडिट और टैक्सेशन में काम करता है, जबकि सीएस कंपनी के लीगल और कंप्लायंस मामलों को संभालता है।
- **कठिनाई स्तर:** सीए कोर्स आमतौर पर अधिक कठिन और समय लेने वाला माना जाता है, जबकि सीएस अपेक्षाकृत कम समय में पूरा किया जा सकता है (हालांकि यह भी आसान नहीं है)।
- **वर्क प्रोफाइल:** सीए का काम अधिकतर नंबर और फाइनेंस से जुड़ा होता है, जबकि सीएस का काम मीटिंग्स, लीगल डॉक्यूमेंट और कॉर्पोरेट निर्णयों से संबंधित होता है।

## बिजनेस ब्रीफ

### मुंबई एयरपोर्ट पर देश की पहली 'इन-टर्मिनल' त्वरित वाणिज्य सेवा शुरू

**नयी दिल्ली।** अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स ने ब्लिंकिट के साथ साझेदारी में बुधवार को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारत की पहली 'इन-टर्मिनल' त्वरित वाणिज्य सेवा (फटाफट सामान पहुंचाने) शुरू करने की घोषणा की। यह सेवा वर्तमान में टर्मिनल-2 के घरेलू प्रस्थान क्षेत्र में शुरू हो गई है, जिसके माध्यम से ऐप आधारित वितरण सेवा को सीधे हवाई अड्डे के भीतर उपलब्ध कराया गया है। इसके तहत यात्री ब्लिंकिट ऐप के माध्यम से अपनी जरूरत का सामान मंगवा सकते हैं। यह सामान हवाई अड्डे के भीतर बोर्डिंग गेट, लाउंज, फूड कोर्ट और कुछ चुनिंदा केंद्रों पर सीधे यात्री के स्थान तक पहुंचाया जाएगा।

### पीजीसीआईएल के नए सीएमडी बने राम मोहन

**नयी दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (पीजीसीआईएल) ने बुधवार को बुर्रा वामसी राम मोहन को कंपनी का नया चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वामसी की नियुक्ति एक अप्रैल, 2026 से प्रभावी हो गई है। नियामकीय सूचना के मुताबिक, बिजली मंत्रालय के आदेश के तहत नए सीएमडी का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तारीख से 31 जुलाई, 2030 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, रहेगा।

### आईनॉक्स ने किया वाइब्रेंट एनर्जी का अधिग्रहण

**नयी दिल्ली।** आईनॉक्स क्लीन एनर्जी ने मैक्वेरी कॉरपोरेट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य शेयरधारकों से वाइब्रेंट एनर्जी का अधिग्रहण 5,000 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर पूरा कर लिया है। आईनॉक्स क्लीन एनर्जी ने बुधवार को बयान में कहा कि वैश्विक विलय एवं अधिग्रहण (एमएंडए) परिवेश में उतार-चढ़ाव के बावजूद यह अधिग्रहण रिकॉर्ड चार महीनों में पूरा किया गया। कंपनी ने कहा कि वाइब्रेंट एक विविधीकृत नवीकरणीय ऊर्जा स्वतंत्र बिजली उत्पादक है, जिसके पास कुल 1,337 मेगावाट की क्षमता का खंड है।

### दो फीसदी घटा कोल इंडिया का उत्पादन

**नयी दिल्ली।** कोल इंडिया लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि बीते वित्त वर्ष 2025-26 में उसका उत्पादन 1.7 प्रतिशत घटकर 76.81 करोड़ टन रहा है। घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रखने वाली इस कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 में 78.11 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया था। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, मार्च महीने में उत्पादन पिछले साल की समान अवधि के 8.58 करोड़ टन से घटकर 8.45 करोड़ टन रह गया।

# वित्त वर्ष के पहले दिन शेयर बाजार में तेजी सेंसेक्स 1,187 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

## वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 103.7 डॉलर प्रति बैरल पर, एशिया के अन्य बाजारों में भी रही तेजी

**मुंबई, एजेंसी**

चालू वित्त वर्ष के पहले दिन स्थानीय शेयर बाजार में तेजी रही और बीएसई सेंसक्स 1,187 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 348 अंक की बढ़त में रहा। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार में मजबूती आई।तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,186.77 अंक यानी 1.65 प्रतिशत बढ़कर 73,134.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय इसमें 2,017.03 अंक की तेजी दर्ज की गई और यह 73,964.58 अंक पर पहुंच गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 348 अंक यानी 1.56 प्रतिशत चढ़कर 22,679.40 अंक पर बंद हुआ।

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी बाजार की धारणा को मजबूती दी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट, इंटरग्लोब एविएशन, अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारतीय स्टेट बैंक और इटर्नल प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, सन फार्मा, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारती एयरटेल शामिल हैं। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में 3,828 शेयर लाभ में रहे, जबकि 508 में गिरावट आई। वहीं 101 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



- **लाभ में रहे**-अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एसबीआई, ट्रेंट, इंटरग्लोब एविएशन और इटर्नल
- **नुकसान में रहे**-एनटीपीसी, सन फार्मा, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारती एयरटेल

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पश्चिम एशिया संघर्ष के संभावित समाधान के संकेत वाले बयान के बाद जोखिम लेने की प्रवृत्ति में सुधार हुआ है।

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में सकारात्मक रुख था। अमेरिकी बाजारों में मंगलवार को तेजी थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत टूटकर 103.7 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। महावीर जयंती पर मंगलवार को शेयर बाजार बंद रहे थे। शेयर बाजार आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 11,163.06 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 14,894.72 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

### चांदी 9,000 रुपये मजबूत, सोना 3,500 चढ़ा




**नयी दिल्ली, एजेंसी।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 9,000 रुपये बढ़कर 2.46 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि सोना 3,500 रुपये उछलकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 9,000 रुपये यानी 3.8 प्रतिशत बढ़कर 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सोमवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 3,500 रुपये यानी 2.3 प्रतिशत बढ़कर 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।

### निवेशकों की संपत्ति 9.60 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में बुधवार को आई तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.60 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त होने के संकेतों के बीच बाजार में तेजी आई। वैश्विक बाजारों में तेजी और कच्चे तेल के दाम में नरमी से भी कारोबारी धारणा मजबूत हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,186.77 अंक यानी 1.65 प्रतिशत बढ़कर 73,134.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 2,017.03 अंक चढ़कर 73,964.58 अंक पर पहुंच गया था। शेयर बाजार में आई इस तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार 9,60,261 करोड़ रुपये बढ़कर 4,22,01,433.48 करोड़ रुपये (4,460 अरब डॉलर) हो गया।

# मार्च में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ जीएसटी संग्रह

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

आयात के साथ-साथ घरेलू बिक्री एवं खरीद से प्राप्त राजस्व में वृद्धि के दम पर मार्च में जीएसटी कलेक्शन करीब नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे यह कर कटौती से पहले के स्तर दो लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। यह वित्त वर्ष 2025-26 में तीसरा सबसे अधिक मासिक संग्रह है।

सरकार द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, घरेलू सकल राजस्व में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। वहीं आयात से प्राप्त राजस्व में 17.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 53,861 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

मार्च, 2025 में सकल जीएसटी संग्रह 1.83 लाख करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल-मार्च) में मार्च, 2026 में तीसरा सबसे अधिक संग्रह दर्ज किया गया। इससे पहले अप्रैल, 2025 में 2.36 लाख करोड़ रुपये से अधिक का अब तक का सबसे अधिक जीएसटी राजस्व दर्ज किया गया। वहीं मई में 2.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक का संग्रह हुआ था। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में सकल जीएसटी राजस्व 8.3 प्रतिशत बढ़कर 22.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

बता दें कि जीएसटी की दरें करीब 375 वस्तुओं पर कम कर दी गई हैं जिससे सितंबर, 2025 से सामान सस्ता हुआ है। साथ ही, पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार कर स्लैब को पांच और 18 प्रतिशत की दो कर श्रेणी में तब्दील किया गया है। इसमें चुनिंदा अति विलासिता की वस्तुओं और तंबाकू उत्पादों के लिए सर्वाधिक 40 प्रतिशत का कर निर्धारित किया गया है।




- वित्त वर्ष 2025-26 में सकल जीएसटी राजस्व 22.27 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया
- पिछले साल करीब 375 वस्तुओं पर घटी थीं जीएसटी की दरें, किए थे 5 और 18% के दो स्लैब

परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया के साझेदार एम. एस. मणि ने कहा कि हालांकि ये संग्रह दर्शाते हैं कि उपभोग की भावना मजबूत बनी हुई है। महाराष्ट्र, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों में जहां संग्रह में मजबूत वृद्धि जारी है। वहीं हरियाणा, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में धीमी वृद्धि देखी जा रही है।

पेशेवर सेवा कंपनी ईवाई इंडिया के कर साझेदार सौरभ अग्रवाल ने कहा कि अप्रैल में हम सतर्कतापूर्ण रुख की उम्मीद करते हैं। भू-राजनीतिक चुनौतियों और वैश्विक मुद्रास्फीति के दबाव से उपभोग मांग में कमी आने के आसार हैं।

टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज के साझेदार विवेक जालान ने कहा कि जीएसटी संग्रह राजकोषीय स्थिरता को मजबूत करता है...भारत की कर प्रणाली सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विस्तार के साथ तालमेल बैठा रही है जिससे सरकारों एवं व्यवसायों दोनों को वृद्धि की स्थिरता पर भरोसा हो पाता है।

# कर्ज वृद्धि में कमी, एनपीए बढ़ने की आशंका

## सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों को दिए ऋण पर नजर रखने की जरूरत : क्रिसिल रेटिंग्स

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने वित्त वर्ष 2026-27 में बैंकों की ऋण वृद्धि में मामूली गिरावट और कर्ज लौटाने में चूक बढ़ने का अनुमान जताया है। क्रिसिल ने बुधवार को कहा कि बैंक 2026-27 में कर्ज में 13% की वृद्धि दर्ज करेंगे। यह वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित 14 प्रतिशत की तुलना में मामूली गिरावट है।

रेटिंग एजेंसी ने यह भी कहा कि बैंकों की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (निष्पादित परिसंपत्तियां) अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई हैं और मार्च, 2027 तक 0.20 प्रतिशत बढ़कर 2.5 प्रतिशत तक हो सकती हैं।

मुख्य रेटिंग अधिकारी कृष्णन सीतारमण ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों को दिए गए ऋण पर नजर रखने की जरूरत है।




खासकर उन छोटे उद्योगों के मामले में जिनका पश्चिम एशिया में बाजार है या फिर वे वहां से कच्चे माल लेते हैं। इसके साथ संपत्ति के बदले दिए गए छोटी राशि के कर्ज और कुछ बिना गारंटी वाले ऋण पर भी नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने स्वीकार किया कि सेरेमिक और हीरा पॉलिश जैसे क्षेत्रों में इकाइयों को पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण पहले ही प्रतिकूल स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

यह पूछे जाने पर कि क्या पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर राहत पैकेज दिया जा सकता है, क्रिसिल के अधिकारियों ने केवल इतना कहा कि राजकोषीय और मौद्रिक प्राधिकरण प्रतिकूल घटनाओं के बाद उद्योग के लिए उपयुक्त कदम उठा सकते हैं। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि युद्ध लंबा चलने पर ये उपाय लागू किए जा सकते हैं।

हालांकि, राहत उपायों के सटीक प्रभाव का अनुमान लगाना फिलहाल कठिन है।

परिसंपत्ति की गुणवत्ता के अलावा, बैंकों द्वारा जमा जुटाने पर भी नजर रखने की जरूरत है क्योंकि यह ऋण वृद्धि को भी प्रभावित करेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अंतिम ऋण वृद्धि बैंकों द्वारा जमा जुटाने के प्रदर्शन पर निर्भर करेगी।

### इरेडा का वित्त वर्ष 2025-26 में कर्ज वितरण मंजूरी अबतक के उच्चतम स्तर पर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 51,883 करोड़ रुपये का अब तक का सर्वाधिक सालाना कर्ज मंजूर किया है। कंपनी ने बताया कि बीते वित्त वर्ष में उसका ऋण वितरण भी 16 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 34,946 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। कंपनी के मंगलवार देर शाम जारी बयान के अनुसार, 31 मार्च 2026 तक कंपनी का कुल ऋण खाता 22 प्रतिशत बढ़कर 93,075 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष 76,282 करोड़ रुपये था। बयान के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान स्वीकृत ऋण की राशि पिछले वित्त वर्ष के 47,453 करोड़ रुपये के मुकाबले नौ प्रतिशत बढ़कर 51,883 करोड़ रुपये हो गई।

### 2025-26 में रेलवे ने रिकॉर्ड 167 करोड़ टन माल की ढुलाई की

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** रेल मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारतीय रेल ने वित्त वर्ष 2025-26 में 167 करोड़ टन माल की ढुलाई कर नया रिकॉर्ड बनाया है, जो एक साल पहले के मुकाबले 3.25 प्रतिशत अधिक है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह उपलब्धि परिचालन दक्षता में सुधार, क्षमता विस्तार और अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों द्वारा रेल परिवहन पर बढ़ती निर्भरता को दर्शाती है।

# बिजली खपत मार्च में 1.8 % बढ़कर 150 अरब यूनिट पर

**नयी दिल्ली,एजेंसी।**

देश में बिजली की खपत मार्च में 1.8 फीसदी बढ़कर 149.56 अरब यूनिट रही। बेमौसम बारिश के कारण एयर कंडीशनर और कूलर के कम उपयोग से बिजली की खपत में वृद्धि कम हुई है। एक साल पहल इसी महीने में बिजली की खपत 146.92 अरब यूनिट थी। देश भर में रुक-रुक कर हो रही बारिश से तापमान कम बना हुआ है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष मार्च में बिजली की अधिकतम मांग या आपूर्ति बढ़कर 238.37 गीगावाट हो गई। एक साल पहले फरवरी, 2025 में यह 235.22 गीगावाट थी। मई, 2024 में अधिकतम बिजली मांग लगभग 250 गीगावाट के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इससे पहले, बिजली की अधिकतम मांग 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में रही थी।पिछले साल गर्मी (अप्रैल 2025 से) के दौरान, जून में अधिकतम बिजली मांग 242.77 गीगावाट तक पहुंची थी, लेकिन यह सरकार के 277 गीगावाट के अनुमान से कम रही। विद्युत मंत्रालय ने इस वर्ष गर्मी के दौरान अधिकतम बिजली की मांग लगभग 270 गीगावाट रहने का अनुमान लगाया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, इस वर्ष मार्च में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। बारिश से देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान में कमी आई है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# कांग्रेस जीती तो असम में घुसपैठियों की रक्षा को लाएगी कानून : मोदी

## कहा-उसका लक्ष्य बहुसंख्यक समुदाय को अल्पसंख्यक में बदलना

**गोगामुख/बेहाली (असम), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि अगर कांग्रेस असम में सत्ता में आई तो वह घुसपैठियों की रक्षा के लिए कानून लाएगी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगी ऐसा होने नहीं देंगे। मोदी ने धेमाजी जिले के गोगामुख में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य बहुसंख्यक समुदाय को अल्पसंख्यक में बदलना और घुसपैठियों का एक स्थायी वोट बैंक बनाना है। उन्होंने कहा कि 2014 में भाजपा के सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने केंद्र में नया कानून लाने की कोशिश की थी, लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने उसका विरोध किया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता खुलकर घुसपैठियों का समर्थन कर रहे हैं। वे खुलेआम कह रहे हैं कि वे घुसपैठियों की रक्षा के लिए असम में नया कानून ले आएंगे। उन्होंने कांग्रेस पर देश को उसी तरह बांटने का आरोप लगाया, जैसा विभाजन के दौरान मुस्लिम लीग ने किया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान को भी आघात पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए दो परिवार हैं-एक दिल्ली में और दूसरा असम में तथा उनकी प्राथमिकता लोगों का हित नहीं, बल्कि अपने परिवारों का हित है। मोदी का इशारा गांधी परिवार और कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई के परिवार की ओर था।

बिस्वनाथ जिले के बेहाली में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम के संसाधनों के साथ न्याय नहीं किया। जबकि भाजपा राज्य की विविध संपदा का इस्तेमाल उसके विकास के लिए कर रही है।



असम के गोगामुख में एक जनसभा के दौरान स्थानीय प्रत्याशियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

### प्रियंका गांधी का मुख्यमंत्री हिमंत पर निशाना कहा- असम को लूट रहा एक परिवार

**नाजिरा/तिंगखोंग (असम), एजेंसी।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा पर बुधवार को निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि इस संसाधन संपन्न राज्य में केवल एक परिवार सब कुछ लूट रहा है जबकि आम लोगों के पास कुछ भी नहीं है। वाड्रा ने यह भी आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार लोगों को डरा-धमकाकर काम कर रही है। विपक्ष के नेता और पार्टी के उम्मीदवार देबब्रत सैकिया के समर्थन में नाजिरा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला किया और उन पर अमेरिका का गुलाम होने का आरोप लगाया। उन्होंने असम में भाजपा नीत सरकार के दौरान हर मोर्चे में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए शारदा, स्मार्ट सिटी और एनसी हिल्स जैसे कई पुराने घोटालों का मुद्दा उठाया। प्रियंका ने दावा किया कि भाजपा ने कहा था कि उसने डबल इंजन वाली सरकार दी है। असल में यह दोहरी गुलामी वाली सरकार है। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की गुलामी में लगे हैं और हिमंत विश्व शर्मा मोदी की गुलामी कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर चाय बागान श्रमिकों की दैनिक मजदूरी बढ़ाने के वादे को पूरा करने में नाकाम का आरोप लगाया।



प.बंगाल के बीरभूम में एक जनसभा के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करतीं सीएम ममता बनर्जी।

# नामांकन दाखिल करते समय सतर्क रहें तृणमूल प्रत्याशी, नए अफसर खारिज कर सकते हैं : ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा नवनियुक्त अधिकारियों को उनकी पार्टी के उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने पार्टी उम्मीदवारों से नामांकन दाखिल करते समय सावधानी बरतने को कहा है। बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में बीरभूम जिले के नानूर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राजनीतिक लाभ के लिए केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। बनर्जी ने कहा कि सब कुछ बदल दिया गया है, यहां नयी व्यवस्था है। निर्वाचन आयोग द्वारा नवनियुक्त अधिकारियों को आपका नामांकन खारिज करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है इसलिए नामांकन दाखिल करते समय सावधानी बरतें। ममता ने महिलाओं से भाजपा को वोट नहीं देने की अपील की। कहा कि भाजपा महिला विरोधी हैं इसलिए एसआईआर में तार्किक विसंगति का हवाला देकर उनके नाम हटाए जा रहे हैं। बनर्जी ने एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का भी स्वागत किया और कहा कि वह इससे खुश हैं।बाद में, बर्धान में एक अन्य रैली में मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा लोगों से उनके बैंक खाता नंबर मांग रही है और उन्हें चेतावनी दी कि वे उन्हें साझा न करें।

### प्रत्याशी चयन को लेकर प. बंगाल में कांग्रेस मुख्यालय में हिंसा

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर बुधवार को यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई, जिसमें पार्टी कार्यकर्ता घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। नाराज पार्टी कार्यकर्ता बाहरी प्रत्याशियों की उम्मीदवारी रद्द करने की मांग करते हुए प्रदर्शन कर रहे थे, जो प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच झड़प में बदल गया। उनकी मुख्य शिकायत पूर्व प्रदेश पार्टी अध्यक्ष सोमेन मित्रा के बेटे रोहन मित्रा को बल्लीगंज विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाये जाने को लेकर थी। प्रदर्शनकारियों का दावा था कि जायद हुसैन को पहले इस सीट से टिकट का आश्वासन दिया गया था, लेकिन बाद में उन्हें टिकट नहीं दिया गया। उत्तेजित कार्यकर्ताओं ने आरोप था कि प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व ने चुनाव के लिए टिकट बेचे हैं।

### तमिलनाडु: स्टालिन ने भाजपा पर लगाया राज्य में हिंसा की 'साजिश' रचने का आरोप

**तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु),एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उत्तर प्रदेश और मणिपुर की तरह तमिलनाडु में हिंसा भड़काने की साजिश रचने का आरोप लगाया और दावा किया कि इस साजिश को नाकाम कर दिया गया है। आगामी विधानसभा चुनावों के लिए यहां सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की एक रैली को संबोधित करते हुए पार्टी अध्यक्ष स्टालिन ने तिरुचिरापल्ली क्षेत्र में अपनी सरकार द्वारा लागू योजनाओं का विवरण दिया। उन्होंने पंचपुर बस टर्मिनल, मिनी स्टेडियम, जल्लीकट्टू मैदान, मॉडल स्कूल और संयुक्त पेयजल योजनाओं जैसी पहलों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के दोबारा सरकार बनाने के बाद, कामराज के नाम पर एक विशाल पुस्तकालय, एक टाइडल पार्क और एक ओलंपिक अकादमी का इस क्षेत्र में उद्घाटन किया जाएगा। स्टालिन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में तिरुचिरापल्ली के लिए 26,066 करोड़ रुपये की परियोजनाएं पूरी की गई हैं और इसीलिए मैं आपसे वोट मांगने आया हूं।

### भाजपा ने द्रमुक के खिलाफ जारी किया आरोपपत्र

**चेन्नई, एजेंसी।** भाजपा के तमिलनाडु चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल ने एक 'आरोपपत्र' जारी किया है जिसमें द्रमुक सरकार पर व्यवस्थित भ्रष्टाचार, वित्तीय कुप्रबंधन और स्पष्ट हिंदू विरोधी पूर्वाग्रह रखने का आरोप लगाया गया है। भाजपा ने राज्य सरकार पर अवैध रेत खनन और विभिन्न विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया।

चेन्नई स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय में जारी आरोपपत्र में द्रमुक शासन के दौरान बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है, जिनमें राज्य में शराब विपणन कार्यों में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की गड़बड़ी, राजमार्ग निविदाओं में हजारों करोड़ रुपये की गड़बड़ी और व्यापक नगरपालिका घोटाले शामिल हैं। आरोपपत्र में मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के प्रशासन पर व्यवस्थागत भ्रष्टाचार और वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया गया है। साथ ही सनातन धर्म और हिंदू देवी-देवताओं के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणियों का भी उल्लेख किया गया है।

### केरल : एलडीएफ ने सोने के टुकड़ों के लिए भगवान अयप्पा से किया विश्वासघात : राजनाथ

**कोच्चि, एजेंसी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया कि भगवान का अपना घर कहे जाने वाले केरल में भगवान सुरक्षित नहीं हैं क्योंकि सत्तारूढ़ एलडीएफ ने सोने के कुछ टुकड़ों के लिए भगवान अय्यप्पा के साथ विश्वासघात किया। वह स्पष्ट रूप से सबरीमाला सोने की चोरी के मामलों का संदर्भ दे रहे थे। परवूर विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि जिस तरह जूडस ने यीशु मसीह को धोखा दिया, उसी तरह एलडीएफ ने भगवान अय्यप्पा को धोखा दिया। उन्होंने एलडीएफ औरयूडीएफ पर केरल की जनता के साथ विश्वासघात, समाज को विभाजित करने, अर्थव्यवस्था को नष्ट करने का भी आरोप लगाया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### यूएई में ड्रोन हमले में एक भारतीय घायल

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में वायु रक्षा प्रणाली द्वारा बुधवार को मार गिराये गये एक ड्रोन के छर्रों से एक भारतीय नागरिक घायल हो गया। सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम के अनुसार, यह घटना उम अल कैवेन के उम अल थुओब औद्योगिक क्षेत्र के पास हुई। उम अल कैवेन सरकारी मीडिया कार्यालय ने अमीरात के संबंधित अधिकारियों द्वारा उम अल थुओब औद्योगिक क्षेत्र में एक सुविधा के पास हुई घटना पर कार्रवाई किये जाने की पुष्टि की। यह घटना वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराए जाने के बाद गिरे छर्रों के कारण हुई थी। एजेंसी ने कार्यालय ने बताया कि इस घटना में एक भारतीय नागरिक घायल हो गया।

### पाकिस्तान में गोलीबारी से 6 की मौत, दो जख्मी

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में कबीले के बुजुर्गों की एक बैठक के दौरान एक बंदूकधारी द्वारा गोलीबारी किए जाने से छह लोग मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि एक लूटी गई मोटरसाइकिल को लेकर हुए विवाद को सुलझाने के लिए इस्तराना कबीले के बुजुर्ग एक वांछित संदिग्ध जुल्फिकार मरवत से मिलने के लिए खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले में गए थे। पुलिस ने बताया कि बैठक के दौरान संदिग्ध ने जिरगा (बैठक) सदस्यों पर गोलीबारी कर दी जिससे छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

### बगदाद में अमेरिकी पत्रकार अपहृत

**बगदाद।** इराकी सुरक्षाकर्मी उस अमेरिकी पत्रकार का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं जिसका मंगलवार को बगदाद में अपहरण कर लिया गया था। इराक की क्षेत्रीय समाचार वेबसाइट ने पत्रकार की पहचान शेली किटलसन के रूप में की है। इराक के गृह मंत्रालय ने कहा कि एक विदेशी पत्रकार का अपहरण किया गया है लेकिन अधिक जानकारी नहीं दी।

### पाकिस्तान-अफगान तालिबान में फिर वार्ता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने चीन में बातचीत फिर से शुरू कर दी है। चीन एक महीने से अधिक समय से जारी लड़ाई के बाद दोनों पक्षों के बीच स्थायी युद्धविराम कराने के लिए मध्यस्थता कर रहा है। चीन के मध्यस्थता प्रयासों के बारे में जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने कहा कि वार्ता का उद्देश्य मौजूदा लड़ाई को समाप्त करना है।

# गोवा क्लब आग मामले में लूथरा बंधुओं को जमानत

**पणजी, एजेंसी**

- एक अन्य मामले में आरोपी होने के कारण अभी जेल में ही रहना होगा

गोवा के मापुसा की एक सत्र अदालत ने बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में भीषण आग से संबंधित मामले में उसके मालिकों सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को बुधवार को जमानत दे दी। पिछले साल इस क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी।

हालांकि दोनों भाई जेल में ही रहेंगे क्योंकि उन्हें एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया गया है। अरपोरा विलेज में स्थित इस क्लब में छह दिसंबर 2025 को आग लगने के कुछ ही घंटे बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे। उन्हें 17 दिसंबर को थाईलैंड से प्रत्यर्पित किया गया और फिर अंजुना पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि नाइटक्लब के लिए आवश्यक अनुमतियां नहीं ली गई थीं और सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किया गया था। लूथरा बंधुओं के अधिवक्ता पराग राव ने बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्विजप्ले पाटकर ने दोनों को आग लगने से संबंधित मामले में जमानत दे दी। मापुसा पुलिस ने सोमवार को जालसाजी के मामले में दोनों को हिरासत में लिया था। आग लगने के मामले में जमानत मिलने के बावजूद दोनों जालसाजी के दूसरे मामले में जेल में रहेंगे।

## कागजों पर नियम जमीन पर बदहाली

भारत में धार्मिक उत्सव और मेलों का आयोजन केवल श्रद्धा का विषय नहीं है, बल्कि यह एक विशाल जनसमूह के प्रबंधन की कठिन चुनौती भी है। हाल ही में बिहार के नालंदा जिले में शीतला माता मंदिर में हुई भगदड़ ने एक बार फिर देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हृदयविदारक घटना में 8 महिलाओं की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंदिर में क्षमता से कहीं अधिक भीड़ और सुरक्षा प्रबंधों की कमी ने धार्मिक आस्था के अवसर को मातम में बदल दिया। भगदड़ की ऐसी घटनाएं भारत के लिए नई नहीं हैं। पिछले वर्षों में जाएं तो कई राज्यों में ऐसी त्रासदियां देखने को मिली हैं जो प्रशासन की तैयारी और भीड़ प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़ी करती हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने इस संबंध में व्यापक दिशा निर्देश जारी किए हैं लेकिन वे कागजी ही बनकर रह गए हैं।

## क्राउड मैनेजमेंट



### भीड़ में फंसने पर क्या करें

- फाइटर पोज़ : अपने हाथों को छाती के सामने रखें ताकि फेफड़ों पर दबाव न पड़े और सांस लेते रहें।
- भीड़ के साथ चलें : भीड़ के विपरीत चलने की कोशिश न करें, लहर के साथ धीरे-धीरे किनारे की ओर बढ़ने का प्रयास करें।
- दीवारों से दूर रहें : कोनों, दीवारों या खंभों के पास न चिपकें, वहां कुचले जाने का डर अधिक होता है।
- गिरने से बचें : अपने पैरों पर खड़े रहने की पूरी कोशिश करें। यदि गिर जाएं, तो सिर ढककर 'भ्रूण मुद्रा' में लेट जाएं।

### भगदड़ की हालिया प्रमुख घटनाएं

- करूर राजनीतिक रैली, तमिलनाडु (27 सितंबर 2025) : अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी (टीवीके) की रैली में भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 41 लोगों की जान चली गई।
- चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु (4 जून 2025) : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल खिताबी जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 प्रशंसकों की मौत हो गई।
- श्री लैराई देवी मंदिर, गोवा (3 मई 2025) : वार्षिक उत्सव के दौरान तड़के मची भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मौत हुई और करीब 100 लोग घायल हुए।
- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (15 फरवरी 2025) : महाकुंभ जाने के लिए प्लेटफार्म पर उमड़ी भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 18 यात्रियों की जान चली गई।
- महाकुंभ, प्रयागराज (29 जनवरी 2025) : मौनी अमावस्या के अवसर पर अमृत स्नान के लिए उमड़ी भीड़ के दौरान संगम क्षेत्र में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई।
- तिरुमाला हिल्स, आंध्र प्रदेश (8 जनवरी 2025) : वैकुंठ द्वार दर्शन के टिकटों के लिए हुई धक्का-मुक्की में 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई।

### दिशा निर्देश तो हैं लेकिन पालन...

- क्षमता मानचित्रण और नियंत्रण : स्थल की क्षमता के अनुसार ही लोगों को प्रवेश दें, पीक ऑवर्स में कतारों का प्रबंधन करें।
- अवसंरचनात्मक मजबूती : प्रवेश और निकास द्वार चौड़े और अलग-अलग होने चाहिए। बैरिकेडिंग मजबूत हो, और जिगजैग (साँप की कतार) का उपयोग करें।
- वास्तविक समय निगरानी : सीसीटीवी, ड्रोन और सोशल मीडिया के माध्यम से भीड़ के घनत्व पर नजर रखें।
- संचार प्रणाली : अफवाहों को रोकने के लिए लाउडस्पीकर और बहुभाषी साइनेज (दिशा-निर्देश बोर्ड) का प्रयोग करें।
- आपातकालीन योजना : एम्बुलेंस, दमकल और मेडिकल टीम की पूर्व तैनाती सुनिश्चित करें।
- प्रशिक्षित कर्मी : भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और वालंटियर्स को विशेष प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।
- धार्मिक/बड़े आयोजनों में : आयोजकों को आयोजन से पहले जोखिम मूल्यांकन करना और जिला प्रशासन के साथ मिलकर एक विस्तृत भीड़ प्रबंधन योजना तैयार करनी अनिवार्य है।

# पश्चिम बंगाल में एसआईआर से जुड़ी 47 लाख आपत्तियों का कर दिया गया निपटारा

## कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय को कराया अवगत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 31 मार्च यानी मंगलवार तक कुल 60 लाख आपत्तियों में से लगभग 47.4 लाख का निपटारा किए जाने पर बुधवार को गौर किया और इस प्रक्रिया में हुई प्रगति पर संतोष जताया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने इस प्रक्रिया की प्रगति के बारे में कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मिले दो पत्रों का संज्ञान लिया।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम इन तथ्यों एवं आंकड़ों से काफी खुश हैं और बहुत आशावादी हैं। उन्होंने इस बात पर गौर किया कि रोजाना करीब 1.75 लाख से दो लाख आपत्तियों का निपटारा किया जा रहा है। न्यायालय को बताया गया कि निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने या हटाए जाने के खिलाफ अपीलों की सुनवाई के लिए 19 अपीलीय न्यायाधिकरणों के गठन की अधिसूचना जारी की है। इनकी अध्यक्षता उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीश करेंगे। प्रधान न्यायाधीश ने निर्देश दिया कि न्यायाधिकरणों को निर्वाचन आयोग के रिकॉर्ड तक पूरी पहुंच दी जाए जिसमें पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के 700 न्यायिक अधिकारियों की ओर से दर्ज किए गए कारण भी शामिल होंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पक्षकारों को भी ये कारण उपलब्ध कराए जाएं। न्यायालय ने यह भी कहा कि न्यायाधिकरण प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप अपनी प्रक्रिया तय कर सकते हैं, लेकिन उन्हें दस्तावेजों की सत्यता की जांच किए बिना नए दस्तावेज स्वीकार करने से बचना चाहिए। न्यायालय ने निर्वाचन आयोग और पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि न्यायिक अधिकारियों, न्यायाधिकरणों के सदस्यों और कर्मचारियों को मानदेय एवं अन्य खर्चों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उसने निर्वाचन आयोग से कहा कि न्यायाधिकरणों के परिसर की अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया जाए।



### एसआईआर से जुड़ी सभी लंबित आपत्तियों पर सात अप्रैल तक फैसला

पीठ ने उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की इस सूचना का भी संज्ञान लिया कि सभी लंबित आपत्तियों पर संभवत: सात अप्रैल तक फैसला कर दिया जाएगा। प्रधान न्यायाधीश ने इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की याचिका सहित संबंधित याचिकाओं पर आगे की सुनवाई के लिए छह अप्रैल की तारीख तय की। मुख्यमंत्री की ओर से पेश वकीलों समेत याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने नाम हटाए जाने की दर बहुत अधिक करीब 45 प्रतिशत होने पर चिंता जताई। उन्होंने नए आवेदन दाखिल किए जाने और कथित प्रक्रियागत अनियमितताओं के मुद्दे भी उठाए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि न्यायाधिकरणों को काम करने दें और मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने या हटाए जाने के मामलों का निपटारा करने दें। हालांकि, पीठ ने कुछ आशंकाओं को अत्यधिक तकनीकी करार दिया और पक्षकारों को सलाह दी कि वे अपनी विशिष्ट शिकायतें अपीलीय न्यायाधिकरणों के समक्ष रखें। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि आखिरकार ऐसा नहीं है कि आपके पास कोई उपाय ही नहीं है। शीर्ष न्यायालय पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई कर रहा है।

### राज्य में 19 अपीलीय न्यायाधिकरण गठित

पीठ ने आदेश में कहा कि अब तक कुल 47 लाख से अधिक (दावों एवं आपत्तियों का) निस्तारण हो चुका है और निर्वाचन आयोग ने राज्य में 19 अपीलीय न्यायाधिकरणों के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। इनकी अध्यक्षता उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश/न्यायाधीश कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि अपीलीय न्यायाधिकरण उन लोगों की अपीलों पर फैसला करेंगे, जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। साथ ही निर्वाचन आयोग के अधिकारी भी कथित रूप से गलत तरीके से नाम शामिल किए जाने के खिलाफ अपील कर सकेंगे। पीठ ने कहा कि अपीलीय न्यायाधिकरण प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप अपनी प्रक्रिया विकसित कर सकते हैं।

### भोजशाला : मुस्लिमों की आपत्ति पर करें विचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय राज्य में विवादित भोजशाला मंदिर-कमल मौला मस्जिद परिसर की वीडियोग्राफी और रंगीन तस्वीरों सहित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किए जा रहे सर्वे से संबंधित मुस्लिम पक्ष द्वारा उठाई गई आपत्तियों पर विचार करेगा। उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय की कार्यवाही में हस्तक्षेप नहीं किया, हालांकि इस बात पर जोर दिया कि वैज्ञानिक सर्वेक्षण से संबंधित सभी आपत्तियों पर प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुसार सुनवाई होनी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने मुस्लिम और हिंदू पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनीं।

# क्रीमिया में रूसी सेना का विमान क्रैश, 29 की मौत



क्रिमिया में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद दो टुकड़ों में बंटा रूसी सेना का विमान, बुधवार तड़के हुए इस हादसे के बाद मौके पर बचाव और राहत कार्य में जुटीं टीमें।

**मॉस्को, एजेंसी**

- विमान में सवार थे चालक दल के छह सदस्य और 23 यात्री

रूस का एक सैन्य विमान उसके कब्जे वाले क्रीमिया में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार चालक दल के छह सदस्य और 23 यात्री मारे गए। रूसी समाचार एजेंसियों ने देश के रक्षा मंत्रालय के हवाले से बुधवार तड़के यह जानकारी दी।

खबरों के अनुसार, एएन-26 सैन्य परिवहन विमान क्रीमिया प्रायद्वीप के ऊपर एक निर्धारित उड़ान पर था और मंगलवार शाम लगभग छह बजे सेना का विमान से संपर्क टूट गया। क्रीमिया को रूस ने 2014 में यूक्रेन से अपने कब्जे में ले लिया था। रूस की शीर्ष जांच एजेंसी इन्वेस्टिगेटिव कमेटी ने बताया कि विमान में चालक दल के कुल सात सदस्य और 23 यात्री सवार थे। आधिकारिक बयानों से यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि दुर्घटना में चालक दल का कोई सदस्य जीवित बचा या नहीं।

रूसी समाचार एजेंसी इंटरफैक्स ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना का कारण तकनीकी खराबी माना जा रहा है। सरकारी समाचार एजेंसियों तास और आरआईए नोवोस्ती के अनुसार, घटनास्थल पर मौजूद सूत्रों ने बताया कि विमान एक चट्टान से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ। इन्वेस्टिगेटिव कमेटी ने बताया कि उसने उड़ान नियमों के उल्लंघन के आरोपों पर आपराधिक जांच शुरू कर दी है और क्रीमिया के एक पहाड़ी वन क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। एएन-26 सोवियत काल में डिजाइन किया गया एक सैन्य परिवहन 'टर्बोप्रॉप' विमान है।

## मलयालम फिल्म निर्देशक रंजीत को यौन उत्पीड़न केस में न्यायिक हिरासत में भेजा

**कोच्चि (केरल)।** कोच्चि की एक अदालत ने मलयालम फिल्मों के जाने-माने निर्देशक रंजीत को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रंजीत को मंगलवार रात यौन उत्पीड़न के कथित प्रयास के एक मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। न्यायिक हिरासत पर भेजे जाने के बाद निर्देशक ने दावा किया कि उन पर लगाए गए आरोप झूठे हैं और वह इसे साबित कर देंगे। उन्होंने यह दावा उस समय किया जब उन्हें यहां उप कारागार के अंदर ले जाया जा रहा था। भले ही निर्देशक ने खुद को बेकसूर बताया हो, लेकिन राज्य के संस्कृति मंत्री साजी चेरियन ने संकेत दिया कि सरकार और पुलिस पीड़िता के साथ हैं तथा केरल फिल्म कर्मचारी संघ (एफईएफकेए) ने निर्देशकों और लेखकों के संघों से रंजीत की सदस्यता रद्द करने की सिफ़ारिश की। पुलिस ने बताया कि इस घटना से पीड़ित महिला गहरे सदमे में थी तथा शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे आने से पहले उसकी काउंसलिंग करवाई गई और मनोरोग संबंधी इलाज भी करवाया गया।

- निर्देशक ने दावा किया कि उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप झूठे

## सीतारमण के खिलाफ कोर्ट ने आपराधिक मानहानि की शिकायत को खारिज किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा द्वारा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत को खारिज कर दिया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने एक आदेश में कहा कि मुझे आगे सुनवाई करने का कोई कारण नहीं दिखता और मैं इस मामले में संज्ञान लेने से इनकार करता हूं। शिकायत खारिज की जाती है। अदालत के विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है।

अदालत सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा द्वारा सीतारमण के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत पर सुनवाई कर रही थी।

- आप के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती की पत्नी ने की थी शिकायत

## मेक इन इंडिया पहल : इजराइल की रक्षा कंपनी ने भारत को लाइट मशीनगन की पहली खेप की आपूर्ति की

**यरुशलम, एजेंसी।** लाइट मशीनगन (एलएमजी) का निर्माण करने वाली इजराइल की एक प्रमुख कंपनी ने मेक इन इंडिया पहल के तहत भारत को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ हल्के मशीनगन की पहली खेप की आपूर्ति की है। इजराइल वेपन्स इंडस्ट्रीज (आईडब्ल्यूआई) ने एक बयान में कहा कि 41,000 इकाइयों (लाइट मशीनगन) के एक बड़े अनुबंध के तहत पिछले सप्ताहांत 2,000 नेगेव (7.62x51) एलएमजी की पहली खेप की आपूर्ति की गई तथा इस वर्ष के अंत में 4,000 और हल्के मशीनगन की आपूर्ति निर्धारित है।

**भारत और इजराइल के बीच किया गया है 41 हजार एलएमजी के लिए बड़ा अनुबंध**

यह आपूर्ति आईडब्ल्यूआई और अदाणी ग्रुप के संयुक्त उद्यम पीएलआर सिस्टम्स द्वारा की गई जो भारत में छोटे हथियार और गोला-बारूद का निर्माण करने वाली पहली निजी कंपनी है। कंपनी ने कहा कि यह उपलब्धि भारत की मेक इन इंडिया पहल के तहत प्रौद्योगिकी हस्तांतरण प्रक्रिया के सफल समापन के बाद हासिल हुई है। यह अनुबंध में तय की गयी समय-सारणी और उच्चतम गुणवत्ता मानकों के अनुसार उन्नत प्रणालियों की आपूर्ति करने की आईडब्ल्यूआई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह भारत के रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को सहयोग भी पहुंचाती है।

## ईडी की याचिका पर दी केजरीवाल को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से ईडी की उस याचिका पर उनका पक्ष जानना चाहा, जिसमें आबकारी नीति मामले में समन जारी होने के बावजूद जांच एजेंसी के समक्ष पेश न होने के कारण उनके खिलाफ दर्ज दो अलग-अलग मामलों में उन्हें बरी किए जाने को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने निचली अदालत के 22 जनवरी के आदेशों के खिलाफ ईडी द्वारा दायर दो याचिकाओं पर आम आदमी पार्टी (आप) के नेता को नोटिस जारी किया

## कोर्ट ने एमसीडी के गिरफ्तार उपायुक्त, एओ को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के एक मामले में दिल्ली नगर निगम के एक उपायुक्त और एक प्रशासनिक अधिकारी को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष सीबीआई न्यायाधीश सुधांशु कौशिक ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की उन याचिकाओं को स्वीकार कर लिया, जिनमें शाहदरा उत्तर के उपायुक्त लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक कुमार मिश्रा और दूसरे अधिकारी देवांशू कुमार गौतम की न्यायिक हिरासत का अनुरोध किया गया था। इन दोनों को मंगलवार को चार लाख रुपये के रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया गया था। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। इससे पहले मंगलवार को आरोपियों को एक दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया था।

## चंडीगढ़ में भाजपा कार्यालय के बाहर धमाका एनआईए की टीम जांच के लिए पहुंची

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के कार्यालय के बाहर बुधवार शाम हुए विस्फोट से अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने बताया कि धमाका किसी देसी उपकरण के फेंके जाने से हुआ प्रतीत होता है। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक टीम विस्फोट की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने बताया कि विस्फोट शाम करीब पांच बजे हुआ। विस्फोट में सेक्टर 37 में इमारत के बाहर खड़ा एक स्कूटर क्षतिग्रस्त हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कंवरदीप कौर ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि एक छोटा, देसी किस्म का कुछ उपकरण फेंका गया।

**विशेषज्ञ बोले** — तकनीकी प्रगति को जन कल्याण की व्यापक दृष्टि से तालमेल बिठाना होगा

# एआई शक्ति बनने के लिए अपनी स्वदेशी क्षमता बढ़ाए भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विशेषज्ञों ने बुधवार को दिल्ली में एक चर्चा के दौरान कहा कि वैश्विक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) शक्ति के रूप में उभरने के लिए भारत को स्वदेशी क्षमता और नैतिक शासन को आधार बनाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रौद्योगिकी व्यापक जनहित में काम करे।

एक बयान के अनुसार, दिल्ली स्थित थिंक टैंक भारत की सोच द्वारा आयोजित पुस्तक चर्चा श्रृंखला के तहत इस सत्र का आयोजन हुआ जिसमें इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया कि प्राचीन भारतीय ज्ञान, विशेष रूप से अर्थशास्त्र कैसे एआई के माध्यम से उत्पन्न आधुनिक भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने के लिए एक मजबूत ढांचा प्रदान करता है।

विशेषज्ञों ने कहा कि डिजिटल युग में भारत के नेतृत्व को केवल गति से नहीं मापा जा सकता है और इस बात पर जोर दिया कि तकनीकी प्रगति को जन कल्याण की व्यापक दृष्टि के साथ तालमेल बिठाना होगा। भारत की सोच के निदेशक आर. के. पचनंदा ने कहा कि भारत से वैश्विक स्तर पर शीर्ष एआई शक्तियों में से एक बनने का आह्वान किया जाता है, लेकिन यह नेतृत्व एक ऐसे दृष्टिकोण पर आधारित होना चाहिए जहां प्रौद्योगिकी केवल दक्षता के लिए नहीं बल्कि व्यापक जनहित के लिए काम करे। थिंक टैंक में विजिटिंग फेलो और आगामी पुस्तक 'अर्थशास्त्र इन द एआई एज' के लेखक वी श्रीवत्सन ने कहा कि हर सदी को एक निर्णायक तकनीक द्वारा फिर से लिखा जाता है। कांस्य ने साम्राज्यों का निर्माण किया, बारूद ने राज्यों को नया रूप दिया, भाप ने औद्योगिक शक्ति को गति दी और आज, कृत्रिम बुद्धिमत्ता वैश्विक व्यवस्था को पुनर्गठित कर रही है। इस चर्चा में उभरती वैश्विक गतिशीलताओं का भी विश्लेषण किया गया जिसमें 'पैक्स सिलिका' की अवधारणा शामिल है जिसके अनुसार प्रौद्योगिकी तक पहुंच ही राष्ट्रीय शक्ति की सीमाएं निर्धारित करती है।

### पैक्स सिलिका-आर्थिक सुरक्षा का नया खाका

पैक्स सिलिका 21वीं सदी की आर्थिक सुरक्षा का एक नया खाका है, जो तेल और इस्पात के बजाय कंप्यूटर चिप्स और खनिजों पर केंद्रित है। इसकी शुरुआत दिसंबर 2025 में हुई थी। इसमें अमेरिका के साथ जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, नीदरलैंड, यूके, इज़रायल, ऑस्ट्रेलिया और यूएई जैसे देश शामिल हैं। भारत भी फरवरी 2026 में शामिल हो गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज धन आगमन के योग हैं। पुराना बकाया मिल सकता है। नया निवेश सोच-समझकर करें। जीवनसाथी के साथ सुखद समय बीतेगा।

**वृष** — आज आर्थिक स्थिति सुदृढ़ रहेगी। विलासिता पर खर्च हो सकता है उस पर नियंत्रण रखें। सोने-चांदी में निवेश शुभ है।

**मिथुन** — आज किसी पुराने देनदार से धन वापसी संभव है। कोई नया सौदा न करें। दस्तावेजों में भूल हो सकती है।

**कर्क** — आज मां या मातृपक्ष की ओर से आर्थिक सहायता मिल सकती है। संपत्ति संबंधी मामले आगे बढ़ेंगे। पाचन तंत्र पर ध्यान दें।

**सिंह** — आज खर्च नियंत्रित रखें। किसी मित्र को उधार देने से बचें। शेयर बाजार में सावधानी बरतें। संबंधों में अहंकार न आने दें।

**कन्या** — आज का दिन बचत पर ध्यान देने का है। अचानक धन की आवश्यकता पड़ सकती है। पुराने प्रेम संबंधों से बच कर रहें।

**तुला** — आज भौतिक सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा, किंतु आय भी उतनी ही रहेगी। धन का प्रवाह बना रहेगा। जीवनसाथी को कुछ विशेष उपहार दें।

**वृश्चिक** — आज बीमा और साझेदारी के धन में लाभ संभव है। अचानक खर्च से बचने के लिए कुछ धन सुरक्षित रखें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

**धनु** — आज धन में वृद्धि के योग है। कोई पुरानी समस्या का हल निकल सकता है। लंबी अवधि का निवेश शुभ रहेगा।

**मकर** — आज का दिन दीर्घकालिक निवेश के लिए अनुकूल है। जमीन-जायदाद संबंधी मामले सुलझेंगे। व्यापार संबंधी मामले में धैर्य रखें।

**कुंभ** — आज अनपेक्षित स्रोत से धन आ सकता है। व्यवस्थित बजट बनाकर चलें। रोमांटिक संबंधों में स्थिरता आएगी।

**मीन** — आज आपके द्वारा लिए गए निर्णयों की सर्वत्र प्रशंसा होगी। विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। लोग आपको अत्यधिक सम्मान देंगे।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 2 अप्रैल, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा 07 .41 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-हस्त 17 .38 तक तत्पश्चात चित्रा।

### सुडोकू - 106 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 9 | 3 | 1 | 7 | 5 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 7 | 5 | 8 | 4 | 2 | 1 | 9 | 6 |
| 9 | 3 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 5 | 6 | 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 8 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 7 |

### सुडोकू -107

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 1 | | 8 | | | | |
| 3 | | | 2 | | 7 | | | 5 |
| | 5 | | | | | 4 | | 6 |
| | | 7 | | 2 | | 9 | | |
| | 9 | | 3 | | 1 | | 2 | |
| | | 5 | | 6 | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 3 | |
| | | | 4 | | 2 | | | 9 |
| | | | | 3 | | 7 | 1 | |



एक टीम के तौर पर आप हमेशा चाहते हैं कि कड़ी चुनौती पेश करें। मुझे खुशी है कि हम मैच को आखिरी ओवर तक ले गए। यह बल्लेबाजी के लिए आसान विकेट नहीं था। पिछले तीन-चार दिन से यहां बारिश हो रही है।

**-पार्थिव पटेल, गुजरात टाइटन्स के सहायक कोच**


# स्टेडियम

लखनऊ, गुरुवार, 2 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

## आज का मुकाबला

कोलकाता नाइट राइडर्स

बनाम

सनराइजर्स हैदराबाद

**समय** - शाम 7:30 बजे

# दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 141 रनों पर समेटा

## आईपीएल-2026 : अब्दुल समद ने जुझारू बल्लेबाजी कर टीम को संभाला

**लखनऊ, एजेंसी**

तेज गेंदबाजों लुंगी एनगिडी और टी नटराजन और कुलदीप यादव की धारदार गेंदबाजी से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स को 141 रन पर समेट दिया। एनगिडी (27 रन पर तीन विकेट) और नटराजन (29 रन पर तीन विकेट) की सटीक गेंदबाजी के सामने सुपर जाइंट्स की टीम 18.4 ओवर में सिमट गई। कुलदीप यादव (31 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट हासिल किए।

सुपर जाएंट्स की ओर से अब्दुल समद (36) और सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (35) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। इन दोनों के अलावा टीम का अन्य कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद सुपर जाएंट्स की शुरुआत धीमी रही। सुपर जाएंट्स ने तीसरे ओवर की अंतिम गेंद पर कप्तान ऋषभ पंत (07) का विकेट गंवा दिया जो रन आउट हुए। मार्श ने मुकेश कुमार की गेंद पर सीधा शॉट खेला और गेंदबाज के हाथ से छूने के बाद गेंदबाजी छोर पर गेंद विकेटों से टकरा गई जबकि पंत क्रीज से बाहर खड़े थे। मार्श ने मुकेश पर पारी का पहला छक्का जड़ा। एडेन मारक्रम (11) ने भी अक्षर की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया लेकिन अगली गेंद को चूककर बोल्ड हो गए।

सुपर जाइंट्स ने पावर प्ले में दो विकेट पर 48 रन बनाए। आयुष बडोनी भी खाता खोले बिना नटराजन की गेंद पर विकेटकीपर लोकेश राहुल को कैच दे बेठे। मार्श ने एनगिडी पर एक और छक्का जड़ा लेकिन इस तेज गेंदबाज ने निकोलस पूरन (08) को बोल्ड करके सुपर जाइंट्स को चौथा झटका दिया।

मार्श भी इसके बाद कुलदीप की गेंद को हवा में खेलकर मिड ऑफ पर ट्रिस्टन स्टब्स को कैच दे बैठे जिससे सुपर जाएंट्स का स्कोर पांच विकेट पर 71 रन हो गया। उन्होंने 28 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके मारे। मुकुल चौधरी (14) ने कुलदीप पर लगातार दो चौके मारे जबकि समद ने नटराज पर चौके के साथ 13वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। कुलदीप ने मुकुल को अपनी ही गेंद पर लपककर समद के साथ उनकी 34 रन की साझेदारी का अंत किया। समद ने नटराजन की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ रन गति में इजाफा किया। नटराज ने इसी ओवर में मोहम्मद शमी (01) को भी कुलदीप के हाथों कैच कराया जबकि एनगिडी ने एनरिच नोर्किया (00) और मोहसिन खान (00) को आउट करके सुपर जाइंट्स की पारी का अंत किया।



संघर्षपूर्ण पारी के दौरान शॉट लगाते लखनऊ सुपर जाएंट्स के बल्लेबाज अब्दुल समद।

### लखनऊ सुपर जाएंट्स

**141/10** (18.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| मिचेल मार्श का स्टब्स बो कुलदीप | 35 |
| ऋषभ पंत रन आउट | 07 |
| एडेन मार्करम बो अक्षर | 11 |
| आयुष बडोनी का राहुल बो नटराजन | 00 |
| निकोलन पूरन बो एनगिडी | 08 |
| अब्दुल समद का मिलर बो नटराजन | 36 |
| मुकुल चौधरी का एवं बो कुलदीप | 14 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 15 |
| मो शमी का कुलदीप बो नटराजन | 01 |
| एनरिच नोर्किया का स्टब्स बो एनगिडी | 00 |
| मोहसिन खान का मुकेश बो एनगिडी | 00 |

**गेंदबाजी :** मुकेश 3-0-17-0, एनगिडी 3.4-0-27-3, अक्षर 3-0-17-1, नटराजन 4-0-29-3, कुलदीप 4-0-31-2, विपराज 1-0-8-0



कुलदीप यादव।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.509 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.509 |
| 6. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.687 |
| 7. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.907 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |
| 9. | दिल्ली कैपिटल्स | - | - | - | - | - | - |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | - | - | - | - | - | - |

## हाईलाइट

### सौरव गांगुली पर फिल्म की शूटिंग शुरू



**नई दिल्ली।** भारत के महान क्रिकेटर सौरव गांगुली के जीवन पर बन रही फिल्म 'दादा' की शूटिंग शुरू हो गई है और अभिनेता राजकुमार राव इसमें दादा के किरदार में नजर आएंगे। निर्माताओं ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर इसकी घोषणा की। 'उड़ान' और 'लुटेरा' फेम विक्रमादित्य मोटवानी इस फिल्म का निर्देशन करेंगे जबकि लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग निर्माता हैं। लव फिल्म्स ने लिखा लाइट, कैमरा, क्रिकेट। दादा फिल्म की शूटिंग शुरू। मोटवानी ने भी कोलकाता के ईडन गार्डंस पर सौरव गांगुली स्टैंड की तस्वीर के साथ यह खबर साझा की।

### पहलवान हमाम हुसैन का सपना साकार

**अंबिकापुर।** करीब एक दशक तक मिट्टी के अखाड़ों पर खेलने से लेकर परिवार की मदद के लिए दूध बेचने तक जम्मू कश्मीर के पहलवान हमाम हुसैन की कड़ी मेहनत खेलो इंडिया ट्राइबल खेलों में रंग लाई जहां राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने पहला स्वर्ण पदक जीता। जम्मू के जोरावर गांव के रहने वाले 28 वर्षीय हमाम के पिता का पांच साल पहले निधन हो गया था जिसके बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके और उनके बड़े भाई के कंधों पर आ गई। दोनों ने मिलकर दूध बेचकर घर चलाया और इसी के साथ हमाम ने अपने कुश्ती के सपने को जिंदा रखा। यह संघर्ष आखिरकार खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में रंग लाया, जहां हमाम ने पुरुषों के 79 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में हिमाचल प्रदेश के मोहित कुमार को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

### पूर्व क्रिकेटर अनिल गुरव का निधन

**मुंबई।** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच दिवंगत रमाकांत आचरेकर के शुरुआती शिष्यों में से एक और अपनी बल्लेबाजी के कारण दोस्तों के बीच 'मुंबई के विवियन रिचड्र्स' के नाम से मशहूर अनिल गुरव अपनी कुछ गलत पसंद के कारण कभी उस मुकाम तक नहीं पहुंच पाए और इसका उन्हें जीवन भर पछतावा रहा। आचरेकर के सबसे बेहतरीन शिष्यों में से एक माने जाने वाले गुरव कभी क्लब स्तरीय क्रिकेट से आगे बढ़कर मुंबई टीम में जगह नहीं बना पाए। उनका का मंगलवार को यहां नालासोपारा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। गुरव शारदाश्रम में दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विनोद कांबली से कुछ साल सीनियर थे। कहा जाता है कि कोच आचरेकर आगे चलकर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इन दोनों बल्लेबाजों को गुरव को नेट पर बल्लेबाजी करते हुए देखने के लिए ले जाया करते थे।

# केकेआर के स्पिनरों को दिखाना होगा दम

- सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबला आज

**कोलकाता, एजेंसी**

अपने पहले मैच में हार का सामना करने वाली कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के गुरुवार को यहां होने वाले मैच में अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेंगी। इन दोनों टीम की बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन निर्णायक साबित हो सकता है। केकेआर की टीम अपने स्पिनरों की फॉर्म में वापसी को लेकर उत्सुक होगा जबकि सनराइजर्स को भी अपने गेंदबाजी विभाग में काफी सुधार करना होगा।

यह मुकाबला तीन बार के चैंपियन केकेआर के लिए घरेलू मैदान पर होने वाले महत्वपूर्ण दौर की शुरुआत भी है, जिसे आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए यहां सात दिन में तीन मैच और फिर 19 अप्रैल को एक और मैच खेलना है। विधानसभा चुनाव के कारण कोलकाता में लगभग एक महीने तक कोई मैच नहीं खेला जाएगा। केकेआर को इसके बाद चार मैच दूसरी टीमों के घरेलू मैदान पर खेलने हैं। उसका अपने घरेलू मैदान पर अगला मैच 16 मई को होगा और ऐसे में उसकी टीम इस चरण में लय हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

ईडन गार्डन्स केकेआर का गढ़ रहा है, जिसने 2008 से यहां खेले गए 95 मैचों में से 54 मैच जीते हैं। कुछ प्रमुख गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हुआ है। हर्षित राणा और आकाश दीप बाहर हो चुके हैं जबकि मथीशा पथिराना को अभी श्रीलंका क्रिकेट से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलना बाकी है। इसके अलावा 25.20 करोड़ रुपये में खरीदे गए कैमरन ग्रीन फिलहाल केवल बल्लेबाज के रूप में उपलब्ध हैं। केकेआर के गेंदबाजी आक्रमण की कमजोरी मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में स्पष्ट तौर पर नजर आई जहां उसकी टीम 220 रन का बचाव नहीं कर सकी थी।

रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन ने केवल 72 गेंद पर 148 रन की साझेदारी की। इस मैच में केकेआर के मुख्य स्पिनरों सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती को संघर्ष करना पड़ा था जो उनकी टीम के लिए चिंता का विषय होगा।



अभ्यास सत्र के दौरान केकेआर के मुख्य स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण।

### टीम

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह (उप-कप्तान), फिन एलन, तेजस्वी दहिया, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट, राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रवींद्र, वरुण चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजाराबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी और उमरान मलिक।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ईशान किशन (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, अनिकेत वर्मा, आर. स्मरण, हेनरिक क्लासेन, नितीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, कामिंदु मेंडिस, हर्षल पटेल, ब्रायडन कार्से, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा, जीशान अंसारी, लियाम लिविंगस्टोन, शिवम मावी, सलिल अरोड़ा, शिवांग कुमार, ओंकार टारमाले, क्रेन्स फुलेट्रा, प्रफुल्ल हिंगे, अमित कुमार, साकिब हुसैन, जैक एडवड्र्स और पैट कमिंस।

## अभिषेक, ईशान टी-20 रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर

**दुबई।** भारत के आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन आईसीसी टी20 खिलाड़ियों की बुधवार को जारी रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं। अभिषेक 875 अंक के साथ शीर्ष पर हैं जबकि ईशान के 871 अंक हैं। तिलक वर्मा छठे और भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें स्थान पर हैं।

इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर आठवें और न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट नौवे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज कोनोर एस्टरहुइजेन ने जबर्दस्त छलांग लगाई है और पहले वह शीर्ष सौ से बाहर थे लेकिन अब 39वें स्थान पर हैं। गेंदबाजों में अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान शीर्ष पर हैं जबकि भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती दूसरे और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पांचवें स्थान पर हैं। हरफनमौलाओं की सूची में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा शीर्ष पर हैं जबकि हार्दिक पंड्या दूसरे स्थान पर हैं।

### ऑरेंज कैप



रियन रिकलटन मुंबई 81 रन

ईशान किशन हैदराबाद 80 रन

रोहित शर्मा मुंबई 78 रन

### पर्पल कैप



जैकब डफी आरसीबी 3 विकेट

टी नटराजन दिल्ली 3 विकेट

प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात 3 विकेट

## पोंटिंग ने आक्रामक खेलने को कहा था : कोनोली

**मुल्लांपुर।** गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के जरिये आईपीएल में पदार्पण करने वाले पंजाब किंग्स के बल्लेबाज कूपर कोनोली ने कहा कि मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने उन्हें आक्रामक खेलने की सलाह दी थी जबकि वह कप्तान श्रेयस अय्यर से भी सीखने को बेताब हैं। कोनोली ने 44 गेंद में नाबाद 72 रन बनाकर पंजाब को जीत दिलाई। कोनोली ने जियोस्टार से कहा मैं सुबह उठा तो नर्वस था जिससे मुझे खुशी भी हुई। मुझे अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का इंतजार था। उन्होंने कहा रिकी पोंटिंग ने मुझसे शांतचित्त होकर खेलने को कहा। उन्होंने मुझसे आक्रामक बल्लेबाजी के लिये कहा। यह शानदार टीम प्रयास था। हमने बहुत अच्छी गेंदबाजी की थी जिससे चीजें आसान हो गई। कोनोली ने कहा मैं श्रेयस अय्यर के साथ बल्लेबाजी करके सीखना चाहता था।



## श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मंगलवार को यहां खेले गए आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पंजाब किंग्स ने इस मैच में गुजरात टाइटन्स को तीन विकेट से हराकर आईपीएल 2026 में जीत से शुरुआत की। आईपीएल ने एक विज्ञप्ति में कहा आईपीएल की न्यूनतम ओवर रेट से जुड़ी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत अपराध था।

# जापान के खिलाफ भारत शुरू करेगा अभियान

- अंडर-20 महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट

**पाथुम थानी (थाईलैंड), एजेंसी**

भारतीय अंडर-20 महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम बृहस्पतिवार को एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप थाईलैंड 2026 में अपना अभियान जापान की मजबूत टीम के खिलाफ शुरू करेगी और इस टूर्नामेंट में खेलने के 20 साल के इंतजार को खत्म करेगी।

भारत के लिए यह एक मैच से कहीं अधिक है क्योंकि टीम ने दो दशक में पहली बार इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। मुख्य कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने शुरुआती मैच से पहले वास्तविकता और महत्वाकांक्षा दोनों पर जोर दिया। स्वीडन के कोच एलेक्जेंडरसन ने कहा हमें अच्छी तरह पता है कि भारतीय टीम के साथ हम अभी इस माहौल में नए हैं। हम जानते हैं कि हमारा सामना मजबूत विरोधियों से है और हम उनका सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा लेकिन साथ ही हमारी सोच यह है कि हम इस ग्रुप से आगे बढ़ें और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करें। इस टूर्नामेंट के लिए भारत की तैयारी बहुत विस्तृत और व्यवस्थित तरीके से हुई है।

कजाखस्तान में खेले गए मैत्री मुकाबलों से लेकर स्वीडन में एक महीने तक चले ट्रेनिंग शिवर तक पूरा ध्यान एक ऐसी टीम बनाने पर रहा है जो बड़े स्तर की प्रतियोगिताओं की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो। कोच ने कहा हम पिछले तीन महीने से लगातार एक साथ हैं।

## लियोनेल मेसी ने दिखाया जलवा

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम की तरफ से घरेलू मैदान पर संभवतः अपने आखिरी मैच में लियोनेल मेसी ने विश्व कप फुटबॉल से पहले खेले गए मैत्री मैच में मंगलवार को यहां जाम्बिया के खिलाफ अपनी टीम की 5-0 से शानदार जीत में एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की।

ब्यूनस आयर्स के ला बोम्बोनेरा स्टेडियम में 38 वर्षीय मेस्सी ने चौथे मिनट में जूलियन अल्वारेज़ को गोल करने में मदद की और फिर 43वें मिनट में गोल किया। दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया और उनसे अर्जेंटीना को एक और विश्व कप जिताने में मदद करने की अपील लगाई। विश्व कप 11 जून से अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। अर्जेंटीना के लिए निकोलस ओटामेंडी और वैलेन्टिन बारको ने भी गोल किए।

**विश्व कप प्लेऑफ**

**यूरोपीय प्लेऑफ में विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज बोस्निया हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हारा**

# लगातार तीसरी बार जगह बनाने से चूका इटली

**जेनिका (बोस्निया), एजेंसी**

फुटबॉल की महाशक्तियों में से एक चार बार का चैंपियन इटली मंगलवार को यूरोपीय प्लेऑफ में विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज बोस्निया हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हारने के कारण लगातार तीसरी बार विश्व कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया।

इटली की शुरुआत अच्छी रही थी। उसकी तरफ से मोइसे कीन ने शुरुआती गोल किया, लेकिन हाफ टाइम से पहले उसके सेंटर बैक एलेसांद्रो बास्तोनी को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। इटली के सामने 10 खिलाड़ियों से खेलने के कारण अपनी बढ़त को बनाए रखने की बड़ी चुनौती थी जिसमें वह नाकाम रहा जबकि बोस्निया ने इसका पूरा फायदा उठाया। उसके स्थानापन्न खिलाड़ी हारिस तबकोविच ने 79वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को 1-1 के स्कोर से अतिरिक्त समय में पहुंचा दिया।

फुटबॉल विश्व कप में इटली का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन उसकी टीम अब अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है क्योंकि पिछले दो विश्व कप के क्वालीफाइंग प्लेऑफ में उसे क्रमशः स्वीडन और उत्तरी मैसेडोनिया ने बाहर कर दिया था।

बोस्निया ने शूटआउट में 4-1 से जीत हासिल की और 2014 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। यह केवल दूसरा अवसर है जबकि उसने विश्व कप में जगह बनाई। पेनल्टी शूटआउट में इटली के पियो एस्पोसिटो और ब्रायन क्रिस्टांटे अपने शॉट चूक गए जबकि अमेरिका में जन्मे एस्मीर बज्रक्तरेविच ने बोस्निया के लिए निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदल दिया। इटली के डिफेंडर लियोनार्डो स्पिनज़ोला ने कहा हमें अब भी यकीन नहीं हो रहा कि हम टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और वह भी इस तरह से। यह सबके लिए निराशाजनक है। हमारे लिए, हमारे परिवारों के लिए और उन सभी बच्चों के लिए जिन्होंने कभी इटली को विश्व कप में खेलते नहीं देखा।



यह कहना बहुत आसान है कि टीम के लिए क्या सही है और क्या गलत। सच्चाई यह है कि इटली तीन विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा है। राष्ट्रीय टीम और क्लब दोनों के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने में हमें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

**-जेन्नारो गट्टूसो, इटली के कोच**

### विश्व कप में 16 वर्ष तक नहीं खेल पाएगा एक भी मैच



इटली के बाहर होने का मतलब है कि 1934, 1938, 1982 और 2006 का चैंपियन विश्व कप में कम से कम 16 साल तक एक भी मैच नहीं खेल पाएगा। इटली इससे पहले 2010 और 2014 में विश्व कप में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया था। यूरोपीय प्लेऑफ फाइनल में जीत हासिल करके स्वीडन, तुर्किए और चेक गणराज्य ने भी विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। स्वीडन ने पोलैंड को 3-2 से, तुर्किए ने कोसोवो को 1-0 से और चेक गणराज्य ने डेनमार्क को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया।